मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम

▸ वर्ष : 2 ▸ अंक: 165 ▸ मूल्य : 4 रू.

▸ RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



#savegajraj#saveelephant

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 06 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## आरबीआई ने लगातार चौथी बार नहीं घटाई ब्याज दरें

### निकट भविष्य में लोन की ईएमआई कम होने के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बार फिर द्वैमासिक मौद्रिक समिति बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया है। यह लागतार चौथी बार है जब आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दरों को बरकरार रखा है। फिलहाल रेपो रेट 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी पर है। रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होने का मतलब है कि निकट भविष्य में लोन की ईएमआई कम होने के आसार लगभग न के बराबर हैं।



इसका मतलब जिन लोगों का होम लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक है, फिलहाल उनकी ईएमआई में कोई बदलाव होने के आसार नहीं है। हालांकि, बैंक अपनी तरफ से मार्जिन कम करने का फैसला ले सकते हैं। दूसरी ओर अगर बैंक आपके अकाउंट पर रिस्क प्रीमियम बढ़ा देता है तो होम लोन की रकम पर ईएमआई बढ़ सकती हे। बैंक का मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट कॉस्ट ऑफ फंड्स जैसे इन्टर्नल फैक्टर और रेपो रेट जैसे एक्सटर्नल फैक्टर से भी प्रभावित होता है। आमतौर पर एमसीएलआर से लिंक किए गए होम लोन की रिसेट अवधि 6 महीने या एक साल की होती है। ऐसे में अगर बैंक आने वाले समय में एमसीएलआर रिवाइज कर इसे कम करता है तो आपकी ईएमआई भी कम हो जाएगी। सितंबर 2020 में ही आरबीआई ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिए बताया था कि उसने एमसीएलआर की रिसेट पीरियड को 1 साल से घटाकर 6 महीने कर दिया है। इसका मतलब है कि पॉलिसी में किसी भी बदलाव का असर ग्राहकों पर जल्दी ही पड़ेगा। जिन लोगों का लोन बेस रेट या बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट से लिंक है, उन्हें एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक करने पर विचार करना चाहिए। आरबीआई द्वारा पॉलिसी में किसी भी बदलाव का असर इसपर जल्दी पड़ता है। कम से कम फाइनेंशियल प्लानर्स व इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का तो यही कहना है। 10 दिसंबर 2020 से प्रभावी एसबीआई का बीपीएलआर 12.05 फीसदी और बेस रेट 7.30 फीसदी है। हालांकि, रेपो रेट लिंक्ड लोन का ब्याज दर 7 फीसदी से शुरू होता है। अगर कोई व्यक्ति निकट भविष्य में लोन लेने की तैयारी कर रहा है तो यह उनके लिए सबसे बेस्ट समय है क्योंकि ब्याज दरें बेहद कम हैं।

## केंद्र ने एलजी के अधिकार बढ़ाने वाले बिल को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अधिकारों की लड़ाई को लेकर केंद्र और केजरीवाल सरकार एक बार फिर से आमने-सामने हैं।

दरअसल, केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में उपराज्यपाल के अधिकार बढ़ाने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। इसे इसी बजट सत्र में संसद में लाया जाएगा। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कैबिनेट से बिल पास होने के बाद केंद्र पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार पिछले दरवाजे से दिल्ली में शासन चलाना चाहती है। दरअसल, कैबनेट ने एक्ट में कुछ बदलाव किया है। इसके तहत दिल्ली सरकार को अब विधायिका से जुड़े फैसलों को उपराज्यपाल के पास 15 दिन पहले और प्रशासनिक फैसलों को करीब एक हफ्ते पहले मंजूरी के लिए भेजना होगा। इसी को लेकर केजरीवाल सरकार केंद्र सरकार पर हमलावर है।

दिल्ली सरकार इसे राज्य के अधिकारों में केंद्र का दखल बता रही है।

## कांग्रेस में विचारधारा से जुड़े कई मुख्य मुद्दों पर चर्चा की जरूरत: मनीष तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से राम मंदिर निर्माण के लिए राजस्थान में चंदा एकत्र किए जाने की पृष्ठभूमि में पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के भीतर विचारधारा से जुड़े कई मुख्य मुद्दों पर चर्चा की जरूरत है। दूसरी तरफ, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन ने कहा कि संगठन की ओर से राम मंदिर के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चंदे का संग्रह नहीं किया जा रहा है और एनएसयूआई की राजस्थान इकाई ने मंदिर के नाम पर 'भाजपा और आरएसएस की लूट' को उजागर करने के लिए चंदा वसूला।

पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने राजस्थान में एनएसयूआई की ओर से चंदा वसूले जाने से जुड़ी खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, राम मंदिर के लिए एनएसयूआई की ओर से चंदा एकत्र करना इस बात फिर से रेखांकित करता है कि कांग्रेस के भीतर विचाराधा से जुड़े कई मुख्य मुद्दों पर ठोस और वैचारिक चर्चा की जरूरत है।

- नीरज कुंदन की सफाई, भाजपा की लूट उजागर करने राजस्थान में राम मंदिर चंदा वसूला

दरअसल, एनएसयूआई की राजस्थान इकाई ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए छात्रों से आर्थिक सहयोग जुटाने लिए पिछले दिनों 'एक रूपया राम के नाम' मुहिम शुरू की। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित कामर्स कॉलेज से इसकी शुरूआत की। कॉलेज में पहले दिन तीन सीलबंद बक्सों में छात्रों से मंदिर निर्माण के लिये राशि एकत्रित की। संगठन की प्रदेश इकाई का कहना था कि इस 15 दिवसीय मुहिम के तहत राज्य के सभी कॉलेजों से धन एकत्रित किया जाएगा और एकत्रित राशि को अयोध्या में राम मंदिर प्रशासन को सौंपा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस पर लाल किला हिंसा में शामिल 45 और उपद्रवियों की तस्वीर जारी



नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लाए गए केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में किसान संगठनों का बीते ढ़ाई महीने से प्रदर्शन जारी है। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने लाल किले की हिंसा में शामिल 45 और उपद्रवियों की तस्वीर जारी की है। यह तमाम उपद्रवी अलग-अलग सीसीटीवी और दिल्ली पुलिस को प्राप्त वीडियो में हिंसा करते हुए देखे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लाल किला हिंसा मामले में अब तक 44 एफआईआर दर्ज हुईं हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम सेल सीसीटीवी और प्राप्त वीडियो के माध्यम से उपद्रवियों की तलाश में जुटे हुए हैं। अब तक पुलिस ने लगभग 150 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि लाल किला हिंसा मामले का मुख्य साजिशकर्ता दीप सिद्धू फरार है। लेकिन वह सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार वीडियो पोस्ट कर किसानों को भड़काने की कोशिश करता रहता है। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को किसान संगठनों ने कृषि कानूनों के विरोध में ट्रैक्टर रैली निकाली थी। लेकिन रैली अचानक से उग्र हो गई और तय मार्ग से अलग होकर लाल किले की तरफ बढ़ गई। इस दौरान उपद्रवियों ने लाल किले में निशान साहिब का झंडा फहराया था और तोड़फोड़ की थी।

राकेश टिकैत का ऐलान

## यूपी-उत्तराखंड में नहीं करेंगे चक्का जाम

### दिल्ली आने को ट्रैक्टरों में तेल-पानी डालकर तैयार रहें लोग

**गाजियाबाद।** किसानों संगठनों द्वारा शनिवार 6 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी 'चक्का जाम' के बारे में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता के राकेश टिकैत ने शुक्रवार शाम को यह साफ कर दिया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में चक्का जाम नहीं किया जाएगा। इन दोनों राज्यों में जिला मुख्यालय पर किसान कृषि कानूनों के विरोध में केवल ज्ञापन दिए जाएंगे।

इन दोनों राज्यों में चक्का जाम टालने के बारे में टिकैत ने बताया कि इन दोनों जगहों को लोगों को स्टैंडबाय में रखा गया है और उन्हें कभी भी दिल्ली बुलाया जा सकता है, इसलिए यूपी-उत्तराखंड के लोग अपने ट्रैक्टरों में तेल-पानी डालकर तैयार रहें। उन्होंने कहा कि अन्य सभी जगहों पर तय योजना के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से काम होगा।

दिल्ली के बारे में पूछे जाने पर टिकैत ने कहा कि दिल्ली में तो पहले से चक्का जाम है, इसलिए दिल्ली को इस जाम में शामिल नहीं किया गया है। हिंसा के डर से इन जगहों पर चक्का जाम टालने के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हमारे कार्यक्रमों में कहीं हिंसा नहीं होती, कई जगहों पर हुई महापंचायतें इसका प्रमाण हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सरकार से बात करना चाहते हैं, सरकार कहां पर है, वो हमें नहीं मिल रही। राकेश टिकैत ने बताया, गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए सरकार ने जहां कीलें लगवाई थीं, इसके जवाब में अब हम वहां फूल उगाएंगे। इसके लिए आज दो डंपर मिट्टी मंगाई गई है। उन्होंने कहा कि वह सभी किसानों से अपील करेंगे कि आंदोलन में हिस्सा लेने आ रहे लोग अपने खेतों में से मिट्टी साथ लेकर आएं और वापस जाते समय यहां से मिट्टी वापस लेकर जाएं और उसे अपने खेतों में मिला दें। यह मिट्टी उन्हें किसानों के संघर्ष की कहानी याद दिलाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसान क्रांति की मिट्टी है, इसे वह गांव-गांव पहुंचाएंगे। वह युवाओं को मिट्टी से जोड़ना चाहते हैं।



किसान आंदोलन की आगे की रणनीति को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल) के अध्यक्ष बलबीर सिंह राजेवाल के बीच आज गाजीपुर बॉर्डर पर हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है।

बता दें कि, नए कृषि कानूनों को वापस लेने और एमएसपी पर कानून बनाने की मांग को लेकर करीब दो महीने से अधिक समय से दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डालकर बैठे किसानों ने 6 फरवरी को देशभर के राष्ट्रीय और राज्य मार्गों के साथ ही एनसीआर में भी 3 घंटे का चक्का जाम करने का ऐलान किया है। किसान नेताओं का कहना है कि छह फरवरी को देशभर में आंदोलन होगा। इसके साथ ही, दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक सड़कों को ब्लॉक भी करेंगे। गौरतलब है कि तीन कृषि कानूनों पर जारी गतिरोध के चलते राजधानी दिल्ली से लगी गाजीपुर, टीकरी और सिंघु बॉर्डरों पर किसानों का आंदोलन आज 72वें दिन भी जारी है। कानूनों को रद्द कराने पर अड़े किसान इस मुद्दे पर सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं। 26 जनवरी को हुई ट्रैक्टर परेड में हिंसा के बाद आंदोलन कर रहे किसानों की संख्या में पिछले दिनों कमी आई थी, लेकिन भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के भावुक होने के बाद एक बार फिर से आंदोलन को बड़ी संख्या में किसानों का समर्थन मिलने लगा।

## फसल बीमा योजना के लिए ड्रोन के इस्तेमाल को मंजूरी

**नई दिल्ली।** मौसम की वजह से खराब होने वाली फसलों के सर्वे के लिए कृषि विभाग ड्रोन का इस्तेमाल करेगा। इससे प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना के तहत वक्त से भुगतान करने में मदद मिलेगी। डायरेक्टोरेट जरनल ऑफ सिविल एविएशन ने इसके लिए विभाग के प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में गेहूं और चावल उगाने वाले 100 जिले शामिल किए गए हैं। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह देश में अब तक की पहली और सबसे बड़ी रिमोट सेंसिंग तकनीक पर आधारित पायलट स्टडी है, जो फसल की उपज के आकलन के लिए की जाएगी। इस स्टडी में ड्रोन से तस्वीरें लेने के अलावा, हाई रिजोल्यूशन सैटेलाइट डेटा, बायोफिजिकल मॉडल, स्मार्ट सैंपलिंग, क्रॉप स्नैप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।



**13 इंटरनेशनल और नेशनल एजेंसियां शामिल**

कृषि विभाग ने 2019 में खरीफ और 2019-20 में रबी की फसल के लिए ग्राम पंचायत लेवल पर फसलों की स्थिति जानने के लिए पायलट स्टडी की शुरूआत की थी। इसमें 13 इंटरनेशनल और नेशनल एजेंसियों को शामिल किया गया था। इन एजेंसियों ने खरीफ की 9 फसलों के लिए 15 राज्यों के 64 जिलों में सैटेलाइट, बायोफिजिकल मॉडल, स्मार्ट सैंपलिंग के जरिए स्टडी की थी। उन्होंने कहा कि फसलों की पैदावार के नतीजों की पुष्टि के लिए चावल और गेहूं उगाने वाले जिलों में 2019-20 में पायलट स्टडी जारी रखी गई थी।

## मोदी सरकार पर हमला बजट में सैनिकों के साथ हुआ विश्वासघात: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रक्षा बजट को लेकर सरकार पर फिर हमला करते हुए कहा है कि इसमें सिर्फ पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का काम हुआ है और देश की रक्षा में जुटे सैनिकों के साथ विश्वासघात किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि बजट पूरी तरह से सरकार के मित्र पूंजीपतियों पर केंद्रित है और इसमें सीमा पर दुश्मन से जूझ रहे सैनिकों के हित में कुछ नहीं है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'मोदी के 'मित्र' केंद्रित बजट का मतलब है- विषम परिस्थितियों में चीन से जूझ रहे जवानों को सहायता नहीं। देश की रक्षा करने वालों के साथ विश्वासघात। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त वर्ष 2021-22 के बजट को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर फिर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के साथ विश्वासघात किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया था, 'प्रधानमंत्री मोदी का पूंजीपति केंद्रित बजट का मतलब यह है कि संघर्ष कर रहे एमएसएमई को कम ब्याज पर कर्ज नहीं मिलेगा और जीएसटी में राहत भी नहीं दी जाएगी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भारत में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार देने वाले क्षेत्र एमएसएमई के साथ विश्वासघात हुआ है। राहुल गांधी ने बुधवार को आम बजट को 'एक फीसदी लोगों का बजट करार दिया था और सवाल किया था कि रक्षा खर्च में भारी-भरकम बढ़ोतरी नहीं करके देश का कौन सा भला किया गया और ऐसा करना कौन सी देशभक्ति है उन्होंने कहा था हमारे जवानों की प्रतिबद्धता 100 फीसदी है और ऐसे में सरकार की प्रतिबद्धता भी 110 फीसदी होनी चाहिए। जो भी हमारे जवानों को चाहिए, वो उन्हें मिलना चाहिए। ये कौन सी देशभक्ति है कि सेना को पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सोमवार को संसद में पेश किए गए आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 4.78 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जिसमें पेंशन के भुगतान का परिव्यय भी शामिल है। पिछले साल यह राशि 4.71 लाख करोड़ रुपये थी।



### कांग्रेस ने संसद में की मांग गणतंत्र दिवस पर हिंसा की जांच सुप्रीम कोर्ट से हो

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर हुई हिंसा की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट दोनों इनकार कर चुके हैं, मगर कांग्रेस चाहती है कि इसकी जांच उच्चतम न्यायालय से ही हो। कांग्रेस ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुई हिंसा की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जानी चाहिए। कांग्रेस के प्रताप सिंह बाजवा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर लाल किले पर जो कुछ भी हुआ, वह दुभार्ग्यपूर्ण है। इसका किसी भी सूरत में समर्थन नहीं किया जा सकता।

## बंगाल में भाजपा की रथ यात्रा को लेकर असमंजस की स्थिति, हां और न में फंसी यात्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की 'रथ यात्रा' को लेकर असंमजस की स्थिति बनी हुई है। बंगाल पुलिस का कहना है कि भाजपा शनिवार को किसी भी तरह की रथ यात्रा की परमिशन नहीं दी गई है तो दूसरी तरफ भाजपा का कहना है कि वो आज यात्रा निकाल कर रहेंगे। वहीं तृणमूल की तरफ से इस पर कहा गया कि भाजपा की रथ यात्रा के लिए बंगाल सरकार ने इंकार नहीं किया था, यह भाजपा की चाल थी झूठ फैलाने की। टीएमसी ने कहा कि भाजपा सबूत दिखाए कि सरकार ने यात्रा करने पर रोका है।

- शनिवार को रथ यात्रा की परमिशन नहीं दी, भाजपा ने कहा- यात्रा निकाल कर रहेंगे: पुलिस

इससे पहले गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार ने भाजपा से कहा कि वह 'रथ यात्रा' की अनुमति के लिए स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें। भाजपा ने चुनाव में अपने पक्ष में समर्थन तैयार करने के लिए फरवरी और मार्च में 'रथ यात्रा' निकालने का निर्णय लिया है। यह यात्रा पांच खंडों में होगी और राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेंगी। भाजपा ने 1 फरवरी को राज्य के मुख्य सचिव अलापन बंदोपाध्याय को पत्र लिखकर 'रथ यात्रा' की जानकारी दी थी और कहा था कि इसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देना है ताकि प्रशासन इसके शांतिपूर्ण तरीके से संचालन में सहयोग के लिए अपनी तैयारियां कर सके।




## रक्षा निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता के महत्व :राजनाथ सिंह

**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पहुंच गए हैं। यहां पर वह एयरो इंडिया 2021 के तहत आयोजित किए गए स्टार्ट एप मैराथन में हिस्सा लेने पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरी तरह से सचेत है कि रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में स्टार्टअप्स को लाने की अति आवश्कता है। उन्होंने कहा कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए निजी उद्योग के साथ साझेदारी करते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राजनाथ सिंह ने बताया कि दुनिया भर की प्रमुख कंपनियों की साझेदारी को आमंत्रित करने के लिए भारत की रक्षा औद्योगिक पहल का हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में पहल की गई हैं। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अगस्त 2020 में को 49 फीसद से 74 फीसद तक बढ़ाया गया था। राजनाथ ने रक्षा निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा भारत की सामरिक स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भरता अति आवश्यक है। उन्होंने हा कि पहल हमारे देश में निर्मित सबसे प्रभावी और अच्छी तरह से क्रियान्वित रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी प्रणालियों में से एक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रक्षा इंडिया स्टार्टअप चैलेंज में कम से कम इस बार 1200 स्टार्टअप और इनोवेटर्स ने भाग लिया है। इनमें से कम से 60 स्टार्टअप चुनौतियों के के तहत 30 तकनीकी क्षेत्रों में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फंड स्कीम के जरिए 384 स्टार्टअप्स ने 4500 करोड़ रुपये के निवेश किया है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही स्टार्टअप द्वारा संचालित होने जा रही है। बता दें कि 3 फरवरी से बेंगलुरु में आयोजित हुए एयरो इंडिया शो का आज आखिरी दिन है। तीन दिनों तक इस शो को आयोजित करने की इस बार इजाजत दी गई थी। दरअसल, कोरोना के चलते इस बार शो के समय को कम किया गया है।



## किसानों से दो महीने तक यही पूछता रहा कि कानून में काला क्या है: नरेंद्र सिंह तोमर

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बीच संसद का बजट सत्र भी जारी है। कोरोना प्रोटोकॉल के कारण राज्यसभा की कार्यवाही सुबह नौ बजे से शुरू हो चुकी है। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही चलेगी। किसान आंदोलन को लेकर लगातार सदन में हंगामा हो रहा है। हालांकि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदन में इस विषय पर चर्चा भी हुई। लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। इसके कारण से कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। आज राज्यसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गांव, गरीब और किसान की बात की। कृषि मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य पंजाब में गलतफहमी फैलाई गई। किसानों को गलतफहमी का शिकार बनाया गया। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों में कुछ भी किसानों के खिलाफ नहीं है। कांट्रैक्ट फार्मिंग में ऐसा कुछ नहीं है कि किसानों ले उनकी जमीन छीन ली जाएगा। चर्चा के बीच में मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खून से खेती कांग्रेस कर सकती है, बीजेपी पानी से करती है। राज्यसभा में कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन पर चर्चा करते हुए कहा, 'मैं किसान संगठनों से दो महीनों तक यही पूछता रहा कि कानून में काला क्या है यह आप बताएं। मैं ठीक करने की कोशिश करूंगा। लेकिन यह सामने नहीं आया।' उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानू किसानों के खिलाफ है यह किसी ने बताया। हमने ट्रेड एक्ट बनाया। इसमें प्रावधान किया कि एपीएमसी के बाहर जो होगा, वह ट्रेड होगा। इसपर न तो राज्य का टैक्स लगेगा और न ही केंद्र का। उन्होंने राज्यसभा से किसानों से पूछा कि हमने टैक्स को फ्री किया और राज्य सरकार टैक्स ले रही है। ऐसे में आंदोलन किसके खिलाफ होनी चाहिए। कई बार विपक्ष की तरफ से ये बात सामने आती है कि आप कहते हैं कि सब मोदी जी की सरकार ने किया है पिछली सरकारों ने तो कुछ भी नहीं किया। मैं इस मामले में ये कहना चाहता हूं कि इस प्रकार का आरोप लगाना उचित नहीं है। मोदी जी ने सेंट्रल हॉल में अपने पहले भाषण में और 15 अगस्त में भी उन्होंने कहा था कि मेरे पूर्व जितनी भी सरकारे थी उन सबका योगदान देश के विकास में अपने-अपने समय पर रहा है।



# कब्ज व बवासीर से मुक्ति पर गोष्ठी संम्पन्न

» मदरलैंड संवाददाता

गाज़ियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में ह्लकब्ज व बवासीर से मुक्तिह्वविषय पर ऑनलाइन जूम पर गोष्टी आयोजित की गई।साथ ही मूर्धन्य वैदिक विद्वान स्वामी सत्यपति जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह परिषद का कोरोना काल में 170 वां वेबिनार था।

आयुवेर्दाचार्य डॉ सुषमा आर्या ने कहा कि अनियमित खान पान, समय पर भोजन न करना, अत्यधिक तनाव,तला भुना भोजन व अनिद्रा कब्ज के कारण यह रोग बनते है,बाद में यही आंतो में सूजन से बवासीर बनती है। बवासीर भी दो तरह का होता है मस्से बाहर आना व खूनी बवासीर।इनका सरलता से उपचार किया जा सकता है अलसी की दो बूंद तेल दही में खाने से,चावल की माड़ में नींबू डाल कर पीने से,गाजर चुकन्दर का रस पीने से,पता गोभी का जूस पीने से,एपल का सिरका पीने से बवासीर व कब्ज का घरेलू उपचार किया जा सकता है। साथ ही पानी का भी अधिक मात्रा में सेवन लाभदायक है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने वैदिक विद्वान स्वामी सत्यपति जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए आर्य जगत की अपूर्णीय क्षति बताया,उन्होंने कहा कि स्वामी ने लगभग 50 वैदिक विद्वान तैयार करके गए हैं जो वेद प्रचार का कार्य जारी रखेंगे।उन्होंने कहा कि 1970 में दयानंद मठ रोहतक में पांच लोगों ने संन्यास की दीक्षा ली थी स्वामी इंद्रवेश,स्वामी अग्निवेश,स्वामी शक्तिवेश,स्वामी आदित्य वेश व स्वामी सत्यपति जी इस श्रंखला का आखिरी पुष्प भी आज गिर गया।प्रमुख रूप से आचार्य महेंद्र भाई, धर्मपाल आर्य, देवेन्द्र भगत,सौरभ गुप्ता,आनन्द प्रकाश आर्य,आशा आर्य,उर्मिला आर्य,प्रेम सचदेवा आदि उपस्थित थे।




# मैथिली में सामान्य से विज्ञान तक की होंगी बातें: अखिलेश झा

» संध्या कुमारी

नई दिल्ली। मैथिली भाषियों के लिए अब सहज और सरल भाषा में पुस्तकें प्रकाशित होंगी। उनके लिए पत्रिका, ब्लाग लेखन, टीवी-रेडियो कार्यक्रम का निर्माण होगा। इसके लिए विज्ञान प्रसार ने जो बीडा उठाया है, वह स्वागतयोग्य है। देश ही नहीं, बल्कि विदेश में रहने वाले मैथिलभाषियों के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। जब केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत स्वायतशासी संस्था विज्ञान प्रसार ने ऐसा निर्णय लिया है। इसके लिए विज्ञान प्रसार के निदेशक डा नकुल पराशर बधाई के पात्र हैं। अखिलेश झा ने प्रस्ताव दिया कि विज्ञान प्रसार की ओर से जो पत्रिका प्रकाशित होंगी, उसका नाम 'विज्ञान रत्नाकर' रखा जा सकता है।

यह कहना है केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुख्य लेखा नियंत्रक अखिलेश झा। पृथ्वी भवन में विज्ञान प्रसार के मैथिली कोर कमिटी की पहली बैठक की अखिलेश झा अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिथिला मेधा और विज्ञान की धरती रही है। यहां का दर्शन विज्ञान आधारित रहा है। इसलिए आज हमारी और तमाम मैथिलभाषियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने आने वाली पीढी को अपनी भाषा में बेहतर सामग्री उपलब्ध कराएं। इस बैठक को संबोधित करते हुए विज्ञान प्रसार के निदेशक डा नकुल पराशर ने कहा कि हमने कई भाषाओं में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए काम किया है। हमें बेहद खुशी है कि अब हम मैथिली में यह प्रयास कर रहे हैं। सभी का बेहतर साथ और समन्वय मिला तो विज्ञान की दुनिया की बातें लोग मैथिली में देखेंगे, पढेंगे और सुनेंगे। बैठक के दौरान विज्ञान प्रसार के कपिल त्रिपाठी, मानवर्धन कंठ और आकाशवाणी के दिलीप झा ने कहा कि हम सब लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने को लेकर समर्पित है। अब तक विज्ञान प्रसार ने अंग्रेजी, हिंदी एवं उर्दू के अलावा बांग्ला, तमिल एवं मराठी भाषाओं में साइंस कम्युनिकेशन, पोपुलराइजेशन एवं आउटरीच के कार्यों को आगे बढ़ाया है। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए मैथिली में भी विज्ञान प्रसार का निर्णय लिया गया है। पहली कोर समिति की बैठक में प्रकाश झा, रोशन कुमार झा, सुभाष चन्द्र, संजीव सिन्हा, अशोक प्रियदर्शी, कणु प्रिया और पीएन सिंह उपस्थित थे। सभी ने इस संदर्भ में अपनी बातों को रखा।

# पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए की सम्पर्क सभाओं की रचनात्मक पहल

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। एसएन श्रीवास्तव, पुलिस आयुक्त दिल्ली ने संजय सिंह विशेष पुलिस आयुक्त पश्चिम रेंज और एस.एस. यादव संयुक्त पुलिस उत्तरी रेंज के साथ दिल्ली उत्तरी रेंज के पुलिस कर्मियों से मिलने के लिए उत्तर पश्चिम जिला शालीमार बाग गए। लगभग 450 पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि जहा राजधानी में दिल्ली वासियों की पुलिस से अपेक्षाएं अधिक है वही चुनौतियां भी कठिन हैं। पिछले एक साल के दौरान दिल्ली पुलिस ने दंगे, कोविड 19 और किसान आंदोलन के दौरान बेहद धैर्य एवं समझबूझ का परिचय देकर मिसाल कायम किया जिसे समाज के सभी वर्गों ने सराहा है। उन्होंने कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आने वाले दिनों में कठिन कर्तव्यों के पालन के लिए तैयार रहे। पुलिस आयुक्त ने कानून और व्यवस्था के अलावा सड़क अपराध को नियंत्रित करने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। साइबर अपराध पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए आयुक्त पुलिस ने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों को निभाने के दौरान दिखाई गई प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया।

# नगर कोतवाली थाना पुलिस ने 5 सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार




» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद द्वारा अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नगर कोतवाली थाना पुलिस द्वारा डासना गेट शनि मंदिर के पास से शुक्रवार को सट्टा लगा रहे पांच अभियुक्त गणों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 51 पर्ची वह 16800 भी बरामद किए गए। पकड़े गये अभियुक्त शकील, समीम, धर्मवीर, आशीष त्यागी व पिल ने बताया कि वह आने जाने वाले लोगों से पैसा लेकर पर्चियों के द्वारा सट्टा लिखा करते थे।

# बद्री भगत मंदिर के श्रद्धालु मंदिर निर्माण के लिए कर रहे सहयोग

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। दिल्ली में मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु भी अयोध्या में बनने वाले भगवान राम के भव्य मंदिर के लिए समर्पण राशि अर्पित कर रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरक पहल दिल्ली के प्रसिद्ध बद्री भगत मंदिर के सेवादारों द्वारा की गई है। यहां मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर निर्माण के लिए समर्पित की गई 10 लाख रुपये की समर्पण निधि अभियान में जुटे कार्यकताओं को सौंप दी है। आज मंदिर के सचिव कुलभूषण आहुजा ने समर्पित निधि समर्पण अभियान के प्रान्त सह प्रमुख नंदकिशोर शर्मा और कार्यालय प्रमुख सुनील रस्तोगी को भेंट की। उल्लेखनीय है कि मंदिर में हर मंगलवार और रविवार को सेवादारों के द्वारा मंदिर में समर्पण का स्टॉल लगाया जाता है। जहां मंदिर में आने वाले भक्त अपनी स्वेच्छानुसार मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन औसतन तीन लाख रु और लगभग तीन हजार परिवार मंदिर के माध्यम से निधि समर्पित कर रहे हैं। कुलभूषण आहुजा जी ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में जिस प्रकार लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है, उससे समरसता की भावना मजबूत हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कैंसर दिवस पर विश्व प्रसिद्ध डॉ.एमपी सिंह ने किया जागरूक



फरीदाबाद, हृदयेश कुमार। हर साल विश्व भर में 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस साल विश्व कैंसर दिवस की थीम है 'मैं हूं और मैं रहूंगा'।ये थीम साल 2019 से 2021 तक यानि तीन साल के लिए रखी गयी है जो इस साल भी कायम है। इसका तात्पर्य है कि कैंसर पीड़ित व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति से इस बीमारी से जीत सकता है। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई है। यह घोषणा चार फरवरी 2000 को पेरिस में कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में पेरिस चार्टर द्वारा की गई थी। कैंसर अब लोगों के लिए नया नहीं है। लगभग हर किसी ने इसका नाम सुना है और इस बीमारी से किसी न किसी करीबी को खोया है सही समय पर पहचान करना ही कैंसर का इलाज है, इसका अभी तक कोई टीका या निश्चित इलाज इजाद नहीं हो पाया है विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर एक मिनट में विश्व में 17 लोगों की मौत सिर्फ कैंसर के कारण होती है साल 2018 में भारत में करीब 11.5 लाख कैंसर के केस आये थे और इनमें से करीब 7.8 लाख मौतें हुईं।

### मंगोलपुरी में भूमिगत जल के अवैध दोहन पर रिपोर्ट पेश करें

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक याचिका पर रिपोर्ट पेश करें, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मंगोलपुरी इलाके में कानून का उल्लंघन कर व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एक क्लब द्वारा अवैध रूप से भूमिगत जल का दोहन किया जा रहा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उसके आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई और उत्तर-पश्चिम जिले के एसडीएम (कंझावाला इलाका) से कहा कि सुनवाई की अगली तारीख पर वह वास्तविक रिपोर्ट पेश करें। इससे पहले एनजीटी ने इलाके में अवैध बोरवेल संचालित होने की पुष्टि के बाद दिल्ली जल बोर्ड और उत्तर-पश्चिम जिले के उपायुक्त से रिपोर्ट मांगी थी। अधिकरण ने कहा कि उपायुक्त से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है और डीजेबी ने सूचित किया है कि कोविड-19 महामारी के कारण एसडीएम निरीक्षण नहीं कर सके। मामले में अगली सुनवाई सात अप्रैल 2021 को होगी।

### गोधरा में जो खेती हुई वो खून की खेती थी या पानी की

नई दिल्ली। तीनों कृषि कानून को लेकर किसानों के आंदोलन में कांग्रेस पार्टी के समर्थन को लेकर कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, कांग्रेस खून से खेती कर सकती है जिस पर अब राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, भाजपा हमेशा दंगा कराना चाहती है। गोधरा में जो खेती हुई वो खून की खेती थी या पानी की। संघ और भाजपा हमेशा दंगा कराना चाहती है। यह दंगा होगा तभी उन्हें चुनाव में फायदा होगा। यही वजह है कि मोदी और असदुद्दीन के बीच गहरी दोस्ती है। नरेंद्र सिंह तोमर को ह्यनेक व्यक्तिह्न बताते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, तोमर का कहना है कि उनकी खेती है, लेकिन उन्होंने तोमर के चुनावी दस्तावेज देखे हैं, जिनमें खेती की जमीन वगैरह का कोई जिक्र नहीं है, ऐसे में उन्हें खेती की समझ क्या होगी। दिग्विजय सिंह ने यह बयान कृषि मंत्री के उस उस बयान पर प्रतिक्रिया के तौर पर दिया जिसमें राज्यसभा में नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था, खेती पानी से होती है, लेकिन खून से खेती सिर्फ कांग्रेस कर सकती है भाजपा नहीं है।

### मेहुल चोकसी है देश का सबसे बड़ा डिफॉल्टर

नई दिल्ली। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी विलफुल डिफॉल्टर्स (जानबूझकर पैसा नहीं लौटाने) की सूची में टॉप पर है। उनकी कंपनी की कंपनी गीतांजलि जेम्स पर बैंकों का 5071 करोड़ रुपये का लोन एनपीए (फंसा कर्ज) बन चुका है। इसमें से 622 करोड़ रुपये का लोन बैंक बट्टे-खाते में डाल चुके हैं। चोकसी भारत से भाग गया था और जांच एजेंसियों के मुताबिक पर कैरेबियाई देश एंटीगा में रह रहा है। बैंकों ने टॉप 100 जानबूझकर लोन न लौटाने वाले कारोबारियों का 62 हजार करोड़ रुपये का लोन बट्टे-खाते में डाल दिया है। आरबीआई ने आरटीआई कार्यकर्ता विश्वनाथ गोस्वामी को दी जानकारी में यह खुलासा किया है।

# एक साल पहले निष्काषित किये गए तथाकथित भाजपा नेता की खुली पोल

## भाजपा ने सन्नी कुमार मित्रा के मंडल अध्यक्ष पद से झाड़ा पल्ला

» मौसम खान



लोनी। आज कल लोनी की राजनीति जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां एक बार फिर घमासान उस समय मच गया जब कुछ शरारती तत्वों के द्वारा पूर्व चेयरमैन मनोज धामा के आपत्तिजनक हॉर्डिंग्स रातों - रात लोनी के कई प्रमुख स्थानों पर लगाये गये। प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मनोज धामा की धर्मपत्नी व नगर पालिका परिषद लोनी की चेयरमैन रंजीता धामा ने सुशील फौजी, अकरम सैफी, विशाल, सन्नी कुमार मित्रा, अज्ञात प्रिंटिंग प्रेस मालिक डिजाइनर तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया गया है कि सीसीटीवी फुटेज में सन्नी कुमार मित्रा व उसकी वैगनआर कार स्पष्ट दिखाई दे रही है। वीरवार को खबर वायरल होते ही सोशल मीडिया पर लोनी विधायक से लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने घटना की निंदा की। लेकिन जब सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई तो सभी लोनी के भाजपा नेताओं ने चुप्पी साध ली। दिलचस्प बात यह है कि प्रकरण में नामजद आरोपी सन्नी मित्रा जो सीसीटीवी कैमरो में कैद हॉर्डिंग्स में खुद को किसान मौर्चा से मंडल अध्यक्ष बताता था। उससे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने पल्ला झाड़ लिया है। जिनका कहना है कि सन्नी मित्रा किसान मोर्चा से मंडल अध्यक्ष नही है। अगर वह बताता है तो गलत है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने घटना की निंदा करते हुए सन्नी कुमार मित्रा के भाजपा कार्यकर्ता होने से ही इंकार कर दिया है। अब सवाल उठना लाजिमी है कि अगर सन्नी कुमार मित्रा भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष या कार्यकर्ता नही है तो अभी तक कैसे लेटरपैड के साथ अपनी कार पर स्टिकर लगाकर घूम रहा है।जबकि सन्नी कुमार मित्रा लगातार मंडल अध्यक्ष के नाम से सोशल मीडिया पर एक्टिव रहता है। उस समय किसी भाजपा नेता ने सवाल क्यो नही उठाया। खैर, क्षेत्रवासियों में चर्चा का विषय बन गया है कि भाजपा अपने पदाधिकारियों से कैसे पल्ला झाड़ लेती है तथा अगर वाकई में इस पर कोई पद नही है या था तो क्या भाजपा नेता धोखाधड़ी कर पार्टी की छवि धूमिल करने, फर्जी लेटर पैड प्रयोग करने आदि के सम्बन्ध में सन्नी कुमार मित्रा के खिलाफ मुकदमा लिखवाएंगे या नही, ये तो समय ही बताएगा।

# कृषि कानून सिर्फ देश का मामला नहीं रहा है, पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो रही हः शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और बॉलीवुड अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि कृषि कानून सिर्फ देश का मामला नहीं रहा है, पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा ह्यपीएम मोदी ने खुद अमेरिका जाकर अबकी बार ट्रंप सरकार कार्यक्रम किया था। कोरोना काल के बीच डोनाल्ड ट्रंप को भारत बुलाया गया था। नाजीवाद को लेकर पूरी दुनिया ने अपनी राय रखी तो इसमें गलत क्या है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि अगर पीएम कहते हैं कि पूरी दुनिया एक ग्लोबल कम्युनिटी बन चुकी हैं, तो इसमें गलत क्या है। अगर कोई सिर्फ ट्वीट कर समर्थन करता है तो इसमें विवाद क्यों है।रिहाना ने तो यही कहा है कि इस मुद्दे की चर्चा क्यों नहीं हो रही है। 70 दिनों से किसान कड़ाके की ठंड में आंदोलन कर रहा है तो इसमें संप्रभुता की बात कहां आती है।

बॉलीवुड कलाकारों और खिलाड़ियों के बयान पर शत्रुघ्न ने कहा, ह्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तो है, लेकिन भय, दबाव, जोर या घबराहट की वजह से लोग बयान देते हैं। अगर ये लोग पहले बोलते तो अच्छा होता। ये राग दरबारी या राग सरकारी लोग हैं। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि कल दूसरी सरकार भी आ सकती है।ह्व शत्रुघ्न ने कहा कि अगर कलाकार प्रतिक्रिया देना चाहते हैं तो राजनीतिक न करें, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर करें।

सोनाक्षी सिन्हा को किसान आंदोलन को लेकर ट्वीट करने के सवाल पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि सोनाक्षी बहुत संस्कारी और बहादुर लड़की है और सिद्धांतों पर बहुत अडिग रहती है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा अहम मुद्दों पर हुई बैठक



» नवीन दास

गाजियाबाद। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक 5 फरवरी शुक्रवार राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पंडित राकेश शर्मा की अध्यक्षता तथा उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री पश्चिम क्षेत्र प्रवीण बत्रा के संचालन में बत्रा स्टील फर्नीचर रमते राम रोड गाजियाबाद पर संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किसान आंदोलन के नाम पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दुष्प्रचार की निंदा करते हुए सरकार द्वारा पेश बजट में आयकर सीमा में वृद्धि ना करने जीएसटी में राहत ना देने पर गंभीर चिंता प्रकट की गई। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक में देश के अन्नदाता के साथ-साथ करदाताओं व्यापारी वर्ग की समस्याओं पर भी ध्यान देने की मांग की गई। साथ ही देश में खाद्य सामग्री में निरंतर बढ़ रही वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की गई। ट्रकों द्वारा माल भाडा बढ़ाने से उपभोग की हर वस्तु में महंगाई की मार पड़ गई है दूसरी तरफ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा टैक्स में किसी तरह की राहत नहीं दी गई है। इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय राकेश शर्मा.. प्रवीण बत्रा.प्रमोद गुप्ता.राजेश वर्मा. वीरेंद्र कंडेरे.लवी गर्ग.गोरे गुप्ता. कुणाल चिटकारा. दीपक कटारिया आदि उपस्थित थे।

# नकारा केजरीवाल सरकार के कारण दिल्ली का विकास ठपः अभय वर्मा

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। लक्ष्मी नगर के जुझारू कर्मठ विधायक अभय वर्मा ने हमेशा राजनीति को जनसेवा का एक बेहतर प्लेटफार्म माना है। विधायक बनने के बाद अपने विधानसभा की समस्याओं के समाधान के प्रति वह पूरी शिद्दत से लगे है। उनके प्रयास से कई समस्याओं का समाधान हो सका है। श्री वर्मा ने कहा कि अभी कई समस्याएं उनकी प्राथमिकता में है, जिसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के असहयोग के कारण समस्याओं के समाधान में अड़चनें आती हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार जन समस्याओं के समाधान को भी राजनीतिक चश्मे से देखती है। श्री वर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार जानबूझकर निगमों को फंड जारी नहीं कर रही है,जिस कारण कर्मचारियों को वेतन देने में भी परेशानी आ रही है। क्योंकि तीनों निगमों में भाजपा है, इसलिए भाजपा को असफल दिखाने के लिए केजरीवाल सरकार निगम को धन मुहैया नहीं करा रही है।

पिछले कार्यकाल में केजरीवाल सरकार की कोई ऐसी उपलब्धि नहीं रही जिसको लेकर वह जनता के बीच में जाती। इसलिए आम आदमी पार्टी ने बिजली-पानी फ्री करने जैसे लोकलुभावन हथकंडो का सहारा लिया, परंतु उसकी यह घोषणा भी दिवास्वप्न साबित हो रही है। लोगों के पास भारी-भरकम बिजली और पानी के बिल आ रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में दिल्ली का विकास 20 साल पीछे चला गया है। यह सरकार हठधर्मिता पर उतर आई है।

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने एसएसपी को दिया ज्ञापन



» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अकबर चौधरी ने गाजियाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पत्र दिया और अवगत कराया कि उन पर थाना टीला मोड चौकी सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज अनिरुद्ध एवं सिपाही राजकुमार द्वारा क्रिमिनल लोगों के साथ नाम जोड़कर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं। एवं अगर इन लोगों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त से सख्त कार्रवाई कर एफ आई आर दर्ज नहीं की गई तो वह गाजियाबाद जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आकर आत्मा दाह करेंगे। चौकी इंचार्ज अनिरुद्ध व सिपाही राजकुमार का कहना है कि अगर तुमने यहां की जनता से हमें हफ्ता वसूली नहीं करवाई तो तुम्हारे खिलाफ और भी गंभीर धाराओं में मुकदमा लिख कर तुम्हें जेल भेजने का काम करेंगे। उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव चौधरी मुस्तकिम ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष विजयपाल चौधरी, एसटीएससी जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष यामिन मलिक, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष सानू सेफी, पार्षद विकास खारी, युवा नेता अमित यादव, महानगर सचिव वैभव चोपड़ा, एवं अन्य कांग्रेसी लोग मौजूद रहे।

# घंटी बजाओ पुलिस बुलाओ : एसएन श्रीवास्तव

## दिल्ली के बुजुर्गों की सुरक्षा के प्रति दिल्ली पुलिस का अभियान

» शैलेंद्र पचौरी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने घंटी बजाओ पुलिस बुलाओ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस सीनियर सिटीजन को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने जा रही है। अपनों से दूर अकेले रह रहे बुजुर्गों की मदद करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका ट्रायल राजौरी गार्डन से 400 बुजुर्गों पर शुरू किया गया है। घंटी बजाते ही 5 से 10 मिनट में पुलिस मदद मांगने वाले बुजुर्ग के घर पर पहुंच जाएगी। इस अभियान को 16 फरवरी से 22 फरवरी के बीच होने वाले पुलिस बीट में दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव द्वारा लांच किया जाएगा। रजौरी गार्डन में सफल होने के बाद इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु बुजुर्गों के पड़ोसियों के यहां घंटी लगवाई जा रही है इसका स्विच बुजुर्ग के पास होगा। घंटी बजते ही पड़ोसी तुरंत इलाके के थाना या बीट ऑफिसर को इसकी जानकारी देगा। बुजुर्ग मुसीबत में इस घंटी को बजाएंगे। घंटी पड़ोसी के यहां बजेगी और घंटी बजते ही पड़ोसी तुरंत अपने इलाके के थाने या ऑफिसर को फोन करके इसकी जानकारी देगा। जरूरत के मुताबिक पुलिस को 112 नंबर पर भी पीसीआर कॉल किया जा सकता है। इस अभियान के तहत बुजुर्गों को दो प्रकार से लाभ होगा। पहला यह कि वे मेडिकल इमरजेंसी की जरूरत पड़ने पर घंटी बाजार कर पुलिस की मदद मांग सकते हैं दूसरा कोई बदमाश बिजली कर्मी कोरियर गैस सिलेंडरवाला या अन्य व्यक्ति घर में घुस जाता है और लूटपाट करने की कोशिश करता है तो बुजुर्ग घंटी बजा सकते हैं। बस पड़ोसियों को इतना कष्ट उठाना होगा कि उन्हें बिना डरे बुजुर्ग द्वारा घंटी बजते ही पुलिस को सूचना देनी होगी।

अगर घंटी गलती से बस जाएगी तो बुजुर्ग के खिलाफ पुलिस किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं करेंगे यह बहुत ही अच्छा अभियान है इसमें सफलता मिलती है तो इस अभियान को पूरी दिल्ली में चलाया जाएगा।

# न्याय के लिये भटकने को मजबूर गरीब मजदूर

## गरीब की जमीन पर दबंग का कब्जा

» शंकरदेव तिवारी

आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशों के बाद भी सरकार के नुमाइंदे आदेशों को ताक पर रखकर दबंगो के इशारों पर काम कर रहे है। गरीब और लाचार मजदूर की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया जब पीड़ित जिले के आला अधिकारियों के पास फरियाद लेकर पहुंचा तो अधिकारियों ने जांच के आदेश तो दे दिए लेकिन लेखपाल ने आदेशों को ताक पर रख पैरो से जमीन नाप कर जांच पूरी कर दी। और बिना किसी आधार व दस्तावेज के जमीन दबंग की बता दी। लाचार वेबस मजदूर अपनी ही जमीन के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।

मामला आगरा के गांव गढ़ी नवलिया मौजा कुँआखेड़ा का है यहां के निवासी टीकम सिंह पुत्र बुद्धा की जमीन जिसकी गाटा संख्या 529 की 0.1350 रकवा सरकारी दस्तावेजों में भी निजी भूमि है। इस भूमि पर पड़ोसी धर्मेंद्र पुत्र विशम्भर सिंह ने जबरन तार खींच कर दिनांक 18/07/2020 में अपने परिवारीजनों के साथ बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। पीड़ित गरीब मजदूर ने जब इसका विरोध किया तो उक्त दबंग लोगों ने पीड़ित को गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने इस मामले की जानकारी जब स्थानीय थाना ताजगंज पुलिस को दी तो पीड़ित को उल्टा फटकारते हुए वहां से भगा दिया। जब पीड़ित गाली गलौज व जान से मारने की धमकी व अबैध कब्जे की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा से की तो उन्होंने मामले की जांच के आदेश थाना ताजगंज को दिए।



# चंबल नदी में वन विभाग की टीम द्वारा जलीय जीवों एवं पक्षियों की गणना

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। आगरा जनपद के तहसील बाह क्षेत्र से सटी चंबल नदी में वन विभाग की टीम द्वारा जलीय जीवो एवं पक्षियों की दो दिवसीय गणना कार्यक्रम शुरू हो गया। झाबुआ की टीम द्वारा मगरमच्छ, घड़ियाल, डॉल्फिन, कछुआ, एवं पक्षियों की गणना की गई। जानकारी के अनुसार आगरा से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित तहसील बाह क्षेत्र से सटी चंबल नदी विश्व विख्यात है। चंबल घाटी डाकुओं के लिए जानी जाती थी लेकिन अब चंबल नदी विश्व प्राय विलुप्त प्रजाति घड़ियाल, मगरमच्छो, डॉल्फिन के लिए जानी जाती है। जहां देसी विदेशी पर्यटक भी आनंद उठाने के लिए एवं वातावरण देखने के लिए पहुंचते हैं। राष्ट्रीय चंबल नदी सेंचुरी क्षेत्र में धौलपुर एवं आगरा जनपद के मनसुखपुरा रेहा चंबल नदी घाट से लेकर पंचनदा इटावा सीमा तक विश्व से विलुप्त जलीय जीव प्रजाति घड़ियाल एवं मगरमच्छों का संरक्षण एवं देखरेख वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रीय वन विभाग एवं विशेषज्ञों की टीम के साथ गणना कार्यक्रम चलाया गया पहले दिन की गणना में 367 घड़ियाल, 170 मगरमच्छ, एवं 24 डॉल्फिन देखी गई। इन दिनों मौसम साफ होने पर धूप खिले होने के कारण जलीय जीव घड़ियाल मगरमच्छ नदी के टापू पर देखे जाते हैं। वन विभाग की टीम आसानी से चंबल नदी में करती है। वही चंबल नदी में पिछले वर्ष कोविड-19 के चलते लॉकडाउन मैं चंबल नदी में गणना कार्यक्रम नहीं हो पाया था।

# क्षय रोग अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौरा का किया निरीक्षण

» पूजा जैन



रामपुर। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ प्रदीप वार्ष्णेय द्वारा डीपीसी कामरान रहमत के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौरा में अभी तक टू नाट मशीन द्वारा 8 जांचें की गई हैं जिनमें 4 टीबी रोगी चिन्हित किए गए हैं जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में जनवरी माह में टू नाट मशीन द्वारा 46 जांचें की गई जिसमें 24 क्षय रोगी चिन्हित किए गए हैं जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने निर्देशित किया कि टू नाट मशीन द्वारा अधिक से अधिक जांचें करा कर क्षय रोगी चिन्हित किए जायें।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्पिटल के डॉक्टर और उसके साथियों ने महिला के साथ किया गैंगरेप

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। मेडिकल थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले शहर के एक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में इलाज की आस लेकर आई मोदीनगर निवासी महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने हॉस्पिटल के एक डॉक्टर और उसके दो साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दरअसल, मोदी नगर निवासी महिला के मुताबिक उसके बेटे को हर्निया की शिकायत थी। जिसके चलते अपनी एक सहेली के कहने पर बीती 31 जनवरी को महिला अपने बेटे की रिपोर्ट लेकर मेडिकल के सामने स्थित एक हॉस्पिटल में गई थी। महिला का आरोप है कि हॉस्पिटल के डॉक्टर ने उसकी सहेली को बहाने से कमरे से बाहर भेज दिया। इसके बाद महिला को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया। जब महिला को होश आया तो वह एक घर में थी।

### किसानों को गुलाम बनाना चाहती है सरकारः तोमर



मदरलैंड संवाददाता, अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जनपद इकाई ने कृषि कानूनों को लेकर विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर लगाकर इनके नुकसान से किसानों को अवगत कराया। गांव मूड़ा इम्मा में आयोजित चौपाल में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि नए कृषि कानून किसानों के हक में नहीं है और न ही आम जनता के हक में हैं। इन कानूनों से पूंजीपतियों को फायदा पहुंचेगा। बोले, सरकार पूंजीपतियो के हाथों बिक चुकी है और देश के किसानों को भी पूंजीपतियों के हाथों जबरन बेंच देना चाहती है। भरोसा दिलाया कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। कानूना वापसी तक संघर्ष जारी रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम, आदेश कुमार, जाकिर हुसैन हाजी मुन्ना, मेंहदी हसन, शाहिद, रिजवान, हाजी नाजिम, आजम खां, हाजी जुम्मा, जाकिर मेम्बर, अफजाल आदि मौजूद रहे।

# जगनेर में फर्जी पुलिस मुठभेड़ के आरोप, मानवाधिकार आयोग को शिकायत

» मदरलैंड संवाददाता




आगरा। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने चार फरवरी को थाना जगनेर, आगरा में संभावित फर्जी मुठभेड़ के संबंध में उच्चस्तरीय जाँच कराये जाने की मांग की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, डीजीपी यूपी एच सी अवस्थी एवं अन्य अफसरों को भेजी शिकायत में नूतन ठाकुर ने कहा कि उन्हें भंवर सिंह निवासी बसई वासी पहाडपुर, रूपवास, जनपद भरतपुर, राजस्थान ने फोन से बताया कि गुरुवार को प्रातः लगभग चार बजे उनके चचेरे भाई पप्पू सिंह तोमर अपने भतीजे 14 वर्षीय पंकज के साथ अपनी स्वयं की गाड़ी संख्या फख05 वअ9275 से रूपवास से धौलपुर, राजस्थान जा रहे थे। रास्ते में आगरा जनपद में सरैंधी चौराहा, थाना जगनेर, में पुलिसवालों ने पप्पू की गाड़ी को अचानक रुकवाया और पप्पू को नीचे उतार कर उनके पाँव में गोली मार दी। इसके बाद पुलिसवाले पप्पू सिंह को घायल अवस्था में इमरजेंसी, आगरा अस्पताल ले गए तथा पंकज को भी थाने ले गए, जहाँ से उसे जेल भेज दिया है। भंवर सिंह ने बताया कि उन्हें ये बातें स्थानीय दुकानदारों आदि के माध्यम से ज्ञात हुईं। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि पप्पू सिंह को गाड़ी में से उतार कर गोली मारने के पूर्व मौके पर पुलिस तथा कुछ बदमाशों में फायरिंग हुई थी तथा मौके पर एक अवैध खनन से जुड़ा वाहन भी पलटा हुआ था।

भंवर सिंह ने कहा कि पप्पू सिंह दुबले-पतले अत्यंत साधारण किस्म के कमजोर आदमी हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने किसी भी व्यक्ति को पप्पू सिंह और पंकज से मिलने तक नहीं दिया और धमकी दी कि यदि वे इस मामले में कुछ करेंगे तो उन्हें भी गैंग का मेम्बर बना कर जेल भेज देंगे।

# आयुक्त व जिलाधिकारी ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का टीका

» शकील सैफी



मेरठ। आयुक्त अनीता सी मेश्राम, जिलाधिकारी के बालाजी, अपर आयुक्त रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट एस के सिंह ने लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कालेज में कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाया। उल्लेखनीय है कि कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक आज पूर्ण हो गया है व द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया है।

आयुक्त ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की गाईडलाईन व प्रशासनिक स्तर पर की गयी तैयारियों के फलस्वरूप कोरोना महामारी के मरीजो में कमी आंकी गयी है। उन्होने कहा कि लेकिन सावधानी व सतर्कता बनाये रखना अत्यंत आवष्यक है साथ ही सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करना, हाथो को समय-समय पर धोना व सैनेटाईजर लगाना तथा मास्क का उपयोग करना चाहिए। उन्होने कहा कि कोरोना वैक्सीन प्रभावशाली है। जिलाधिकारी के बालाजी ने कहा कि वह स्वयं समय समय पर कोरोना महामारी के नियंत्रण के संबंध में समीक्षा बैठक करते रहे है तथा मेडिकल कालेज व अन्य अस्पतालों का निरीक्षण भी किया गया है। इस अवसर पर अपर आयुक्त रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट एस के सिंह, प्राचार्य एलएलआरएम मेडिकल कालेज डा ज्ञानेन्द्र सहित अन्य चिकित्सकगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अमर शहीदों को दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। नुमाइश ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस बैंड एवं स्कूल बैंड द्वारा राष्ट्र धुन का आयोजन किया गया ह्लबाद में उपस्थित स्कूली छात्र एवं छात्राओं के द्वारा देशभक्ति के गीत गए ह्ल तत्पश्चात कपिल देव अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, विजय शुक्ला, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अंजू अग्रवाल पालिका अध्यक्ष महोदया, सेल्वा कुमारी, जिलाधिकारी महोदया एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के द्वारा अमर जवान ज्योति पर दीप प्रज्वलित करते हुए अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई ह्ल इस अवसर पर आलोक कुमार मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ, अमित कुमार ,अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अजय अंबेस्ट प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, हेमराज सिंह अधिशासी अधिकारी के अलावा पालिका के सभासदगण मनोज वर्मा, प्रवीण पीटर, हनी पाल, अमित बॉबी, विजेंद्र पाल, नवनीत कुछल, समाजसेवी एवं उद्योगपति भीमसेन कंसल , होती लाल शर्मा एडवोकेट, सोमनाथ भाटिया, बीना शर्मा, प्रेरणा मित्तल रेणु, पूरनचंद पाल प्रभारी कार्यालय अधीक्षक ,स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी शिखा वर्मा, प्रियेश कुमार आई टी ऑफिसर आदि गणमान्य प्रबुद्ध नागरिक तथा विद्यालय के शिक्षक पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने मदरलैंड वॉइस अखबार के ब्यूरो चीफ को किया सम्मानित



» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। व्यापारी सम्मान समारोह में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा व्यापारी के साथ साथ देश के चौथे स्तंभ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पत्रकार समाज की हर अच्छाई और बुराई को सरकार के सामने रखता है और कोरोना काल में भी पत्रकारों ने अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाई है इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम पत्रकारों को भी पूरा सम्मान दें। हमारा व्यापार मंडल हमेशा से पत्रकारों को सम्मान देता आया है और देता रहेगा। इसी क्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल ने दैनिक मदरलैंड वॉइस अखबार के कार्यालय में ब्यूरो चीफ पूजा जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।


# जानसठ में सपा का किसान घेरा कार्यक्रम

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के आह्वान पर जनपद मुजफ्फरनगर तहसील जानसठ के ग्राम गढ़ी में सपा नेता अब्दुल्ला कुरेशी के नेतृत्व में किसान घेरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इस्लाम प्रधान ने की तथा संचालन सपा नेता हारून खान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सपा नेता अब्दुल्ला कुरेशी सदस्य जिला यौजना समिति मुजफ्फरनगर ने कहा कि समाजवादी पार्टी सर्व समाज की पार्टी है और सभी समाज के उत्थान के लिए काम करती ही समाजवादी पार्टी ऐसा समाज बनाना चाहती है जिसमें सबका सम्मान हो सर्व समाज के हित सुरक्षित हो जिसमे ऊँच नीच का भेद भाव ना हो महिलाओं का सम्मान सबसे पहले हो शिक्षा रोजगार सबको मिले सबको अच्छी चिकित्सा व्यवस्था मिले नोजवानों को रोजगार मिले बड़ों का सम्मान हो छोटों से प्यार हो सभी का विकास हो और हर व्यक्ति खुश हाल हो जबकि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण साफ हो गया है की नफरतें फेलाकर सत्ता में बेठी भाजपा सरकार किसानो का सरकारी उत्पीड़न कर रही है। मुख्य रूप से सपा नेता अब्दुल्ला कुरैशी सदस्य जिला यौजना समिति मुजफ्फरनगर सपा नेता हारून खान जावेद प्रधान गढ़ी पूर्व प्रधान इस्लाम अशोक कुमार बिरम कुमार वसीम कुरैशी शफी जैदी अरशद जैदी अरूज जैदी आमिल खान अशफाक आरजू जैदी आदि सैकड़ों किसान व सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्वाला पशु आहार प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



» जावेद आलम

अमरोहा। जो भगवान को स्थान देता है, भगवान के लोक में उसका स्थान स्वयं बन जाता है। ये उद्गार जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने ग्वाला पशु आहार कैलसा के परिसर में नव निर्मित मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें ईश्वर पर विश्वास करना चाहिए। हमें मंदिर बनाकर उसको भगवान के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि उसकी नियमित पूजा अर्चना व साफ-सफाई भी जरुरी है। हमारे सामने कितनी भी बड़ी समस्या क्यो न हो, भगवान की भक्ति के सामने जीवन की कोई समस्या बड़ी नहीं है। कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी का जिक्र करते हुए महाराज ने कहा कि भारत ने कोरोना पर विजय प्राप्त कर ली है। हमारे गर्व की बात है। बोले, जो भारत देश दुनिया में कमजोर समझा जाता था आज अन्य देश उसी के सामने कोरोना वैक्सीन के लिए हाथ फैलाकर खड़े हुए है। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे व दुर्व्यसनों से दूर रहने की सलाह के साथ शिक्षा, संस्कार व संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंजलि टंडन, साकेत कौरा, इंदु कौरा, रश्मि महरोत्रा, सरिता सहगल, विशाल टंडन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को कराया ट्रैफिक संबंधी प्रशिक्षण



» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी. व एसएसपी अभिषेक यादव के निर्देश पर एआरटीओ विनित मिश्रा व टीएसआई वीर अभिमन्यु ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को दृष्टिगत रखते हुए आज महावीर चौक पर एनसीसी कैडेट्स के अधिकारियों के साथ एनसीसी कैडेट्स के बच्चो को यातायात जागरूकता के बारे में जानकारी दी ओर उन्हें ट्रैफिक सुरक्षा से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया और किस नियम को तोड़ने पर क्या होता हैं इसके बारे में जानकारी देते हुए एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने व कराने की शपथ भी दिलाई।तथा वही दूसरी ओर एनसीसी कैडेट्स को शहर के मीनाक्षी चौक पर ले जाकर एआरटीओ विनित मिश्रा व टीएसआई वीर अभिमन्यु व एनसीसी के अधिकारियों ने साथ मिलकर ट्रैफिक संबंधी प्रशिक्षण कराया गया इस दौरान सभी कैडेट उत्साह से भरपूर नजर आए।

# दानिश अली के सवालों का परिवहन मंत्री ने दिया जवाब

» मदरलैंड संवाददाता



अमरोहा। बसपा नेता व अमरोहा सांसद दानिश अली ने पिछले तीन वर्षों के दौरान हाईवे-9 पर गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट के बीच मरम्मत कार्य हेतु कितना पैसा खर्च किया गया और किस कंपनी के द्वारा कार्य किया गया। इस अवधि के बीच में कितने हादसे हुए। हाईवे पर शुरू किया गया मरम्मत कार्य पूरा हुआ या नहीं। अगर, नहीं तो क्यों नहीं होने जैसे सवाल करते हुए पत्र भेजा था। शुक्रवार को सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने पत्र का जवाब दिया। जिसमें बताया गया है कि तीन वर्षों के दौरान 34.44 करोड़ रुपये का खर्च मरम्मत कार्य में किया गया। इस कार्य को फ्रेस्सीनेटप्रेस्ट्रेस्ड कंक्रीट कंपनी लिमिटेड और बीपी कंस्ट्रक्शन ने किया है। इस अवधि में 185 हादसे भी हुए हैं। मरम्मत कार्य भी पूरा हो गया है।

# भाकियू लोकशक्ति ने तीन कृषि बिलो को वापस लेने की मांग की

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। भाकियू लोकशक्ति कार्यकर्ताओ ने तीन कृषि बिलो को वापस लेने ओर एमएसपी पर कानून बनाने ओर दो माह से अधिक समय से दिल्ली में चल रहे किसानों के धरने प्रर्दशन को किसानो से वार्ता करके समाप्त कराने की मांग करते हुये प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन गढ एसडीएम को सौंपा है। शुक्रवार को भाकियू लोकशक्ति के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता गढ तहसील मुख्यालय पर पहुंचे ओर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन गढ एसडीएम विजय वर्धन तोमर को सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा लाये गये तीन कृषि बिलो को वापस लेने की मांग की गई इसके अलावा किसान हित में एमएसपी पर कानून बनाने की मांग भी की गई है। किसानो का कहना है कि दो माह से अधिक समय से दिल्ली में चल रहे किसानो के धरने प्रर्दशन को किसानो से वार्ता करके समाप्त कराने काम सरकार को करना चाहिऐ । ज्ञापन देने वालो में देवेन्द्र, सुखपाल, इंद्राज जोगी, बिजेन्द्र यादव, रिफाकत, माहिर चैधरी, भूपेन्द्र सिंह, युसुफ, नीटू, रितिक शर्मा, प्रवीण कुमार आदि शामिल रहे।

# गौकशी करने वाले एक बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार एक फरार

» कांति प्रसाद



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस की गौकशी करने वाले तीन बदमाशो से मुठभेड होने पर एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ। पुलिस ने घायल सहित दो बदमाशो को पकडने में कामयाबी पायी है जबकि एक बदमाश भाग निकला जिसकी तलाश की जा रही है। बदमाशो के कब्जे से एक जिंदा गौवश तथा दो तंमचे कारतूस, बाईक व छुरे, कुल्हाडी, रस्सी आदि बरामद किये गये है। गढ सीओ पवन कुमार ने जानकारी देते हुऐ बताया कि सिंभावली पुलिस को गौकशी की सूचना मुखबीर से मिली थी जिसके बाद पुलिस ने बढा नहर पुल के पास झाडीयों में गौकशी की तैयारी कर रहे तीन बदमाशो की घेराबंदी की तो बदमाशो को पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिसके जबाब में की गई कार्रवाई में एक बदमाश



आकिल निवासी वैठ टांग में गोली लगने पर घायल हो गया। पुलिस ने आकिल व दूसरे बदमाश अफजाल निवासी हरौडा को गिरफ्तार कर लिया जबकि इनका एक साथी मुन्नू निवासी वैठ मौके से भाग जाने में सफल हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार बदमाशो ने बताया कि वह गौवंश को पकडकर एकांत स्थान पर ले जाकर उसे काटकर उसका मांस बेचने का काम करते है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# जिले के वरिष्ठ अधिकारी ने लगवाया एंटी कोविड का टीका

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पांडे द्वारा जिला अस्पताल के वैक्सीनेशन वार्ड में पहुंचकर कॉविड वैक्सीनेशन कराया गया उनके साथ ही अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनोद कुमार, वि/रा अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप जिला मजिस्ट्रेट परमानन्द झा तथा कलेक्ट्रेट कर्मचारीगणों द्वारा भी कोविड का टीकाकरण कराया गया।

टीकाकरण से पूर्व जिलाधिकारी द्वारा पंजीकरण, आईडेंटिफिकेशन सहित सभी औपचारिकताएं निर्धारित मानक के अनुरूप पुरी की कराई गईं तदुपरांत उन्होंने कॉविड वैक्सीन का टीका लगवाया। टीकाकरण के बाद आधे घंटे के लिए ऑब्जरवेशन रूम में चले गए। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित और कोविड वायरस पर नियंत्रण स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जन सामान्य का आहवान करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में फैलाई जा रही भ्रांतियां केवल भ्रामक करने वाली है, उक्त वैक्सीनेशन का किसी भी प्रकार से कोई दुष्प्रभाव प्रभाव शरीर पर नहीं पड़ता, अतः किसी भी प्रकार के बहकावे में न आए और अपने निर्धारित क्रमानुसार निसंकोच हो कर कोविड का टीकाकरण कराएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखे हुए है, दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्व कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आज शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का फ्रन्ट वर्कर के रूप में कोविड टीकाकरण कराया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके निगम, डॉ रावत, डॉ अशोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिकों के हित में समाज कल्याण निदेशालय से मांगी सूचनायें

» नीरज चक्रपाणि

हाथरस। वरिष्ठ अधिवक्ता तथा जिला वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्य एवं कानूनी सेवा केन्द्र संस्थापक हरीश कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सॅरक्षण हेतु बने नियम व कानूनों के धरातलीय क्रियान्वयन हेतु आगरा व अलीगढ़ मंडलों के आठों जनपदों हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस श्रृंखला में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बैंक व पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को पत्राचार करने के बाद अब उन्होने उ.प्र. राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के क्रियान्वयन की दिशा में निदेशक समाज कल्याण विभाग उ.प्र. से आर.टी.आई. के तहत कुछ महत्वपूर्ण सूचनायें मांगी हैं। उन्होने पूछा है कि उ.प्र. राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के धरातलीय क्रियान्वयन हेतु समाज कल्याण विभाग उ.प्र. द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण हेतु ट्रिव्यूनल स्थापित कराने, सुलह अधिकारियों के पैनल नियुक्त कराने, जिला वरिष्ठ नागरिक समितियों के गठन तथा उनकी त्रैमासिक बैठकों के आयोजन तथा वृद्धावस्था आश्रमों के सम्बन्ध में उ.प्र. शासन द्वारा जारी शासनादेशों के धरातलीय अनुपालन की समीक्षा हेतु कोई व्यवस्था निर्धारित है या नहीं? यदि है तो क्या प्रक्रिया है तथा पूर्णतः अनुपालन के प्रयासों से अवगत करायें। आगरा और अलीगढ़ मण्डल के आठों जिलों आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज जनपदों में जनपद वाइज निम्नांकित जानकारी प्रदान करायें। तहसील वाइज जहाँ ट्रिव्यूनल स्थापित नहीं है उनकी स्थापना हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी दें। सुलह अधिकारी जहाँ तैनात नहीं हैं उनकी नियुक्ति हेतु किये प्रयासों तथा प्रगति की जानकारी दें।

जिला वरिष्ठ नागरिक समितियों की जनपद वाइज व त्रैमासिक बैठकों के नियमितीकरण हेतु किये प्रयासों की जानकारी प्रदान करायें। वृद्धावस्था आश्रम जनपद वार कहां-कहां, किस किस संस्था द्वारा सॅचालित हैं उनका वार्षिक बजट तथा वर्तमान सॅवासियों की संख्या से सूचित करें।

# जमीन का फर्जी बैनामा करवाने के बाद कर दी बृद्ध की हत्या, कोर्ट के आदेश के वाद दर्ज हुयी रिपोट

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के एक थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी बुजुर्ग को आखों के इलाज की कहकर अपने घर ले गए। जहाँ बुजुर्ग के नाम 11 बीघा जमीन का फर्जी बैनामा करवा लिया। बैनामा करवाने के तीसरे दिन मौत के घाट उतार दिया। वही मौत की सूचना पर परिजन शव को लेकर थाने गये। लेकिन वहां पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की। जिसके बाद बिना पोस्टमार्टम कराये ही गांव वालों के कहने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। अव कोर्ट के आदेश के वाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलास शुरू कर दी है।

बताते चलें कि पूरा मामला जनपद मैनपुरी के थाना दन्नाहार क्षेत्र के ग्राम कंजाहार निवासी पुत्तू लाल को 22 जनवरी 2020 को औछा थाना क्षेत्र नगला बख्ती निवासी बालक राम, उसका पुत्र राज कुमार व गांव का यशवीर बृद्ध पुत्तू लाल को घर से परिचित डॉ से आँख दिखाने की कह कर घर से ले गया था। उस समय परिजन घर पर नही थे। 28 जनवरी 2020 को धोखाधड़ी से फर्जी बैनामा 11 बीघा जमीन का करवा लिया। जिसके बाद 30 जनबरी 2020 की रात्रि में षड्यंत्र रचकर बालकराम, रवनीश, रामा, आशा देवी, यशवीर और राज कुमार ने मिलकर हत्या कर दी। जबकि पुत्तू लाल के संतान न होने के कारण अपने भतीज बहुओं रचना देवी, कुशमा देवी, विधादेवी के नाम 15 बीघा खेत का बैनामा कर दिया था। शेष बचे खेत व चल अचल संपत्ति की रजिस्ट्रर्ड बसियत कर दी है। वही मृतक के परिजनों का कहना है कि आरोपी बालक राम का पुत्र पुलिस में तैनात है। जिसके चलते मृतक का पोस्टमार्टम नही हो सका।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी केन्द्र लहरा महुअन में लाभार्थियों को स्किम्ड मिल्क एवं घी कराया गया उपलब्ध

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा ड्राई राशन वितरण योजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लहरा महुअन में लाभार्थियों को स्किम्ड मिल्क एवं घी उपलब्ध करते हुये कहा कि यदि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं की सही देखभाल की जाये, उनकी सभी जांचे निर्धारित समय पर हों, हीमोग्लोबिन ठीक रहे इसके लिए गर्भवती को आयॅरन की टेबलेट खिलायी जायें, उनके खान-पान का ध्यान रखा जाये, तो पैदा होने वाला बच्चा स्वस्थ होगा और जनपद, प्रदेश, देश के बच्चों को कुपोषण से निजात मिलेगी। उन्होने कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या से निजात दिलाने के लिए गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल से इस समस्या से निजात मिलेगी साथ ही कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों की उचित देखभाल, उनके नियमित टीकाकरण, आहार का ध्यान रख उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाया जा सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि शासन स्तर से बच्चों को कुपोषण से निजात दिलाने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं, बच्चों को भरपूर पोषक आहार मिले, उनके नियमित स्वास्थ्य की जांच हो, इस हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कैंप आयोजित कर कुपोषित बच्चों की नियमित जांच की जा रही है, इसकी निगरानी गोद लिये गांव के अधिकारियों द्वारा की जा रही है, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, स्वास्थ्य की जांच भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियमित रूप से हो रही है।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक को छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने के बाद थाना पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया है। बताते चलें कि पूराममला जनपद मैनपुरी के ठान औंछा क्षेत्र का है। जहाँ थाना क्षेत्र के कस्बा ज्योंती खुड़िया निवासी मिथलेश पुत्र दिल्लीलाल को ज्योंती तिराहा से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद थाना पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया।

### मास्क चेकिंग में बसूले दस हजार

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना पुलिस ने जीटी रोड पर अभियान चलाते हुए बिना मास्क लगाए वाहन चला रहे 20 वाहन स्वामियों से 10,000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। इस दौरान वाहन स्वामियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। शुक्रवार को सीओ डीपी गॉड के निर्देश पर उपनिरीक्षक लायक राम शर्मा ने पुलिस कर्मियों के साथ जीटी रोड पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना मास्क लगाकर जा रहे 20 वाहन स्वामियों से 10,000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। जिससे वाहन स्वामियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### मंदबुद्धि किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के एक थाना क्षेत्र के एक गाँव में मंदबुद्धि किशोरी से एक आरोपी के द्वारा दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि किशोरी जैसे तैसे अपने आप को बचाकर अपने घर पहुंची। जिसके बाद किशोरी ने अपनी आपबीती परिजनों को बतायी। तो उसके परिजनों के पैरों के तले से जमीन खिसक गयी। जिसके बाद उसके परिजनों ने थाना पहुँचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। वहीँ तहरीर मिलाने के बाद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है। पूरा मामला जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली का है। जहाँ के एक गाँव निवासी 17 वर्षीय मंद्बुद्दी किशोरी के साथ एक युवक ने अकेले में बुला कर उसको बुरी नियत से दबोच लिया। जिसके बाद उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। वहीँ किशोरी जैसे झ्र तैसे अपने आप को छुड़ाकर घर पहुंची। और अपने परिजनों को अपनी आपबीती बताई। जिसे सुन उसके परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी. वहीँ इस पूरे मामले में किशोरी के पिता ने थाना में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिसपर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलास शुरू कर दी है।

# कृषि कानून के विरोध में विशाल किसान पंचायत



» सोनू चैधरी

सादाबाद।कृषि बिल जब तक वापस नहीं लिया जाता तब तक किसानों का धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा इस संघर्ष में किसान हर तरह से आहुति देने को तैयार है किसान दिल्ली के साथ सादाबाद में कुछ करने के लिए तैयार बैठे हैं सरकार को तीनों बिल अंततः वापस लेना ही होगा अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे

यह बातें शुक्रवार की दोपहर बिसावर के नगला छत्ती में आयोजित भाकियू की पंचायत में पुर्व विधायक डा अनिल चैधरी ने उपस्थित सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए कहा पंचायत में ही किसानों ने कृषि बिल के विरोध में रणनीति बनाई किसान पंचायत के दौरान कहा कि सरकार को सद्बुद्धि आ जाए तो तीनों किसान विरोधी कृषि बिल वापस हो जाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो किसानों का भारी दल दिल्ली में कुछ करने के लिए तैयार है पुर्व प्रधान विजय पाल सिंह ने कहा कि देश के किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं इसमें किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं है बैठक के दौरान मौजूद किसानों ने नहरों के संचालन पर विभाग से मांग की कि क्षेत्र में बंबों और नहरों में पानी छोड़ दिया जाना चाहिए जिससे फसलों की पर्याप्त सिंचाई हो सके इस दौरान इस दौरान किसान नेता चन्द्रेश चैधरी,रालोद नेता ईशान चैधरी, बिसावर प्रधान विजयपाल सिंह, जगवेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, विक्रम सिंह, उदयपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

# ऑनलाइन प्रक्रिया के विरोध में आढ़तियों का धरना

» मदरलैंड संवाददाता



हाथरस। ई मंडी सर्वर डाउन है लेकिन विभाग लागू कर रहा है ऑनलाइन 9आर, 6आर व गेट पास की प्रक्रिया को आढ़तियों में आक्रोश है। पुरानी व्यवस्था को लागू किया जाए, नई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। आज हाथरस आढतिया एसोसिएशन द्वारा मण्डी निदेशक के नाम एक ज्ञापन मंडी सचिव यशपाल सिंह को दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि ऑनलाइन प्रक्रिया व्यवहारिक दृष्टि से सही नहीं है। पहले एक किसान द्वारा लाई गई अलग अलग जिंसों की एक ही 6-आर काटी जाती थी, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया में प्रत्येक जिंस की अलग अलग 6-आर काटनी पड़ रही है। इसी तरह एक क्रेता व्यापारी द्वारा एक जिंस की अलग-अलग दरों पर खरीद की 9-आर एक ही बनाई जाती थी लेकिन इस ऑनलाइन व्यवस्था में अलग अलग 9-आर बनानी पड़ रही है और पहले 6-आर उसके बाद 9-आर और उसके बाद गेट पास बनने की प्रक्रिया व्यवहारिक दृष्टिकोण से सही नहीं है, इस प्रक्रिया से क्रेता व्यापारियों द्वारा खरीदा गया माल पूरे दिन मंडी में ही पड़ा रहता है और रात्रि में व्यापारियों द्वारा लोड किया जाता है, जिससे माल की डिलीवरी में देरी हो जाती है और ऑनलाइन पोर्टल भी सही तरीके से काम नहीं कर पा रहा है। लोगों को आईडी पासवर्ड भी पूरी तरह से प्राप्त नहीं हुए हैं। मंडी सचिव यशपाल सिंह ने भरोसा दिया है कि यह ज्ञापन मंडी निदेशक को भेजकर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में भीकम्बर सिंह, उमाशंकर वार्ष्णेय, मुकेश बंसल, प्रवीन वार्ष्णेय, राजेश वार्ष्णेय, नरेन्द्र बंसल, अमित शर्मा, संजय वार्ष्णेय, जानकी प्रसाद, कुलदीप, भोला यादव, मदन भैयाजी, भोला शंकर, दिनेश यादव, मुरारी लाल, विनोद शर्मा, सुन्दरलाल, भानु प्रकाश, अरूण अग्रवाल, राकेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, नवनीत वार्ष्णेय, विशाल सैनी, प्रहलाद खण्डेलवाल, पवन वार्ष्णेय ऐंहन, पवन कच्चा आढती, मयूर गोयल, योगेश बंसल, प्रमोद अग्निहोत्री, प्रवीन अग्रवाल, विशन वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, कुमरपाल, विनोद बौहरे आदि सैकड़ों आढती उपस्थित थे।

# 24 वीं पेंशन अदालत आयोजित

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के सरकारी सेवकों की सेवानिवृत्ति पर उनकी पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्युटी, राशिकरण, बीमा आदि के भुगतान में हो रहे विलम्ब एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु 24 फरवरी, 2021 को आयुक्त सभागार कक्ष में 67वीं पेंशन अदालत आयोजित की गयी है। उन्होने कहा कि ऐसे सभी पेंशनरों से अपेक्षित है कि निर्धारित प्रारूप अपने जनपद से संबंधित कोषागार से प्राप्त कर तथा उसे पूर्ण कर संबंधित कोषागार अथवा कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद में 10 फरवरी 2021 तक तीन प्रतियों में प्राप्त करा दे। उन्होने कहा कि वाद प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों से यह भी अपेक्षित है कि वाद की एक-एक प्रति अपने सेवानिवृत्ति कार्यालय व विभागाध्यक्ष को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दे। उन्होने बताया कि ऐसे पेंशनर जिन्होंने पूर्व अदालतों में अपना वाद योजित कर रखा है उन्हे पुनः वाद योजित करने की आवश्यकता नही है उनके वाद पत्रों पर अलग से कार्यवाही की जा रही है।

# फतेहपुर नारायण बना तेंदुए का अड्डा



» मदरलैंड संवाददाता

किठौर। थाना क्षेत्र के फतेहपुर नारायण गांव में इन दिनों तेंदुए की दहशत पूरी तरह लोगों के दिलों में बैठ गई है मगर फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारी तेंदुए को पकड़ने में नाकाम साबित हो रहे हैं जबकि आज तीसरा पिंजरा भी लगाया गया है।

लगभग डेढ़ हफ्ते से फतेहपुर नारायण गांव और आसपास के क्षेत्र के लोग तेंदुआ परिवार की दहशत के साए में जी रहे हैं और तेंदुआ उसी जंगल में दिख रहा है कभी छोर पर तो कभी उस छोर पर देखा जा सकता है और ग्रामीण बार-बार सूचना वन विभाग को दे रहे हैं क्षेत्र के डीएफओ ने तीसरा पिंजरा भी लगा दिया है उन्होंने बताया कि यह दो पिंजरे खराब हो गए थे जिसकी वजह तेंदुआ उनके आसपास होकर गुजर गया और पकड़ मे नहीं आ सका है अब शीघ्र ही उसको पकड़ लिया जाएगा और कहीं दूसरी जगह ले जाकर सेंचुरी में छोड़ दिया जाएगा मगर क्षेत्रीय लोग इस वन विभाग के आश्वासन पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है लगभग सप्ताह बीत जाने के बाद भी वन विभाग कोई ऐसा कारनामा अंजाम नहीं दे सका है तेंदुआ पकड़ना तो दूर उसके बच्चों को भी पकड़ नहीं सका है इस संबंध में कुछ सामाजिक लोगों ने बताया कि अब से पहले क्या वन विभाग के लोग खराब पिंजरे के सहारे तेंदुआ पकड़ रहे थे कुछ बुजुर्ग लोगों ने तेंदुए के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक ऐसा ताकतवर जानवर होता है जो अपने शिकार को पेड़ पर ले जाकर उसका शिकार करता है।

# बाईपास तिराहा का नाम पड़ा महाराणा प्रताप चैक

» मदरलैंड संवाददाता

हाथरस। राष्ट्र की एकता व अखंडता तथा स्वाभिमान के रक्षक व हिंदू समाज के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा आगरा अलीगढ़ बाईपास स्थित नगला भुस चैराहे पर स्थापित किए जाने की मांग को लेकर आज क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा पालिका अध्यक्ष आशीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह गहलौत के नेतृत्व में पालिका अध्यक्ष आशीष शर्मा को क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से पालिका अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए मांग की गई कि नगला भुस तिराहे पर हिन्दू गौरव के रक्षक जिन्होंने हमेशा राष्ट्र की एकता अखंडता स्वाभिमान और हिंदुत्व को बचाये रखने में कभी किसी से समझौता नहीं किया और न कभी किसी के आगे झुके और अपने प्राणों को राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया। ऐसे महापुरुष वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप चैक की स्थापना कर वहां पर उनकी भव्य प्रतिमा लगाए जाने की मांग की और कहा कि इस अविस्मरणीय योगदान के लिए हाथरस का समस्त क्षत्रिय समाज आपका सदैव ऋणी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में नीरेश कुमार, लक्ष्मी राज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, भीकम सिंह चैहान, भारतेंदु पाल सिंह, मनोज कुमार, कपिल राघव, गोपाल चैहान, गौरव प्रताप प्रधान, राजदीप गहलौत, शिवम गहलौत, एसपी सिंह, मनोज सिसोदिया एडवोकेट, दिनेश कुमार, नवीन प्रताप, अशोक गहलौत, लक्ष्मण सिंह फौजी, ठाकुर सन्दीप सिंह, सुरेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रमोद कुमार, महेन्द्र सिंह पौरूष, गुड्डू ठाकुर, चंदन सिंह पौरुष, चन्द्र प्रकाश सेंगर, प्रहलाद सिंह, राजेंद्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, हरीशंकर राणा भूरा पहलवान, राजा ठाकुर, गुलशन आदि मौजूद थे।

# रसूले खुदा की बेटी बीबी फात्मा की विलादत पर मनाया गया जश्न

» मदरलैंड संवाददाता

सैदनगली। कस्बा के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाह दादे वाले में रसूले खुदा की बेटी सैय्यदा फात्मा जहरा की यौमे विलादत पर महफिल का आयोजन किया गया। जिसका आगाज सैय्यद अम्मार हैदर रिजवी ने हदीसे किसा की तिलावत से किया। नाते रसूल डॉ. लईक हैदर बाकरी ने पेश की। इसके बाद अली हैदर रिजवी, सुहैल अब्बास, याकूत, मिसाल अब्बास, अम्मार हैदर, मोहम्मद अब्बास, हैदर अब्बास, ।मोहम्मद दानिश, दावर अब्बास, रियाजुल हसन आदि शायरों ने बीबी फात्मा जहरा की शान में कलाम पेश किया। मौलाना कंबर अली ने कहा कि अल्लाह ने आखिरी रसूल ने बेटी का नाम फात्मा रखा था। बीबी फात्मा की पैदाइश 20 जमादिउल आखिर को मक्का में हुई थी। जिस जमाने में लड़कियों को जिंदा जला दिया या दफना दिया जाता था।

तब रसूले खुदा ने दुनिया को बेटी की अहमियत समझाई। इस अवसर पर शमीम हैदर, साहिल अब्बास, गुलाम हुसैन, मुहम्मद साकिब, अजीम हैदर, सादिक अब्बास, अरीब हैदर, कुमैल असगर, जीशान हैदर, कसीम हैदर आदि लोग मौजूद रहे।

# जशन ए उर्दू कार्यक्रम का आयोजन 7 फरवरी को होगा

» मदरलैंड संवाददाता

किठौर। कस्बे के वसीयत गार्डन में जशन ए उर्दू कार्यक्रम का आयोजन 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम का आयोजन उर्दू जबान को सातवीं जबान का दर्जा यू एन ओ.मे दिए जाने पर क्या जा रहा है इस प्रोग्राम में देश के जाने-माने अदीब , मशहूर शायर और मुकामी शायर हिस्सा लेंगे इस प्रोग्राम में उर्दू की खिदमत करने वाले कुछ शायरों को भी सम्मानित किया जाएगा जिनमें मुख्य रुप से कस्बे के जाने-माने शायर उस्तादों के उस्ताद शायर जनाब असरारुल हक असरार साहब, जमीर मजहर, डॉक्टर मुकर्रम अली अदना, अभय कुमार अभय प्रोग्राम की शान भी होंगे यह जानकारी प्रोग्राम के कन्वीनर अली खान जोहर ने दी।

# एसपी ने किया छह निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

» मदरलैंड संवाददाता



अमरोहा। पुलिस अधीक्षक सुनीति ने गुरुवार रात छह निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। न्यायालय सुरक्षा प्रभारी अरविंद कुमार के बरेली जोन तबादला होने के बाद यह कार्रवाई हुई है। शरद मलिक को पीआरओ बनाया गया है। एसपी सुनीति ने निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए सूची जारी की है। जिसमे न्यायालय सुरक्षा प्रभारी अरविंद कुमार का तबादला बरेली जोन होने के कारण उनके स्थान पर अपराध शाखा में तैनात राजेंद्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा में तैनात जयवीर सिंह को जनसूचना अधिकार सेल का प्रभारी बनाया है। मानवाधिकार सेल प्रभारी मुकेश कुमार को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया है। वहीं अपराध शाखा में तैनात शरद मलिक को पीआरओ व मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि पीआरओ रमेश चन्द्र शर्मा को मानवाधिकार सेल का प्रभारी बनाया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अखिल भारतीय परिवार पार्टी पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद: दीपांशु शर्मा

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। चंडीगढ़ से अखिल भारतीय परिवार पार्टी के दीपांशु शर्मा भारतीय सलाहकार समिति सदस्य व प्रभारी नार्थईस्ट), सतविंदर सिंह भारतीय (राष्ट्रीय सलाहकार समिति सदस्य व कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी) सदस्य भारतीय, अमनदीप शर्मा भारतीय, विशाल सैनी भारतीय, नीरज चंदेल भारतीय, मंजीत भारतीय, तरुण भारतीय, संतोष आहूजा भारतीय ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आज बहुत ही दुख के साथ यह सूचित करना पड़ रहा है कि कल कुछ संस्थानों ने ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह पर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं कि ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह का नेता 26 जनवरी को लालकिले पर हुए उपद्रव तथा लालकिले पर धार्मिक झंडा फहराने में शामिल था। ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद, मनगढ़ंत और ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह का अप-प्रचार करने के उद्देश्य से लगाए गए हैं। यह सत्य है कि ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह किसानों की माँगों का पूरी तरह समर्थन करती है तथा पहले दिन से ही जो किसान धरने पर बैठे हैं उनका साथ दे रही है। ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह अपनी किसान समीति ह्भारतीय किसान समीतिह के बैनर तले सिंघू बार्डर तथा गाजीपुर बार्डर पर ह्मेडिकल कैंपह लगा रही थी। साथ ही साथ ह्अखिल भारतीय परिवार पार्टीह की महिला टीम भी धरने में पहुँचकर अपनी सेवाएँ दे रही थीं। हमारी पंजाब टीम के आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट के प्रभारी श्री धर्मेंद्र सिंह हरमन भारतीय जी 26 जनवरी को शान्तिपूर्ण तरीके से किसान ट्रैक्टर परेड में शामिल हुए थे।

# वाल्मीकि काव्य का विमोचन



**चंडीगढ़।** संस्कृत कवि प्रो. वीरेन्द्र अलंकार के नए संस्कृत काव्य वाल्मीकिप्रशस्तिकाव्यम् का हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 3 फरवरी 2021 को किया विमोचन। प्रो. अलंकार ने जानकारी दी कि महर्षि वाल्मीकि का दिव्य चरित्र कविजगत के लिए सदा अनुकरणीय रहा है। उनके काव्य में केवल रामचरित ही नहीं है, बल्कि यह संकल्पना भी है कि समाज कैसा होना चाहिए। सचमुच वे तो कविलोक के प्रजापति ही हैं। रामचरित के माध्यम से परिवार, माता-पिता-सन्तान के सम्बन्धों का जो आदर्श आदिकवि ने प्रस्तुत किया है, वह विश्व के लिए दिशाबोधक है। इस काव्य में महर्षि वाल्मीकि की इन्हीं उदात्त चेतनाओं का वर्णन करने का किया है। प्रो. अलंकार संस्कृत जगत के प्रसिद्ध कवि हैं। इससे पूर्व इनके देवप्रशस्तिकाव्यम्, अपूर्वलोकः, पद्मचन्द्रोदयम् आदि कई संस्कृत काव्य प्रकाशित हो चुके हैं। इनके कई काव्यों पर कई विश्वविद्यालयों में शोधकार्य भी हो चुका है। प्रो. अलंकार पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ में पिछले 30 वर्षों से कार्यरत हैं तथा संस्कृत विभाग व दयानन्द चेयर ऑर वैदिक स्टडीज के अध्यक्ष हैं। वाल्मीकि प्रशस्तिकाव्य की हिन्दी व्याख्या डीएवी कॉलेज, चण्डीगढ की प्रोफेसर डॉ. अलंकार सुषमा ने की है।

# कुल्लू पुलिस ने 36.297 किग्रा चिट्टा के साथ विदेशी युवक को किया गिरफ्तार

**शिमला।** कुल्लू पुलिस टीम ने दिल्ली से 6.297 किलो ग्राम चिट्टा के साथ एक विदेशी युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त चिट्टे की कीमत 30 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। हिमाचल के डीजीपी संजय कुंडू ने इसकी पुष्टि की है और कुल्लू पुलिस की सराहना की। हालांकि, अभी इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी आना बाकी है। डीजीपी का कहना है कि कुल्लू पुलिस ने दिल्ली से 6.297 किलो ग्राम चिट्टा बरामद किया है। रेड के दौरान पुलिस ने आईवरी कोस्टा का नागरिक भी गिरफ्तार किया है। अभियान में दिल्ली पुलिस का भी पूरा सहयोग रहा है। बताया जा रहा है कि हेरोइन की खेप अफगानिस्तान रूट से भारत में लाई गई थी। बता दें कि, इससे पहले 30 जनवरी को पारला भुंतर में दो आरोपियों से 55 ग्राम हेरोइन पकड़ी थी। उसी मामले की छानबीन के दौरान टीम दिल्ली गई थी, यहां पर पुलिस ने एक अफ्रीकी नागरिक को पकड़ा था। छानबीन के बाद फिर पुलिस ने दिल्ली में रेड डाली और अब यह बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

## हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर जारी किया जाएगा विशेष डाक टिकट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को कहा कि 25 जनवरी को राज्य के स्थापना दिवस के स्वर्ण जयंती पर एक विशेष डाक टिकट जारी किया जाएगा। विशेष डाक टिकट सोमवार को यहां रिज मैदान में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान जारी किया जाएगा। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय राज्य में प्रति व्यक्ति आय 50 साल पहले के 651 रुपये से बढ़कर अब 1,55,255 रुपये हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कमलजीत सिंह पंछी इंडियन मेनिटेरियन अवार्ड और मेडल से सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन सेक्टर-17 अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी को इंडियन ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड और मेडल के साथ आज भारतीय पुस्तक रिकॉर्ड से सम्मानित किया। इस कोविड -19 महामारी पर मानव जाति के प्रति कार्यों के साथ अनुकरण करने के लिए उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता,ईमानदारी, और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए सराहनीय है। यह उल्लेखनीय है कि पंछी ने पिछले 2-3 दशकों के दौरान विभिन्न सेवाओं के साथ सक्रिय रूप से सामाजिक सेवाओं में भाग लिया। पंछी ने इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के संपादक डॉ. विवेकानंद बाबू के का धन्यवाद किया और कहा कि वह सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में भविष्य में भी अपने प्रयासों को जारी रखेंगे।

### बजट से शहर के सभी विकास कार्यों को गति मिलेगी:देवशाली

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। वार्ड 20 के पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने बजट पर महापौर को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही अच्छा बजट है और इससे शहर के सभी विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी को शिक्षित करने हेतु गंभीर है और इस हेतु हर प्रकार के प्रयास किये जा रहे हैं। चंडीगढ़ नगर निगम को भी "कैपिटल हेड" में गरीब एवं झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने हेतु 'स्मार्ट स्कूल' बनाने के लिए बजट का प्रावधान करना चाहिए। देवशाली ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है की 2022 तक हर व्यक्ति के पास अपना घर होगा और इस हेतु सम्पूर्ण भारतवर्ष में मकान बनाकर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ नगर निगम को भी पार्षदों, अधिकारियों और निगम कर्मचारियों हेतु आवासीय योजना के लिए "कैपिटल हेड" में बजट का प्रावधान करना चाहिए ताकि केंद्र सरकार का 'हाउसिंग फॉर आल' सही अर्थों में पूर्ण हो सके।

### हरियाणा में फिर बदला मौसम का मिजाज, बारिश और पहाड़ों में हुई बर्फबारी

चंडीगढ़। हरियाणा में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य में गुरुवार को बारिश व हवा चलने से तापमान में गिरावट आई है और सर्दी फिर से बढ़ गई। बारिश होने के बाद शाम पांच बजे अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस महसूस किया गया। बारिश का पानी जगह-जगह भर गया। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को औसतन 9 एमएम बारिश दर्ज की गई। साथ ही अगले 24 घंटों में बारिश होने की संभावना है। बारिश में पानी भरने के कारण वाहनों की स्पीड कम हो गई। शाम होते ही लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ी। बारिश और ओलावृष्टि के कारण जहां एक तरफ दिन के समय में तापमान कम हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ किसानों को फायदा होने की संभावना है। यह बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद है, फलों सब्जियों और फसलों तीनों के लिए इस समय पानी की आवश्यकता थी यह बारिश उस पानी की पूर्ति करेगी। ऐसे में किसानों को इस बारिश से चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सुबह से ही मौसम का रंग बदला हुआ था। सुबह ठंडी हवा चली। 10 बजे बाद धूप निकली, लेकिन शीतलहर चलती रही। शाम होते-होते 3 बजे के आसपास आसमान में बादल छा गए। शाम 4 बजे गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। शाम साढ़े छह बजे तक बारिश होती रही। बारिश का पानी जगह-जगह भर गया।

### लोगों से प्लास्टिक के राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग नहीं करने का आग्रह

शिमला। प्रदेश सरकार ने आम जनता से अपील की है कि विभिन्न राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के दौरान प्लास्टिक के झण्डे के स्थान पर कागज से बने राष्ट्रीय झण्डे का उपयोग करें। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि आमतौर पर देखने में आया है कि लोग ऐसे अवसरों पर प्लास्टिक के राष्ट्रीय झण्डे का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि फ्लेग कोड ऑफ इंडिया, 2002 के प्रावधानों के अनुसार प्लास्टिक के झण्डों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए और किसी भी गतिविधि के बाद झण्डे को जमीन पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के झण्डे नष्ट नहीं होते। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है, इसलिए इसका समुचित सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमतौर पर सरकार के संगठनों और संस्थाओं के बीच राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े कानून के बारे में जानकारी नहीं होती। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि फ्लेग कोड ऑफ इंडिया के प्रावधानों पर अमल करें और राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखें।

# डिप्टी सीएम ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 'ई-फाईलिंग' पोर्टल लांच किया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 'ई-फाईलिंग' पोर्टल लांच किया। अब उपभोक्ता अपने केस वैबसाइट पर कहीं से भी ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे।

इस अवसर पर राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त जस्टिस टीपीएस मान, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री पी.के दास,संयुक्त निदेशक डॉ. इंद्रजीत भी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम, जिनके पास खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग का प्रभार भी है, ने 'ई-फाईलिंग' पोर्टल की शुरूआत करने के बाद कहा कि उपभोक्ताओं के हित में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह बहुत बड़ा कदम है। वे कहीं से भी अपनी शिकायत ह्ई-फाईलिंगह के माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं। यही नहीं वे अपनी शिकायत का स्टेटस भी ऑनलाइन देख सकते हैं।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री पी.के दास ने बताया कि उपभोक्ताओं के केस ऑनलाइन दर्ज करवाने की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। उपभोक्ता उक्त प्रक्रिया वैबसाइट पर हिंदी व अंग्रेजी भाषा में अपलोड की गई वीडियो से भी सीख सकते हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम उपभोक्ता को स्वयं को अपनी ई-मेल आईडी के माध्यम से पंजीकृत करवाना होता है, फिर वैबसाइट पर दिए गए क्रम का अनुकरण करते हुए सारी प्रक्रिया अपनानी होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष2020 में जहां राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में कुल 597 मामले आए वहीं प्रदेश के सभी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों में कुल 8614मामले दर्ज करवाए गए। उन्होंने कहा कि अब 'ई-फाईलिंग' पोर्टल की शुरूआत होने से उपभोक्ताओं को काफी सुविधा होगी।

# 12 और 13 फरवरी को जे.बी.टी. की भर्ती के लिए होगी कॉउसलिंग

**धर्मशाला।** उप निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, धर्मशाला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांगड़ा में जे.बी.टी. के 104 पदों जिसमें सामान्य वर्ग के 38, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 13, सामान्य स्वतंत्रता सेनानी आश्रित के एक, अन्य पिछड़ा वर्ग के 17, अन्य पिछड़ा वर्ग आई.आर. डी.पी. के 4, अन्य पिछड़ा वर्ग स्वतंत्रता सेनानी आश्रित के एक, अनुसूचित जाति के 19, अनुसूचित जाति आई.आर.डी.पी. के 4, अनुसूचित जाति स्वतंत्रता सेनानी आश्रित के एक, अनुसूचित जनजाति के 5, अनुसूचित जनजाति आई.आर. डी.पी. के एक पदों की भर्ती के लिए कॉउसलिंग डाइट, धर्मशाला के कार्यालय में 12 फरवरी को तथा अन्य जिलों के अभ्यर्थियों के लिए कॉउसलिंग 13 फरवरी, 2021 को होगी।

उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने 31-12- 2013 तक जे.बी.टी. का दो वर्ष का प्रशिक्षण और जे.बी.टी. टेट पास किया है तथा जिनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, वह मूल प्रमाण-पत्रों एवं उनकी एक सत्यापित प्रति सहित निर्धारित तिथि को डाईट, धर्मशाला के कार्यालय में प्रातः 10 बजे कॉउसलिंग के लिए उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा के अभ्यर्थियों के नामों की सूचियां सम्बन्धित रोजगार कार्यालयों से प्राप्त हुई हैं, उन्हें कॉउसलिंग के लिए पत्र भेजे जा रहे हैं, फिर भी यदि किसी अभ्यर्थी को समय पर पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो भी वह 12 फरवरी को कॉउसलिंग में भाग ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ मैट्रिक, जमा दो, टेट पास प्रमाण-पत्र, जे.बी.टी. प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र, हिमाचल का मूल प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सम्बन्धित तहसीलदार द्वारा जारी किया हुआ, आई.आर.डी.पी./बी.पी.एल. वर्ग सम्बन्धित बी.डी.ओ. द्वारा प्रति हस्ताक्षरित, आई.आर. डी.पी./बी.पी.एल. वर्ग के उम्मीदवारों का आय प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, नवीनतम सत्यापित फोटो एक, बायोडाटा फार्म जो कि कार्यालय के वैबसाइट ककममदहतंदपद पर मौजूद है।

# पंजाब पुलिस का मुख्तार अंसारी को यूपी सरकार को सौंपने से इनकार, दिया स्वास्थ्य का हवाला



**चंडीगढ़।** पिछले दो साल से रोपड़ जेल में बंद यूपी के विधायक व माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को पंजाब पुलिस ने एक बार फिर से उत्तर प्रदेश को सौंपने से इनकार कर दिया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है, जहां पर यूपी सरकार ने अंसारी को पंजाब से ले जाने के लिए एक याचिका दायर की है। इस पर पंजाब सरकार ने जेल अधीक्षक की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दायर किया है कि अंसारी उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अवसाद, पीठ दर्द और त्वचा की एलर्जी से पीड़ित है इसलिए उसे यूपी पुलिस को नहीं सौंपा जा सकता। एफिडेविट में यूपी पुलिस की याचिका का खारिज करने की भी मांग की गई है। पंजाब सरकार ने कहा है कि वह अंसारी का इलाज कर रहे चिकित्सकों की राय पर काम कर रही है। पंजाब सरकार ने कहा कि मुख्तार अंसारी को यूपी से दूर रखने के लिए पहले से कोई मंशा नहीं थी। पंजाब के दायर किए गए एफिडेविट पर सुप्रीम कोर्ट में 8 फरवरी को सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि पंजाब सरकार पहले भी अंसारी के स्वास्थ्य को लेकर और अन्य जानकारी जुटाने के लिए समय लेकर मामले को टालती रही है, जबकि यूपी सरकार लगातार मुख्तार अंसारी को वापिस ले जाने के प्रयास कर रही है। यूपी में इस बाहुबली विधायक पर 14 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं, जिसक चलते यूपी सरकार अंसारी की कस्टडी चाहती है। मुख्तार के खिलाफ सबसे बड़ा मुकदमा बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का है, जो दिल्ली की सीबीआई कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में कृष्णानंद राय की पत्नी बीजेपी विधायक अलका राय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को चिट्ठी लिखकर बाहुबली मुख्तार अंसारी को बचाने का आरोप लगाए थे। पंजाब पुलिस मुख्तार अंसारी को 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में 2 साल पहले प्रोडक्शन वॉरंट पर मोहाली ले आई थी।

# मतदाता सूचियों के संशोधन का कार्यक्रम जारी

**शिमला।** राज्य निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि तीन विकास खण्डों जिला शिमला के टुटू, चौपाल तथा जिला मण्डी के धर्मपुर की मतदाता सूचियों के संशोधन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन विकास खण्डों में निकट भविष्य में प्रधान पद के चुनाव करवाए जाएंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने चार नगर निगमों मण्डी, पालमपुर, धर्मशाला तथा सोलन और नगर पंचायतों आनी, निरमण्ड, नेरवा, चिड़गांव, कण्डाघाट और अम्ब की मतदाता सूचियों के संशोधन का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। इस संदर्भ में सभी सम्बन्धित उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मतदाता सूचियां एक जनवरी 2021 के अहर्ता दिनांक के अनुसार संशोधित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 फरवरी, 2021 को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन, 16 फरवरी, 2021 को दावे तथा आपत्तियों का प्रस्तुतिकरण, 19 फरवरी, 2021 को दावे तथा आपत्तियों का निपटारा, 22 फरवरी, 2021 को अपीलों का प्रस्तुतिकरण, 25 फरवरी, 2021 को अपीलों का निपटारा तथा 26 फरवरी, 2021 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम उन सभी पंचायतों व शहरी निकायों में भी लागू होगा, जिनमें हाल ही में करवाए गए निर्वाचन में किसी कारणवश पदाधिकारियों के पद रिक्त रह गए थे।

# 'शैल' द किंग ऑफ रोमांटिक सांग्स ने अपने नए ट्रैक 'ईशारा' से की वापसी

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। फरवरी, 2021 - 'शैल' जिन्हे किंग ऑफ रोमांटिक सांग्स भी कहा जाता है, ने अपना नया ट्रैक 'ईशारा' से वापसी की है। संगीत प्रेमियों ने उन्हें उनके बड़े हिट्स जैसे- सोनिये हिरिये, ज़िन्दगी , तेरे नाल आदि के लिए बहुत प्यार दिया है। उनकी मंत्रमुग्ध करने वाली आवाज और गानों की गर्मजोशी ने हमेशा प्रशंसकों का दिल चुराया है। के पिछला ट्रैक्स की तरह ही 'ईशारा' के वीडियो में अद्भुत कहानी लाइन है, जो उनके प्रशंसकों में एक छाप छोड़ जाएगी।

आज सिंगर शैल ओसवाल ने अपना अपने नए ट्रैक 'ईशारा' का लॉन्च जे डब्ल्यू मैरियट, होटल चंडीगढ़ में किया उनके साथ मल्टी टैलेंटेड अभिनेत्री, समीक्षा ओसवाल जिन्होंने अब 'ईशारा' को भी डायरेक्ट किया है के साथ मॉडल शिवांगी वर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नए वेंचर एसएसओ प्रोडक्शंस का भी लॉन्च अनाउंस किया गया। ट्रैक खुबसूरती से विद्युत गोस्वामी द्वारा रचित है और गीत विमल कश्यप द्वारा लिखे गए हैं।

अपने जीवन साथी और ईशारा के निर्देशक के साथ काम करने के अपने उत्साह और अनुभव को साझा करते हुए गायक शैल कहते हैं, समीक्षा बहुत ही रचनात्मक है, वह अपनी अवधारणा लिखती है और जानती है कि पर्दे पर उन्हें आसानी से कैसे अंजाम दिया जाता है।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जमवाल ने अगले वित्त वर्ष के बजट को 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए मार्गदर्शक बताया



**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जमवाल ने अगले वित्त वर्ष के बजट को 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए मार्गदर्शक बताया और कहा कि इससे भारत को दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। भाजपा मंत्री त्रिलोक जमवाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में अगले वित्त के लिए बजट पेश किया। उन्होंने कहा कोरोना वायरस महामारी के बीच प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सर्व-समावेशी बजट तैयार किया गया। उन्होंने कहा, कोरोना महामारी में इस वर्ष का बजट बनाना निश्चित रूप से जटिल काम था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं राज्य वित्त मंत्री अनुराग ठाकुर ने आत्मनिर्भर भारत को बढ़ाने के लिए बजट पेश किया है। उन्होंने कहा 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था, किसानों की आय दोगुना करने के संकल्प का मार्ग यह प्रशस्त करेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना टीकाकरण के लिए 35,000 करोड़ रुपये के फंड की घोषणा की है। यह भारत को कोरोना मुक्त बनाने के लिए पीएम मोदी की संकल्प शक्ति को दर्शाता है। मैं इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री प्रथम दिन से ही किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित हैं। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए...लागत से डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करना मोदी सरकार की कटिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, ह्मोदी सरकार ने देश के किसानों को सुलभ ऋण प्रदान करने के लिए इस वर्ष के बजट में उनके लिए 16.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। साथ ही माइक्रो इरिगेशन फंड को दोगुना किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को बल मिलेगा। देश में पांच कृषि भी बनाए जाएंगे त्रिलोक ने कहा, इस वर्ष धान की फसल की एमएसपी पर खरीद लगभग दोगुना मात्रा में की गई है, जिससे देश के 1.5 करोड़ किसानों को लाभ मिला है। यह किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित प्रधानमंत्री जी की एमएसपी के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, लोगों को उम्मीद नहीं थी कि इस प्रकार का बजट पेश होगा, क्योंकि इससे पहले भी एक तरह से पांच मिनी बजट पेश हुए हैं। ये बहुत ही शानदार बजट है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का ड्रीम प्रोजेक्ट एयरपोर्ट मंडी एट नागचला के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1000 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इस धनराशि के जारी होने से एयरपोर्ट के निर्माण का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 400 करोड़ की बड़ी सौगात केंद्र की ओर से दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए अलग - अलग क्षेत्रों में सैकड़ों करोड़ रुपए का प्रावधान केंद्रीय बजट में किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 वित आयोग में 81971 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# किसानों से दूर हुई दिल्ली, कीलों से किलेबंदी

“ आंदोलन लोकतांत्रिक देश में सभी का अधिकार है। हम किसी को प्रदर्शन, आंदोलन और धरने से नहीं रोक सकते हैं। दिल्ली पुलिस की तरफ से उठाए गए सुरक्षा के इंतजाम से साफ दिख रहा है कि किसानों के लिए अब दिल्ली दूर है। सरकार और प्रधानमंत्री भले कह रहे हो कि यह दूरी सिर्फ एक कॉल किए है, लेकिन अब लगता नहीं कि किसानों और सरकार के बीच कोई बात बन पाएगी। क्योंकि अभी तक किसानों और सरकार के बीच दस चक्र की वार्ता के बाद भी बात नहीं बन पायी है। ”



प्रभुनाथ शुक्ल

सरकार और किसान संगठनों को खुले मन से आकर इस मामले को हल करना चाहिए गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में हुई हिंसा के बाद तकरीबन यह तय माना जा रहा था कि किसान आंदोलन समय से पहले खत्म हो जाएगा। तिरंगे के अपमान से पूरा देश उबाल में था। किसान संगठनों ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। लेकिन राकेश टिकैत अगुवाई में एक बार पुनः आंदोलन और मजबूती से खड़ा हुआ। गाजीपुर सीमा पर पुनः किसानों का जमावड़ा शुरू हो गया है।

लेकिन कानून व्यवस्था की आड़ में दिल्ली पुलिस ने सीमा की कटीलें तारों, सीमेंट की बाड़ और नुकिले कीलों से घेरा बंदी कर दी है। पुलिस की इस नीति की तीखी आलोचना भी हो रहीं है। सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपए अनावश्यक रूप से खर्च किए गए। पुलिस किसानों को चारों तरफ से मजबूत घेरा बनाकर घेर लिया है। वह किसानों तक दूसरे लोगों को पहुंचना नहीं देना चाहती है।

सरकार किसान आंदोलन को एकदम खत्म करने के लिए हर कोशिश कर रही है। पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। शौचालय की सुविधा भी खत्म कर दी गई है। बिजली काट दी गई है जबकि अन्नदाता कड़ाके की ठंड में खुले आसमान तले रात गुजार रहा है। किसानों और सरकार के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। दिल्ली की सीमा से सटे गाजीपुर, सिंधु और टिकरी बॉर्डर पर लोहे की मोटी-मोटी किलें लगा दी गई है। छह से आठ लेयर की बाड़ लगाईं गई है। दिल्ली को सुरक्षित रखने के नाम पर दिल्ली पुलिस ने इस तरह का इंतजाम किया जिसकी उम्मीद नहीं की जा सकती। सम्भवतः आजाद भारत में इस तरह की किले बंदी किसी आंदोलन के लिए नहीं की गई। क्या किसान देश का नागरिक नहीं है। क्या वह अपनी बात सरकार तक नहीं पहुंचा सकता है। किसान के लिए इस तरह की किलेबंदी क्यों ? पुलिस का यह कदम पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। लोकतान्त्रिक देश में इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं। जवान और किसानों के बीच टाकाराव की स्थिति ठीक नहीं है।

आंदोलन लोकतांत्रिक देश में सभी का अधिकार है। हम किसी को प्रदर्शन, आंदोलन और धरने से नहीं रोक सकते हैं। दिल्ली पुलिस की तरफ से उठाए गए सुरक्षा के इंतजाम से साफ दिख रहा है कि किसानों के लिए अब दिल्ली दूर है। सरकार और प्रधानमंत्री भले कह रहे हो कि यह दूरी सिर्फ एक कॉल किए है, लेकिन अब लगता नहीं कि किसानों और सरकार के बीच कोई बात बन पाएगी। क्योंकि अभी तक किसानों और सरकार के बीच दस चक्र की वार्ता के बाद भी बात नहीं बन पायी है।

सरकार और किसान दोनों अपनी जिद पर अड़ी है।किसान तीनों कानूनों को खत्म करना चाहते हैं जबकि सरकार किसी भी कानून को खत्म नहीं करना चाहती। कुछ बातों पर सहमति बनी थीं लेकिन अब समाधान का रास्ता दिखता नजर नहीं आता है। अभी तक किसान आंदोलन राजनीति से पूरी तरह दूर था, लेकिन गाजीपुर बॉर्डर पर जिस तरह के हालात बने हैं उससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि पूरा विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ लामबंद हो रहा है। राष्ट्रीय लोकदल, कांग्रेस, आप, समाजवादी पार्टी के साथ अब शिवसेना भी कूद पड़ी है। किसान आंदोलन पर राजनीति की हावी होती दिखती है। क्योंकि सामने पश्चिम बंगाल के साथ कई राज्यों के चुनाव हैं। उत्तर प्रदेश में भी साल भर बाद चुनावी गरमाहट शुरू हो जाएगी। विपक्ष किसान आंदोलन की आड़ में अपनी खोई हुई जमींन तलाशने में जुटा है। गाजीपुर बार्डर पर राकेश टिकैत से जयंत चौधरी, आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया, कांग्रेस के अजय कुमार लल्लू और शिवसेना के संजय राउत के साथ दूसरे दलों के राजनेता मिल कर किसान आंदोलन को राजनीतक रंग दे दिया है। टिकैत की आंखों से टपके आंसू और उनकी भावनात्मक अपील ने खासा असर किया। हासिए पर जाता किसान आंदोलन अपनी रौ में आ गया है।

किसान नेता राकेश टिकैत एक नई भूमिका में उभरे हैं।

सरकार को किसान आंदोलन के मुद्दे पर नरम रुख अपनाना चाहिए। देश की सीमा से सटे बॉर्डर पर भी इतनी सुरक्षा नहीं है जितना की गाजीपुर में दिल्ली पुलिस ने किया है। पाकिस्तान, चीन, नेपाल और बांग्लादेश से सटी सीमा पर भी इतने पुख्ता इंतजाम नहीं है। इसमें कुछ देशों को छोड़ सभी के साथ हमारी प्राकृतिक सीमा है।फिर किसानों के साथ इतनी शक्ति क्यों ?

सरकार तीनों कानूनों पर डेढ़ साल के लिए प्रतिबंध लगा सकती है तो उसे खत्म क्यों नहीं कर सकती। सरकार अपने स्थान पर सही भी हो सकती है लेकिन किसानों को वह समझाने में नाकाम रहीं है। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह राजनीति का विषय नहीं है। पंजाब सरकार ने दिल्ली हिंसा के मुकदमों को लड़ने के लिए किसानों को वकील भी मुहैया कराएगी। राज्यसभा में भी किसान आंदोलन को लेकर बड़ा हंगामा हुआ। पत्रकारों पर भी मुकदमे लादे जा रहे हैं जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ही किसान शामिल हैं। जबकि देश के अधिकांश हिस्सों से किसानों ने तीनों के कृषि बिल का समर्थन किया है। यह सरकार की दलील हो सकती है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। क्योंकि पंजाब और हरियाणा के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान इसका अधिक लाभ उठाते हैं फिर आंदोलन कौन करेगा। किसान संगठनों ने 6 फरवरी को देश व्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया है। टिकैत आंदोलन को धार देने जिंद की महापंचायत में जा रहें हैं जहाँ किसान आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए विचार-विमर्श होगा।

सरकार किसी भी तरह से किसानों के आगे झुकना नहीं चाहती है जबकि वह बातचीत के दरवाजे खुला भी रखना चाहती है। जबकि किसान तीनों कृषि कानून का खात्मा चाहते हैं।

किसान आंदोलन से किसको सियासी नफा और किसे नुकसान होगा यह अलग विश्लेषण का विषय है, लेकिन सरकार और किसानों को इस पर आम सहमति बनानी होगी। सत्ता के बल पर किसानों की माँग को दबाया नहीं जा सकता है। अभी तक किसान आंदोलन राजनीति से दूर रहा लेकिन अब यह राजनीतिक रंग लेता दिख रहा है।

## संपादकीय



# तेजस का सौदा

सरकार ने 83 तेजस हल्के लड़ाकू विमान खरीदने के लिए सरकारी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ बुधवार को 48 हजार करोड़ रुपए के सौदे पर औपचारिक मुहर लगा दी। सरकार की तरफ से इस सौदे को रक्षा क्षेत्र में सबसे बड़ा ह्यमेक इन इंडियाज अनुबंध करार दिया गया। रक्षा मंत्रालय के खरीद मामलों के महानिदेशक वी एल कांता राव ने एचएएल के प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष आर माधवन को यह अनुबंध ह्यएयरो इंडिया-2021ज के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सौंपा। भारतीय वायुसेना की तरफ से 83 एलसीए का ऑर्डर अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इससे देश में एयरोनॉटिक्स को बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) ने भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पिछले माह एचएएल से 73 तेजस एमके-1ए तथा 10 एलसीए तेजस एमके-1 प्रशिक्षु विमान खरीद की मंजूरी दी थी। काफी समय से भारतीय सेना के पास युद्धक विमानों, अत्याधुनिक प्रणाली के हथियार, निरीक्षण उपकरण वगैरह की भारी कमी महसूस की जाती रही है। खासकर वायुसेना के बेड़े में मौजूद विमानों के पुराने पड़ जाने की वजह से इसकी ताकत कमजोर बताई जाती रही है। इसी के मद्देनजर रफाल विमानों की खरीद की गई थी। अब तेजस की अगली पीढ़ी के 83 नए एमके-1ए विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी गई है। इसके पहले ही 40 तेजस जेट युद्धक विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी गई थी। इस तरह भारतीय वायुसेना के पास तेजस शृंखला के एक सौ तेईस विमान हो जाएंगे, जिससे छह से आठ स्क्वाड्रन तैयार हो जाएंगे। ये सारे विमान आधुनिक तकनीक और मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाएंगे। अच्छी बात है कि ये सभी विमान स्वदेशी तकनीक से तैयार होंगे। भारत सरकार लंबे समय से इस जरूरत को रेखांकित करती रही है कि सामरिक मामलों में भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। हमारे यहां हिंदुस्तान एरोनाटिक्स और डीआरडीओ जैसी संस्थाएं इस दिशा में लंबे समय से काम करती रही हैं, मगर विश्व मानकों के अनुरूप सैन्य साजो-सामान तैयार करने में पिछड़ती रही हैं। तेजस विमानों से निस्संदेह इन संस्थानों को बल मिलेगा। यों सैन्य साजो-सामान पर अधिक खर्च को लेकर अक्सर आलोचना होती रही है, मगर इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि आज की स्थितियों में आर्थिक विकास बढ़ाने के साथ-साथ सामरिक रूप से मजबूती हासिल करके ही दुनिया में कोई देश अपने को शक्तिशाली साबित कर सकता है। फिर भारत जैसे देश को जब हर समय पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से चुनौतियां मिलती रहती हों, तब हमारी सेना का किसी भी रूप में कमजोर दिखना अच्छा नहीं माना जा सकता। सीमाओं पर शांति रहेगी तभी विकास संबंधी गतिविधियों को भी गति दी जा सकती है। फिर यह भी उजागर तथ्य है कि सामरिक रूप से शक्तिशाली बने बिना दुनिया के अग्रणी देशों की कतार में खड़ा हो पाना संभव नहीं है। सामरिक रूप से शक्तिशाली होने का अर्थ सिर्फ युद्ध जीतने में सक्षम होना नहीं होता, सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर होना भी होता है। आतंकवाद जैसी गतिविधियों पर काबू पाने में भी इससे मदद मिलती है। इसके अलावा सैन्य साजो-सामान बनाने के मामले में आत्मनिर्भर होने से उन्नत तकनीक वाले हथियार वगैरह के विश्व बाजार में भी उपस्थिति बनाने में मदद मिलती है। भारत अगर उस दिशा में बढ़ रहा है, तो इसे अच्छी बात ही कहा जा सकता है। अब वही देश सामरिक मामलों में शक्तिशाली माना जाता है, जिसके पास हवाई हमले के लिए उन्नत तकनीक वाले हथियार हैं।

# सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद शासन तंत्र के लापरवाह रुख से लोग परेशान

“ पीड़ित व्यक्ति की कोशिश यह होनी चाहिए थी कि अगर निचले स्तर के कर्मचारी या अधिकारी उसकी सुनवाई नहीं कर रहे थे तो वह उनके उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का रास्ता चुनाता। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि समूचे शासन तंत्र में निचले से लेकर ऊपरी स्तर की जटिल संरचना में एक आम नागरिक अगर कोई शिकायत लेकर पहुंचता है तो वह टालमटोल या फिर संबंधित कर्मचारी या अधिकारी की उदासीनता की वजह से अक्सर हार जाता है, टूट जाता है। कई बार भ्रष्टाचार की वजह से भी ऐसी परिस्थिति सामने आती है। यह स्थिति किसी भी सरकार और उसके तंत्र के लिए एक बड़ी विडम्बना है कि जो व्यवस्था आम लोगों को सुविधा मुहैया कराने और उसकी शिकायतों पर गौर करके उसका निपटारा करने के लिए बनायी गई है । ”



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भले ही प्राथमिकता से सरकारी कामकाज की शैली में पारदर्शिता, तत्परता और ईमानदारी की वकालत की हो, लेकिन आज भी सरकारी कार्यशैली लापरवाह, अनुशासनहीन, भ्रष्ट एवं उदासीन बनी हुई है। आजादी के बहतर सालों के बाद भी आम आदमी शासन-तंत्र की उपेक्षा एवं बेपरवाही के कारण अनेक संकटों का सामना करने को विवश है। विवशताएं इतनी अधिक हैं कि आम आदमी के सामने इनके समाधान का कोई रास्ता नहीं है। एक नागरिक अपनी शिकायत पर ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से हताशा के दौर में चला जाता है। ऐसी ही त्रासद, हताश एवं विकराल स्थितियों के बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने एक व्यक्ति ने इसलिए आग लगाकर जान देने की कोशिश की कि शासन-तंत्र में बैठे संबंधित अधिकारियों ने उसकी शिकायत की अनदेखी की और आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। अफसोसजनक स्थिति है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तमाम सतर्कता, चेतावनी एवं चुस्त प्रशासन की घोषणाओं के बावजूद ऐसी स्थितियां कायम हैं। एक आम नागरिक प्रशासन की उपेक्षा एवं लापरवाही से इतना परेशान हो जाये कि उसे आत्महत्या के अलावा कोई और रास्ता दिखाई न दे, यह शासन एवं प्रशासन की जवाबदेही पर एक बड़ा घिनौना प्रश्न है।

खबर के मुताबिक, कन्नौज जिले के रहने वाले उस व्यक्ति ने ग्राम प्रधान और लेखपाल से इस बात की शिकायत की थी कि उसकी जमीन पर दूसरे व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। नियमानुसार शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारियों को अपनी ड्यूटी के तहत समय पर मामले की जांच करनी चाहिए थी, ताकि न्याय का रास्ता तैयार होता। लेकिन उनके रूख में लगातार अनदेखी ने शिकायतकर्ता को इस हद तक क्षुब्ध एवं पीड़ित कर दिया कि उसे सार्वजनिक रूप से आत्मदाह की कोशिश करके अपनी परेशानी की ओर शीर्ष शासन-प्रशासन का ध्यान खींचने का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। शुक्र है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और पीड़ित को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। अगर समय पर यह सक्रियता नहीं दिखाई गई होती तो मामला इस रूप में दर्ज हो जाता कि एक व्यक्ति को शासकीय कामकाज में उपेक्षा एवं लापवाही की वजह से अपनी जान देनी पड़ी। निश्चित रूप से शिकायत पर कार्रवाई में देरी की वजह से किसी व्यक्ति के इस तरह के कदम उठाने को उचित नहीं ठहराया जा सकता। बात केवल उत्तर प्रदेश की नहीं है, देशभर के तमाम सरकारी कार्यालयों में आम आदमी ऐसी स्थितियों से रू-ब-रू होता है।

पीड़ित व्यक्ति की कोशिश यह होनी चाहिए थी कि अगर निचले स्तर के कर्मचारी या अधिकारी उसकी सुनवाई नहीं कर रहे थे तो वह उनके उच्चाधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का रास्ता चुनाता। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि समूचे शासन तंत्र में निचले से लेकर ऊपरी स्तर की जटिल संरचना में एक आम नागरिक अगर कोई शिकायत लेकर पहुंचता है तो वह टालमटोल या फिर संबंधित कर्मचारी या अधिकारी की उदासीनता की वजह से अक्सर हार जाता है, टूट जाता है। कई बार भ्रष्टाचार की वजह से भी ऐसी परिस्थिति सामने आती है। यह स्थिति किसी भी सरकार और उसके तंत्र के लिए एक बड़ी विडम्बना है कि जो व्यवस्था आम लोगों को सुविधा मुहैया कराने और उसकी शिकायतों पर गौर करके उसका निपटारा करने के लिए बनायी गई है, उसी की वजह से किसी को हताश होकर आत्मदाह की कोशिश जैसा अतिवादी कदम उठाना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में इससे पहले भी शिकायत पर सुनवाई नहीं होने की वजह से कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। सवाल है कि अगर राज्य सरकार और उसके संबंधित महकमे अपने कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और समय पर दायित्व पूरा करने के साथ जनता को आश्वस्त करते हैं, तो किसी नागरिक के सामने अपनी शिकायतें नहीं सुने जाने की वजह से जान देने या इसकी कोशिश करने की नौबत क्यों आती हैं?

हर स्तर पर नियंत्रण नहीं होकर सर्वोपरि नियंत्रण होना चाहिए। हर स्तर पर नियंत्रण रखने से, सारी शक्ति नियंत्रण को नियंत्रित करने में ही लग जाती है। नियंत्रण और अनुशासन में फर्क है। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और वास्तविक रूप में रहेगा मात्र ऊपरी तौर पर नहीं। अधिकार किसी के कम नहीं हों। स्वतंत्रता किसी की प्रभावित नहीं हो। पर इनकी उपयोग में भी सीमा, समयावधि और संयम हो।


कानूनी व्यवस्था में गलती करने पर दण्ड का प्रावधान है, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था में कोई दण्ड का प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि किसी एक व्यक्ति को संपूर्ण अधिकार देने में हिचकिचाहट रहती है। हर स्तर पर दायित्व के साथ आचार संहिता अवश्य हो। दायित्व बंधन अवश्य लायें। निरंकुशता नहीं। आलोचना भी हो। स्वस्थ आलोचना, पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को जागरूक रखती है। पर जब आलोचक मौन हो जाते हैं और चापलूस मुखर हो जाते हैं, तब फलित समाज को भुगतना पड़ता है।

आज हम अगर दायित्व स्वीकारने वाले समूह के लिए या सामूहिक तौर पर एक संहिता का निर्माण कर सकें, तो निश्चय ही प्रजातांत्रिक ढांचे को कायम रखते हुए एक मजबूत, पारदर्शी, शुद्ध व्यवस्था संचालन की प्रक्रिया बना सकते हैं। हां, तब प्रतिक्रिया व्यक्त करने वालों को मुखर करना पड़ेगा और चापलूसों-लापरवाहों को हताश, ताकि सबसे ऊपर अनुशासन और आचार संहिता स्थापित हो सके अन्यथा अगर आदर्श ऊपर से नहीं आया तो क्रांति नीचे से होगी। जो व्यवस्था अनुशासन आधारित संहिता से नहीं बंधती, वह विघटन की सीढ़ियों से नीचे उतर जाती है। काम कम हो, माफ किया जा सकता है, पर आचारहीनता एवं गैरजिम्मेदारी तो सोची समझी गलती है- उसे माफ नहीं किया जा सकता।

‘सिस्टम’ की रोग मुक्ति, स्वस्थ समाज एवं प्रशासन का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं सामाजिक चरित्र निर्माण के लिए प्रशासन से जुड़े कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आचार संहिता से बांधना ही होगा, अन्यथा भोले-भाली जनता आत्महत्या को विवश होती रहेगी। दो राहगीर एक बार एक दिशा की ओर जा रहे थे। एक ने पगडंडी को अपना माध्यम बनाया, दूसरे ने बीहड़, उबड़-खाबड़ रास्ता चुना। जब दोनों लक्ष्य तक पहुंचे तो पहला मुस्कुरा रहा था और दूसरा दर्द से कराह रहा था, लहूलुहान था। हमारा प्रशासनिक ढांचा राजमार्ग बने, उबड़-खाबड़ बीहड़ नहीं। शासन-प्रशासन को जवाबदेही तो लेनी ही होगी। किसी काम या शिकायत के निपटारे के लिए एक निर्धारित अवधि एवं न्यूनतम प्रक्रिया होनी चाहिए। सरकार अगर खुद को जनता के प्रति जिम्मेदार मानती है तो उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन-तंत्र में आम लोगों की शिकायतों का निपटारा या जरूरत के काम समय पर पूरे हों। शासकीय कामकाज में टालमटोल, उदासीनता या भ्रष्टाचार सरकार में जनता का भरोसा कमजोर करते हैं। शासन-प्रशासन से जुड़ी शक्तियां अपने कामकाज की शैली में पारदर्शिता, त्वरता एवं ईमानदारी के कोरे दावे ही नहीं करें, बल्कि प्रक्रिया भी प्रस्तुत करें।

**-ललित गर्ग**

# दिल की जुबान बन गए आंसू टिकैत के



निर्मल रानी

सत्ता समर्थित मीडिया ने 26 जनवरी की किसान ट्रैक्टर रैली के अस्त व्यस्त होने विशेषकर लाल किले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद जिस किसान आंदोलन को लगभग समाप्त करने की खबरें चलानी शुरू कर दी थीं वही आंदोलन न केवल और अधिक तेज बल्कि और भी विस्तृत हो गया है। इस आंदोलन से सरकार को कैसे निपटना है जाहिर है सरकार के सलाहकार व रणनीति कार इस मुद्दे पर अपना काम कर रहे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब 31 जनवरी को अपने ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम में लाल किले की घटना पर यह कहा कि -ह्ल दिल्ली में, 26 जनवरी को तिरंगे का अपमान देख, देश, बहुत दुखी हुआह्ल परन्तु यह सब क्यों हुआ और किसान आंदोलन क्यों चल रहा है,इस विषय पर उनका कुछ भी न बोलना किसान आन्दोलन के प्रति सरकार की ह्यचिंताओंह्ल को दशार्ता है। यहां तक कि लगभग डेढ़ सौ किसानों का इस आंदोलन में शहीद हो जाना और कई किसानों व किसान नेताओं का आत्म हत्या करना भी सरकार के लिए अफसोस जाहिर करने या चर्चा करने का विषय नहीं समझा गया। परन्तु ठीक इसके विपरीत सरकार के कदमों से व्यथित किसान नेता राकेश टिकैत का दुखी मन से सार्वजनिक रूप से आंसू बहाना सरकार व सरकारी सलाहकारों के सभी मंसूबों पर पानी फेर गया।

शायर ने शायद इन्हीं परिस्थितियों के लिए कहा है कि ह्यजब्त की जब दीवार गिरे और आँखों से। बह निकले सैलाब,तो साथी आ जानाह्ल।। जब्त अर्थात (सहन शक्ति/धैर्य ) और ठीक वैसा ही हुआ। जब सरकार ने दिल्ली के गाजीपुर बार्डर के धरना स्थल की बिजली पानी बंद की और भारतीय जनता पार्टी का एक विधायक ह्यआंदोलनकारी किसानों को जूते मार कर भगानेह्ल का ऐलान करने लगा व सारे आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी बताने लगा उन हालात में राकेश टिकैत की आँखों से आंसू निकलना स्वभाविक था। राकेश टिकैत के अनुसार जिस विधायक ने किसानों पर हमला करवाया और गोली व जूते मारने बातें कर रहा था वही विधायक कुछ ही दिन पहले इसी आंदोलन को न केवल समर्थन देता है बल्कि आलू, चीनी व कंबल जैसी जरूरत की अनेक सामग्रियां भी भिजवाता है। परन्तु किसके इशारे पर और किस रणनीति के तहत वही विधायक किसानों पर हमलावर हो जाता है ? हैरत की बात तो यह है कि सत्ता के पिट्ठू यह सब तब कर रहे हैं जबकि किसानों पर आंदोलन के प्रारंभ से ही लगने वाले तरह तरह के लांछनों के बावजूद अभी तक पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण,व्यवस्थित व अनुशासित रूप से चलाया जा रहा है। परन्तु गाजीपुर बॉर्डर पर सत्ता समर्थित भीड़ द्वारा किसानों पर हमला करना और उसके बावजूद किसानों का संयमित रहना और किसानों द्वारा किसी तरह का उपद्रव करने के बजाए उनके नेता राकेश टिकैत का आंसू बहाकर अपने दिल की व्यथा को जाहिर करना आंदोलन में तो जान फूँक ही गया साथ साथ सरकार के लिए भी एक बड़ी चुनौती खड़ा कर गया। गोया राकेश टिकैत के आंसू आंदोलन के प्रवाह में सुनामी की भूमिका अदा कर गए।

अब जबकि आंदोलन और भी तेजी से फैल रहा है और किसानों द्वारा लंबे संघर्ष की तैयारियाँ शुरू कर दी गयी हैं। सरकार भी अपने ह्यएक्शनह्ल में आ चुकी है। देश के इतिहास में पहली बार दिल्ली की ऐसी अभेद सुरक्षा की जा रही है गोया दिल्ली को अपने ही देश के किसानों से नहीं बल्कि सीमापार के दुश्मनों से सुरक्षित रखने की तैयारी हो रही हो। कहीं कंक्रीट की दीवारें तो कहीं गहरी खाईयां,कहीं भारी भरकम घने बैरिकेड तो कहीं मोटी कीलों की सड़कों पर ढलाई। बिल्कुल ऐसा प्रतीत हो रहा है गोया दिल्ली को किले में परिवर्तित किया जा रहा हो। यह उन किसानों को रोकने के नाम पर किया जा रहा है जिनके लिए प्रधानमंत्री का कहना है कि वे किसानों से एक कॉल की दूरी पर हैं,परन्तु फासला इतना बढ़ाया जा रहा है कि कंक्रीट की दीवारों की जरूरत महसूस की जाने लगी ? सरकार द्वारा किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोकने के लिए हरियाणा व दिल्ली के आसपास के कई क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा कहीं ठप्प तो कहीं बाधित कर दी गयी। किसानों में सरकार के इस कदम को लेकर भी काफी गुस्सा देखा जा रहा है। किसान नेता सरकार के इस कदम को तानाशाही पूर्ण व सरकार द्वारा सच्चाई को छुपाने की कवायद बता रहे हैं।

बेशक इस देश ने पहले भी राजनेताओं के आंसू बहते देखे हैं। हर आंसू की अपनी कीमत और वजह रही होगी। परन्तु टिकैत के आंसू न तो इस लिए थे की उनके सामने से ह्य सत्ता की थाली खींच ली गयी न ही उन्हें इस बात का गिला था की उन्हें अमुक पद से क्यों वंचित रखा गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



मदरलैण्ड वॉइस 07
नई दिल्ली, शनिवार 06 फरवरी 2021

## कोरोना वैक्सीन लगवाने से परहेज कर रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी, ब्रिटेन की बढ़ी चिंता

**लंदन।** कोरोनारोधी वैक्सीन को लेकर पाकिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों के परहेज से ब्रिटेन की चिंता बढ़ गई है। ब्रिटेन के सबसे बड़े वैक्सिनेशन प्रोग्राम में यह बड़ी बाधा है। दरअसल, देश के करीब 15 फीसदी लोग वैक्सीन लगवाने को तैयार नहीं हैं और अल्पसंख्यकों में वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या सबसे कम है। इस बारे में सीनियर मंत्री नदीम जहावी का कहना है कि (अश्वेत, एशियाई, अल्पसंख्यक और एथनिक) समुदाय के लोगों में वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट है। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि 85फीसदी लोगों को भी वैक्सीन लग जाती है तो हर्ड इम्यूनिटी हासिल की जा सकेगी। जहावी ने बताया है, ह्यफिलहाल यह एनएचएस का चलाया सबसे बड़ा वैक्सिनेशन प्रोग्राम है। इसलिए ब्रिटेन इस बारे में आगे है जहां लोग वैक्सीन लगवाकर खुद को और अपने परिवार-समुदाय को सुरक्षित रखना चाहते हैं।



हालांकि, एसएजीई (साइंटिफिक अडवाइजरी ग्रुप फॉर इमर्जेंसीज) ने चेतावनी दी है कि अल्पसंख्यक समुदाय में कम लोगों के वैक्सीन लगाने से ब्रिटेन की वैक्सीन ड्राइव को बड़ा खतरा पैदा हो सकता है अगर बड़ी संख्या में लोग इसे लेने से इनकार करने लगे। एडवाइजरी पैनल ने सालों से चले आ रहे ह्यढांचागत और संस्थागत नस्लभेद और भेदभावह्ण को इस समुदाय में वैक्सीन के खिलाफ होने का दोषी बताया है, खासकर अश्वेत, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी लोगों में। इससे पहले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन बीएएमई समूहों को आश्वासन देने वेस्ट यॉर्कशायर के बेटली में मुस्लिम अल-हीकमाह सेंटर पर वैक्सीनेशन क्लिनिक पहुंचे थे। ब्रिटेन में अब तक 1 करोड़ लोगों को वैक्सीन दी जा चुकी है। वहीं, 2.3 करोड़ पाउंड स्थानीय नेताओं को लोगों को मनाने के प्रोग्राम पर खर्च करने के लिए निर्धारित किए गए हैं। सरकार की कोशिश है कि 70 साल से ऊपर के लोगों, खतरे का सामना कर रहे और केयर होम में रह रहे 1.5 करोड़ लोगों को फरवरी के मध्य तक वैक्सिनेट किया जा सके। इसके लिए हर दिन 3.5 लाख लोगों को वैक्सिनेट करना होगा। पीएम ऑफिस ने एक पब्लिक रिलेशन फर्म को हायर किया है जो बीएएमई समुदायों में लोगों को वैक्सीन लेने के लिए मनाने का काम करेगी। इसके लिए गलत जानकारी और अफवाहों को रोकने का काम भी किया जाएगा।

## विरोध के स्वर दबाने म्यांमार की सैन्य सरकार ने फेसबुक पर रोक लगाई, तख्तापलट का विरोध तेज हुआ

**यंगून।** म्यांमार में तख्तापलट के बाद नई सैन्य सरकार के खिवाफ विरोध और मुखर होता जा रहा है। नई सैन्य सरकार ने प्रदर्शनों की आवाज को दबाने के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर रोक लगा दी। उल्लेखनीय है कि फेसबुक खासतौर पर म्यांमार में बहुत लोकप्रिय है और यहां अधिकतर लोगों तक अब इंटरनेट की पहुंच है। सेना ने सोमवार को संसद का नया सत्र शुरू होने से पहले ही तख्तापलट पर दिया था और आंग सांग सू की सहित अन्य शीर्ष राजनीतिज्ञों को हिरासत में ले लिया था। तख्तापलट के खिलाफ हाल में निर्वाचित करीब 70 सांसदों ने गुरुवार को नई सैन्य सरकार के आदेश की अवहेलना करते हुए संसद की सांकेतिक बैठक बुलाई। सांसदों के मुताबिक अनौपचारिक रूप से संसद की बैठक बुलाना सांकेतिक था जिसमें उन्होंने संदेश दिया कि सेना नहीं बल्कि वे देश के वैध विधि निर्माता हैं। कुछ सांसदों ने अतिथि गृह छोड़ते हुए गुस्से का इजहार किया और तख्तापलट का विरोध करने की प्रतिबद्धता जताई।



सू की की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेटिक के सदस्य सोय सोय ची ने कहा कि यह सभी नागरिकों के मानवाधिकार का उल्लंघन हैं। यह तख्तापलट नहीं है बल्कि सरकार के खिलाफ राजद्रोह है। मैं कहना चाहूंगा कि यह देशद्रोह है। सेना ने घोषणा की है कि वह एक साल के लिए आपातकाल की स्थिति के तहत शासन करेगी और फिर चुनाव आयोजित करेगी जिसमें जीतने वाले सरकार का कार्यभार संभालेंगे। इस बीच म्यांमार में तख्तापलट का विरोध भी तेज होता जा रहा है। देश के सबसे बड़े शहर यंगून की व्यस्त सड़क पर दीवारों पर पोस्टर दिखा जिस पर नारे लिखे थे, तानाशाही नहीं चाहते हैं। राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में मशहूर मांडले शहर में करीब 20 लोगों ने यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसिन के समक्ष तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्वास्थ्यकर्मियों ने घोषणा की है कि वे सैन्य सरकार के साथ काम नहीं करेंगे। बुधवार को लगातार दूसरी रात यंगून के निवासियों ने कार का हॉर्न बजाकर एवं शोर मचा कर तख्तापलट का विरोध किया। वहीं, राजधानी नेपीता में गुरुवार को हजारों की संख्या में लोगों ने सैन्य शासन के समर्थन में भी रैली निकाली। इसे सैन्य शासन की स्वीकृति दिलाने की कोशिश माना जा रहा है। उधर, उपयोक्ताओं ने बताया कि बुधवार देर रात से उन्हें फेसबुक इस्तेमाल करने में परेशानी आने लगी थी।

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी ह्यटेलेनॉर म्यांमारह्ण ने एक बयान में पुष्टि की कि उन्हें संचार मंत्रालय से फेसबुक को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश मिला है। उसने कहा कि वह इसका पालन करेगा, हालांकि वह इस कदम के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाला होने को लेकर भी चिंतित है। फेसबुक के एक प्रवक्ता ने कहा कि म्यांमार में दूरसंचार प्रदाताओं को फेसबुक पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया गया है। हम प्राधिकारियों से सेवा बहाल करने का आग्रह करते हैं ताकि म्यांमार के लोग अपने परिवार तथा दोस्तों से सम्पर्क कर सकें और उन तक महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंच सकें। सेना का कहना है कि आंग सान सू की की निर्वाचित असैन्य सरकार को हटाने का एक कारण यह था कि वह कथित व्यापक चुनावी अनियमितताओं के आरोपों की ठीक से जांच करने में विफल रही।

## कमला हैरिस को किया गया सम्मानित, लिंकन स्मारक के सामने हुआ उनकी कांच की तस्वीर का अनावरण

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पहली महिला उप राष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस को सम्मानित करते हुए यहां स्थित ऐतिहासिक लिंकन स्मारक के सामने उनकी कांच की एक तस्वीर का अनावरण किया गया। एक वक्तव्य में बताया गया कि यह चित्र छह फरवरी से लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। वक्तव्य के अनुसार अमेरिका में 56 वर्षीय हैरिस की उपलब्धि को देखते हुए यह चित्र प्रदर्शित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हैरिस पहली महिला उप राष्ट्रपति होने के साथ ही पहली अश्वेत उप राष्ट्रपति, पहली भारतीय-अमेरिकी उप राष्ट्रपति और पहली उप राष्ट्रपति हैं जिन्होंने किसी 'ऐतिहासिक अश्वेत कालेज और विश्वविद्यालय' से पढ़ाई की है। राष्ट्रीय महिला इतिहास संग्रहालय की अध्यक्ष और सीईओ हॉली होचनर ने कहा, प्रतिनिधित्व मायने रखता है। विशेष रूप से मतपेटी पर।

## चीन ने एंटी बलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया, बीच रास्ते में 'मार गिराई' मिसाइल

**पेइचिंग।** चीन का सैन्यशक्ति इजाफे का काम लगातार जारी है। अमेरिका और भारत के साथ चल रहे तनाव के बीच उसने एंटी बलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण करने का दावा किया है। चीन के सरकारी अखबार ने कहा कि इस मिसाइल परीक्षण का मकसद दुश्मन की मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइल (आईआरबीएम) को बीच रास्ते में ही तबाह करने की क्षमता का प्रदर्शन करना था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रणाली के जरिए अंतरिक्ष में सैटलाइट को भी तबाह किया जा सकता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम के परीक्षण का ऐलान किया और कहा कि परीक्षण के दौरान सभी लक्ष्यों को हासिल किया गया। चीन ने इससे ज्यादा और जानकारी नहीं दी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने बीच रास्ते में हमलावर मिसाइल को मार गिराया या नहीं। चीनी अधिकारियों ने कहा कि यह पूरा परीक्षण पूरी तरह से रक्षात्मक प्रकृति का था और इसका लक्ष्य कोई खास देश नहीं था।

चीन के सोशल मीडिया पर इस मिसाइल के परीक्षण का वीडियो शेयर किया गया है। बताया जा रहा है कि चीन ने इस मिसाइल सिस्टम का देश के उत्तरी इलाके में परीक्षण किया है। चीन में वायरल हो रहा वीडियो कुछ उसी तरह से है जब वर्ष 2018 में उसने इसी तरह से एंटी बलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मिसाइल परीक्षण का फुटेज अगर सही है तो उसे शांक्सी प्रांत से दागा गया है जो चीन के मिसाइलों के परीक्षण का केंद्र है। उधर, जमीन आधारित इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम के परीक्षण से चीन की इस तकनीक पर कुशलता बढ़ी है जो अब और ज्यादा विश्वसनीय हो गई है। चीन ने यह एंटी बलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का पांचवां परीक्षण किया है। चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि मिसाइल को बीच रास्ते में ही मार गिराना सबसे महत्वपूर्ण होता है।

## ढाई साल से अगवा दो सैनिकों को ईरान ने पाकिस्तान सीमा पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर छुड़ाया

**तेहरान।** ईरान की सेना ने भारत की राह पर चलते हुए ईरान की एलीट रिवोल्यूशनरी गार्ड ने पाकिस्तान में एक खुफिया ऑपरेशन को अंजाम देकर अपने दो सैनिकों को छुड़ा लिया है। ईरान के इन दो सैनिकों का 2018 में अपहरण कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि ईरान के अत्यंत प्रशिक्षित रिवाल्यूशनरी गार्ड्स ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकाने पर हमला करके करीब ढाई साल से बंदी अपने जवानों को छुड़ा लिया। ईरान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक जैश उल-अदल एक कट्टरपंथी वहाबी आतंकवादी गुट है जो दक्षिणी-पश्चिमी पाकिस्तान में ईरान सीमा पर सक्रिय है। न्यूज एजेंसी ने बताया कि जैश उल-अदल ने ही फरवरी 2019 में ईरान सेना पर हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें कई जवान मारे गए थे। ईरान सेना ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात को इस 'सर्जिकल स्ट्राइक' को



अंजाम दिया। ईरानी सेना ने एक बयान जारी करके कहा, मंगलवार की रात को एक सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है और पिछले ढाई साल से जैश उल अदल के कब्जे में बंदी दो सैनिकों को छुड़ा लिया गया।

बयान में कहा गया है कि ईरानी सैनिक सफलतापूर्वक देश वापस लौट आए हैं। एजेंसी के मुताबिक 16 अक्टूबर 2018 को जैश उल-अदल ने ईरानी सेना के 12 बार्डर गार्ड्स का अपहरण कर लिया था। इस घटना को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मर्कवा शहर में अंजाम दिया गया था। यह इलाका पाकिस्तान-ईरान सीमा के नजदीक स्थित है। इसके बाद दोनों देश की सेना ने जवानों को छुड़ाने के लिए एक ज्वाइंट कमेटी भी बनाई थी। जैश उल अदल ने इनमें से 5 सैनिकों को नवंबर 2018 में छोड़ दिया था। 21 मार्च 2019 को पाकिस्तानी सेना ने अपनी कार्रवाई में ईरानी सेना के 4 अन्य सदस्यों का रेस्क्यू कर लिया था। ईरान ने जैश उल अदल को आतंकी संगठन घोषित किया हुआ है। यह संगठन ईरान के खिलाफ सशस्त्र अभियान चलाता रहता है। इसमें बलोच सुन्नी मुसलमान शामिल हैं जो ईरान सुन्नियों के अधिकारों की रक्षा करने का दावा करते हैं।

जैश उल-अदल लंबे समय से पाकिस्तान-ईरान सीमा पर सक्रिय है और उसी ने ईरान के बसीज अर्द्धसैनिक ठिकाने पर हमला किया और ईरानी सेना के कई जवानों की हत्या कर दी थी। इस आतंकी गुट का दक्षिणी-पाकिस्तान में ठिकाना है और उसने सुन्नी आतंकी गुट जूनदुल्लाह के सदस्यों को अपने गुट में शामिल करके अपने अभियान की शुरूआत की थी। ईरान ने जूनदुल्लाह के कमांडरों को अरेस्ट कर लिया था। इसके बाद उसके बचे हुए सदस्य जैश उल-अदल में चले गए। जैश उल अदल ने वर्ष 2014 में भी 5 ईरानी सीमा रक्षकों का सीस्तान और बलूचिस्तान की सीमा से अपहरण कर लिया था और उन्हें पाकिस्तान के अंदर ले गए थे। करीब दो महीने बाद चार सैनिकों को छोड़ दिया गया था और एक सैनिक की हत्या कर दी गई थी। उसका शव ईरान को मिला था। मार्च 2015 में जैश उल अदल के एक सरगना सलाम रिगी को एक बस से अरेस्ट कर लिया था।

## पाकिस्तान का दावा- उम्रदराज लोगों के लिए प्रभावी नहीं है चीन की कोरोना वैक्सीन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बड़ा खुलासा करते हुए कि चीन का सिनोफार्म टीका 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्रभावी नहीं है। चीन ने पाकिस्तान को पांच लाख सिनोफार्म टीके दान किए थे जिन्हें लेने सोमवार को पाकिस्तान से एक विमान गया था। प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य मामलों के विशेष सहायक डॉक्टर फैसल सुल्तान ने कहा कि पाकिस्तान की विशेषज्ञ समिति ने डेटा के प्रारंभिक विश्लेषण पर विचार करने के बाद सुझाव दिया है कि टीका केवल 18 से 60 साल तक के आयु समूहों के लोगों को लगाया जाए। उन्होंने कहा, समिति ने इस चरण में सिनोफार्म टीके को 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए अधिकृत नहीं किया है।

स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. फैसल सुल्तान ने इस मौके पर कहा कि चीन की सिनोफार्म प्रभावी सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि मैं आपको सिनोफार्म टीके के बारे में बताना चाहता हूं कि यह 79 से 86 प्रतिशत तक प्रभावी



है। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक देश की 70 फीसदी जनसंख्या को टीका लग जाएगा। बताया जा रहा है कि चीन ने सिनोवेक की कोरोना वैक्सीन फ्री में देने के एवज में पाकिस्तान के सामने शर्त रखी थी कि वह खुद के खर्च से इस वैक्सीन को लेकर जाए। लेकिन, गरीबी से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक हवाई जहाज भेजने की प्लानिंग करने में ही कम से कम 1 महीना खर्च कर दिया। किसी अन्य देश से वैक्सीन की खैरात मिलती न देखकर इमरान खान सरकार ने आखिरकार रविवार को एक स्पेशल विमान चीन भेजकर वैक्सीन को मंगवाया।

## नया कोरोना स्ट्रेन- म्यूटेशन का पता लगाने की क्षमता बढ़ाने में लगी ब्रिटेन सरकार

**लंदन।** कोविड-19 वायरस के खिलाफ ब्रिटेन के केंब्रिज के पास एक गांव में स्थित सैंगर इंस्टिट्यूट का स्टाफ इन दिनों कोरोना वायरस पर रिसर्च में जुटा है। यहां इस वायरस की जेनेटिक सीक्वेंसिंग की जा रही है। इस काम को प्रॉजेक्ट हेरॉन नाम दिया गया है जिसमें सैकड़ों का स्टाफ शामिल है। इन लोगों की कोशिश है कोरोना वायरस के जेनेटिक कोड में म्यूटेशन ढूंढने की जिससे शक्ल बदलते गंभीर वायरस को महामारी के और ज्यादा भयावह होने से पहले पकड़ा जा सके।

यहां देश भर से सैंपल लाए जाते हैं जिन्हें वॉक-इन फ्रीजरों में रखा जाता है। लैब के अंदर एक रोबॉट इनमें से पॉजिटिव सैंपल्स को एक छोटी प्लेट में इकट्ठा करता है और एक अलग ट्रे पर रखता है जिसे हाथ से सील किया जाता है। दूसरे लैब में इसमें केमिकल डाले जाते हैं और एक छोटी मशीन में इन्हें शेक किया जाता है और फिर दो कांच के टुकड़ों के बीच प्रेस किया जाता है। करीब 15 घंटों बाद कंप्यूटर जेनेटिक डेटा जनरेट किया जाता है। इस लैब में हर हफ्ते 10 हजार सैंपल सीक्वेंस किए जाते हैं। ब्रिटेन के माइक्रोबायॉलजिस्ट इवन हैरिसन ने बताया है, ह्यहम ऐसा म्यूटेशन ढूंढ रहे हैं जिससे वायरस ज्यादा संक्रामक हो या गंभीर बीमारी पैदा करे और खासकर अभी जब वैक्सीन दुनियाभर में दी जा रही हैं, हम ऐसे म्यूटेशन देख रहे हैं जो वैक्सीन की लोगों की मदद करने की क्षमता पर असर डाले।ह्ण ब्रिटेन के पास मौजूद जेनेटिक डेटा की मदद से वायरस के नए स्ट्रेन को करीब दो महीने पहले खोजा गया था।

केंब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रवि गुप्ता की रिसर्च के मुताबिक वायरस के नए स्ट्रेन के खिलाफ फाइजर/बायोएनटेक की कोरोना वैक्सीन असरदार है लेकिन जरूरी नहीं है कि आने वाले हर नए स्ट्रेन के साथ ऐसा हो। दक्षिण अफ्रीका में भी एक वेरियंट पाया गया है और उस पर वैक्सीन के असर को लेकर चिंता बनी हुई है। इसके साथ ही बूस्टर शॉट की चर्चा भी तेज हो गई है। प्रोफेसर गुप्ता का कहना है कि वायरस में म्यूटेशन के जरिए वैक्सीन और इम्यून सिस्टम के खिलाफ प्रतिरोध पैदा हो रहा है। पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड के प्रवक्ता रुआरीध विलर के मुताबिक अभी तक ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील वेरियंट के बारे में पता चला है लेकिन हो सकता है कि इन देशों की सीक्वेंसिंग क्षमता की वजह से ऐसा मुमकिन हुआ है और वायरस में कहीं और म्यूटेशन हो रहा हो और हमें पता ही ना हो। प्रोफेसर गुप्ता और हैरिसन का भी मानना है कि कहीं और वायरस का खतरनाक वेरियंट फैल रहा है जहां वैज्ञानिक नए स्ट्रेन खोज नहीं पा रहे हैं। ब्रिटेन की सरकार दूसरे देशों की सीक्वेंसिंग में मदद करने का प्लान बना रही है ताकि म्यूटेशन का पता लगाने की क्षमता बढ़ाई जा सके।

## अफगानिस्तान में तालिबानी हमला, 16 सैनिकों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने गुरुवार को घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में 16 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि दो सैनिकों को अगवा कर लिया गया है। यह हमला कुंदुज प्रांतत के खान आबाद जिले ताप-ए-अख्तर में सेना की एक चेक पोस्ट पर किया गया।



अधिकारी रब्बानी रब्बानी ने पुष्टि की कि इस हमले में 16 सैनिक मारे गए। दो सैनिकों को तालिबानी अपने साथ ले गए। हमले के बाद प्रशासन ने क्षेत्र में सेना की एक यूनिट लगा दी है। साथ ही आतंकियों की तलाश में अभियान चलाया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और चीन अफगानिस्तान की सरकार को गिराना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यहां से नाटो सैनिकों की वापसी हो जाए। यदि ऐसा होता है तो अफगानिस्तान में फिर से हिंसा का दौर शुरू हो सकता है। दो महीने पहले ट्रंप प्रशासन ने एक रिपोर्ट में माना था कि पाकिस्तान के जरिए चीन अफगानिस्तान में अपना दखल बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान से सैन्य वापसी के लिए मई डेडलाइन तय की थी। इसके लिए तालिबान से शांति समझौता भी किया गया था। अब बाइडेन प्रशासन ने समझौता रद्द कर दिया है। लेकिन, इससे अफगानिस्तान में आतंकी हमले बढ़ गए हैं। अब अमेरिका के सहयोगी देशों ने बाइडेन प्रशासन से अपील की है कि अफगानिस्तान में मई के बाद भी नाटो सैनिक मौजूद रहने चाहिए।

## धरती जैसे 7 ग्रहों ने वैज्ञानिकों को हैरत में डाला

### कर रहे शोध, आखिर एक-दूसरे से इतने समान कैसे

**लंदन।** धरती से 40 प्रकाशवर्ष दूर स्थित ट्रापिस्ट-1 लाल बौने तारे का चक्कर 7 चट्टानी ग्रह काट रहे हैं। इनके बारे में वैज्ञानिकों को एक नई जानकारी हाथ लगी है। दरअसल, पाया गया है कि इनका घनत्व एक जैसा है, जिससे संकेत मिलते हैं कि इनकी बनावट भी एक जैसी हो सकती है। ये सभी ग्रह धरती के बराबर है या छोटे हैं। किसी सितारे का चक्कर काट रहे धरती जैसे ग्रहों का यह सबसे बड़ा समूह है। नासा की जेट प्रोपल्शन लैबरेटरी के मुताबिक ताजा स्टडी में पाया गया है कि इन ग्रहों का घनत्व धरती से 8 फीसदी कम है। यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिक की ऐस्ट्रोफिजिसिस्ट कैरोलाइन डॉर्न के कहना है, ट्रापिस्ट-1 सिस्टम बहुत रोचक है क्योंकि इस एक सितारे के पास हमें एक ही सिस्टम में चट्टानी ग्रहों की विविधता जानने का मौका



मिल रहा है और हम किसी ग्रह के बारे में उसके पड़ोसियों को स्टडी करके भी पता लगा सकते हैं। इसलिए यह सिस्टम परफेक्ट है।

जब ग्रह सितारे के सामने आता है, तो उसकी चमक में आई कमी को डिटेक्ट किया जाता है। इसके साथ ग्रहों की कक्षा के समय के आधार पर ऐस्ट्रनॉमर ग्रहों के द्रव्यमान और डायमीटर का अनुमान लगाया जाता है जिससे घनत्व का पता चल सकता है। ट्रपिस्ट-1 के ग्रहों के घनत्व की समानता से संकेत मिलते हैं कि उनमें लोहे, ऑक्सिजन, मैग्नीशियम और सिलिकॉन की समान मात्रा से बने होंगे। हालांकि, धरती की तुलना में इनका घनत्व 8 फीसदी कम है। इसके आधार पर इनकी बनावट की 3 संभावनाएं जताई गई हैं। एक यह कि इन ग्रहों की बनावट धरती की तरह हो, लेकिन लोहा 21 फीसदी हो जो धरती में 32 फीसदी है। हो सकता है कि ऑक्सिजन जैसे हल्के एलिमेंट के साथ लोहा मौजूद हो, जिससे घनत्व कम हो गया। ऐसे में ऑक्सिजन और लोहा आयरन ऑक्साइड या जंग बनाते हैं। यह भी हो सकता है कि इनकी सतह पर 5 फीसदी द्रव्यमान पानी का हो जिससे इनका घनत्व कम है। हालांकि, तीन ग्रहों की सितारे से जो दूरी है, उसके मुताबिक इतना पानी रहना मुश्किल है।

## सीरम इंस्टीट्यूट और यूनिसेफ ने कोविड-19 के टीकों की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए किया समझौता

**जेनेवा।** दुनिया की शीर्ष वैक्सीन निमार्ता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) और यूनिसेफ ने 'एस्ट्राजेनेका/ ऑक्सफोर्ड' और 'नौवावैक्स' के टीकों की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक समझौता किया है। संयुक्त राष्ट्र की बाल संस्था ने बताया कि करार के तहत उसके पास करीब 100 देशों के लिए टीके की 1.1 अरब खुराकों तक पहुंच होगी।

भारत कोविड-19 के टीके का निर्माण सबसे अधिक कर रहा है और कई देश टीका खरीदने के लिए उससे सम्पर्क भी कर चुके हैं। ऑक्सफॉर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' का निर्माण भारत में पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) में हो रहा है और 'नौवावैक्स' का निर्माण अमेरिका स्थित 'नौवावैक्स इन्क' द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल शिक्षा कोष (यूनिसेफ) की कार्यकारी निदेशक हेनरीटा फोर ने कहा, हमने कोविड-19 के दो टीकों एस्ट्राजेनेका और नौवावैक्स की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के साथ करार किया है। फोर ने कहा कि यूनिसेफ के पास 'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएएचओ) के साथ मिलकर करीब 100 देशों के लिए टीके की 1.1 अरब डॉलर खुराकों तक पहुंच होगी। उन्होंने कहा कि जैसे ही ये आपूर्ति करार संपन्न होते हैं, यूनिसेफ आपूर्तिकताओं की सहमति के तहत करारों का सार्वजनिक विवरण देना जारी करेगा।

उन्होंने कहा, ह्यविश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा टीके की स्वीकृति के बाद, इसी तरह हम एसआईआई के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हैं।

## भारत की चेतावनी, आतंकवादियों के हाथ लग सकते हैं केमिकल हथियार

### आतंकवादी समूहों के खिलाफ लड़ाई को कम करने का जोखिम पड़ेगा भारी

**जेनेवा।** सीरिया में आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) के फिर सिर उठाने के मद्देनजर भारत ने चेतावनी दी है कि आतंकवादियों के हाथों में केमिकल हथियार पहुंच सकता है। 2013 में अपनाए गए प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से मांग की गई थी कि सदस्य देशों के अलावा अन्य लोग या आतंकवादी समूह परमाणु, रासायनिक या जैविक हथियारों का ना तो वितरण कर सकेंगे, ना ही उनका विकास, अधिग्रहण, निर्माण, स्वामित्व, परिवहन, हस्तांतरण या उपयोग कर सकेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने सुरक्षा परिषद को बताया, भारत आतंकवादी संगठनों और आतंकवादियों के हाथों में सामूहिक विनाश के ऐसे खतरनाक हथियारों के पहुंचने की संभावना को लेकर चिंतित है। इन आतंकवादी समूहों ने सीरिया में एक दशक से चल रहे संघर्ष का फायदा उठाते हुए पूरे क्षेत्र के लिए खतरा पैदा किया है। क्षेत्र में आईएस के पुनरुत्थान की खबरें लगातार बढ़ रही हैं।



रवींद्र ने कहा, ह्यदुनिया इन आतंकवादियों को कोई इलाका देने या इन समूहों के खिलाफ अपनी लड़ाई को कम करने का जोखिम नहीं उठा सकती है।

निरस्त्रीकरण मामलों के संयुक्त राष्ट्र की उच्च प्रतिनिधि इजुमी नाकामित्सु ने आरोप लगाया कि सीरिया ने इस प्रस्ताव का पालन नहीं किया है। उन्होंने कहा, ह्यइस स्तर पर सीरियाई अरब गणराज्य द्वारा पेश की गई घोषणा को केमिकल वेपंस कंवेंशन (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार सटीक और पूर्ण नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुल 19 मुद्दे बाकी थे और उनमें से एक केमिकल हथियारों के उत्पादन करने वाली फसिलटी से जुड़ा था। वैसे दमिश्क ने इस आरोप से इनकार किया है। सीरिया में रासायनिक हथियारों के मुद्दे ने रूस को चीन से कुछ हद तक पीछे कर दिया है, जो पश्चिमी देशों की खिलाफत कर रही बशर अल-असद की सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। नई दिल्ली के भी सीरिया से घनिष्ठ संबंध हैं। रवींद्र ने कहा, भारत ने सीरिया के नेतृत्व में वार्ता के जरिए सीरियाई संघर्ष का व्यापक और शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया है। भारत ने हमेशा सीरिया को सामान्यीकरण और पुनर्निर्माण के लिए योगदान दिया है। अब वह इस रिश्ते को कोविड-19 टीके देने के साथ आगे बढ़ाने के लिए तैयार था।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत पहला देश था जिसने खुद को रासायनिक हथियार मुक्त देश घोषित करते हुए सीडब्ल्यूसी पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए थे।

## कोविड के फैलने को 67 फीसदी तक कम करती है एस्ट्राजैनेका की वैक्सीन

**लंदन।** देश में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजैनेका की वैक्सीन को भी आपातकालीन इस्तेमाल के लिए अनुमति दी गई है। देश में वैक्सीन प्रोग्राम शुरू भी हो चुका है। ऐसे में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की तरफ से की गई स्टडी में पता चला है कि वैक्सी का केवल एक डोज ही वायरस ट्रांसमिशन को 67 फीसदी तक कम कर देता है। वहीं, यह वैक्सीन वायरस को फैलने से रोकने में भी बड़ी भूमिका निभा रही है। यूनिवर्सिटी की तरफ से दी गई इस जानकारी को ब्रिटेन सरकार ने अच्छी खबर बताया है। क्योंकि वायरस के खिलाफ लड़ने के लिए प्रसार पर वैक्सीन का असरदार होना बेहद जरूरी है। स्टडी में लिखा है डेटा दिखाता है कि आबादी में संक्रमितों की संख्या कम कर वैक्सीन वायरस के फैलने पर असर डाल सकती है।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि दो डोज के बीच 3 महीनों का गैप भी असरदार साबित हुआ है। वैक्सीन का एक डोज से भी 22 से 90 दिनों के बीच 76 फीसदी तक प्रभावकारिता देखी गई है। इसका मतलब है पहले और दूसरे डोज में आने वाले 3 महीनों के गैप से सुरक्षा कम नहीं होती है। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने कहा है ऑक्सफोर्ड वैक्सीन के बारे में यह खबर बहुत अच्छी है। ट्रांसमिशन में दो-तिहाई तक कमी, डोज में 12 हफ्तों के फर्क से बेहतरीन सुरक्षा और अस्पताल में भर्ती न होने की बात।

# ब्राह्मण समाज के साथ सभी वर्गो को साथ लेकर उसके विकास की दिशा में कार्य करूंगा: राजेश शर्मा

» मदरलैंड संवाददाता

राजगढ़ । मिश्रित सामाजिक वर्गो द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में राजगढ़-ब्राह्मण महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने कहा है कि वह ब्राह्मण समाज के साथ-साथ सभी वर्गो के समाजों को साथ लेकर एक वृहद समाज की स्थापना करने और' उसके विकास की दिशा में कार्य करूंगा। परशुराम जयंती के साथ-साथ अन्य सभी महापुरुषों के जयंती अवसर पर यथा अंबेडकर जयंती मीन भगवान या महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर सामूहिक रूप से हम सभी अधिक अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सौहार्दपूर्ण और समरसता युक्त समाज का निर्माण करते हुए, विकास करने का कार्य करेंगे। राजेश शर्मा, एन एल वर्मा के नेतृत्व में टहला रोड बाईपास निवासी स्नेहीजनों द्वारा बालभारती



सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में बोल रहे थे। समारोह के मंच संचालक एवं कार्यक्रम संयोजक एन. एल. वर्मा ने बताया की श्री खेम सिंह आर्य विशिष्ट अतिथि ने श्री राजेश शर्मा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने, उनके द्वारा सभी को साथ लेकर एक वृहद समाज के निर्माण और उत्थान के कार्य करने और आज के इस मिश्रित वर्गो के द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में वर्मा की पहल और अग्रणी भूमिका की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे रामकिशन मीणा अध्यक्ष आदिवासी सेवा संस्थान ने श्री शर्मा द्वारा उठाए जाने वाले प्रयासों की सराहना की और इस दिशा में आने वाले अवरोधों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप अवश्य ही अपने मिशन में अवरोधों पर काबू पाते हुए कामयाब होंगे। इससे पूर्व श्री राजेश शर्मा एवम्मंचाशीन अतिथियों का साफा बंधन एवम् दुपट्टा पहनाकर भावपूर्ण स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को के बी शर्मा, प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गिरधारी लाल वर्मा, राहुल दीक्षित, मदनलाल शर्मा, छगन लाल सैनी, महेंद्र वर्मा, विशाल सिंघानिया, राजू भैया मददगार, रामस्वरूप, गंगाधर, महंत उदय भान, कपिल जैमन दुर्गा प्रसाद सैनी एवं सैकड़ों स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# जर्नेलिज्म की छात्रा रक्षिता अग्रवाल नें किया शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केन्द्र का भ्रमण

» मदरलैंड, मयंक जोशी

बहरोड़। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कॉलेज शिक्षा में जोड़े गये नये विषय आनन्दम से प्रेरित होकर छात्र छात्रा समाज सेवा से जुड़े लोगों एवं संस्थानों का भ्रमण कर नई नई जानकारी जुटाने में लगे हुये हें। इसे देखकर इस विषय की सफलता की अपार संभावनाएं नजर आ रही हैं।

शुक्रवार को बहरोड़ कस्बे में संचालित शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र में जयपुर स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी की जर्नलिज्म छात्रा रक्षिता अग्रवाल ने भ्रमण कर दिव्यांग बच्चों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं उन्होंने संस्थान में आकर दिव्यांग बच्चे किस तरह कार्य करते हैं, शिक्षण व प्रशिक्षण लेकर इस तरह के रोजगार उन्मुख कार्य संपादित करते हैं। यहां उपस्थित विशेष शिक्षकों द्वारा उन्होंने यह भी जाना की इन बच्चों की दिव्यांगता क्यों, कैसे, और कब हुई अथवा इसके क्या कारण हो सकते हैं और इन कारणों का क्या निवारण हो सकता है। इसके अलावा जर्नलिज्म छात्रा ने यहां आकर इस रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दाता संस्थान में दिव्यांग




बालकों द्वारा बनाए गए आइटमों की भी जानकारी ली। जर्नेलिज्म छात्रा रक्षिता ने बताया कि वे उनकी प्रोफेसर तनुश्री मैडम के दिशा निर्देशन में वे यह कार्य कर रही हैं। प्रोफेसर मैडम द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार छात्र छात्राओं को इस तरह की समाज सेवी संस्थाओं में जाकर इन बालकों में जो समस्यात्मक कारण हैं उनके बारे में जानकारी लेनी चाहिये। उन्होंने संस्थान में आकर ये महशूस किया की वास्तव में ये बच्चे भी समाज का एक हिस्सा है और हमें इनको समाज की मुख्य धारा में लाकर जरूर जोड़ना हे। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रविकुमार, संस्थापक अनिल कुमार, विशेष शिक्षक राकेश दोसोदिया, संजय बागड़ी, गौरव, मयंक जोशिला, सुनील जालिन्द्रा, रविन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण समाज राजगढ़ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

मदरलैंड संवाददाता, राजगढ़ ब्राह्मण समाज राजगढ़ क्षेत्र नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने मीडिया को बताया कि राजगढ़ कस्बे के गोविंद देव जी बाजार स्थित ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में शनिवार को सायंकाल 4:00 बजे से ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी सम्मानित सदस्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा भाजपा विधायक अलवर एवं विशिष्ट अतिथि योगेश मिश्रा कार्यकारी जिला अध्यक्ष कांग्रेस व गणमान्य जन मौजूद रहेंगे ।

### जिला प्रशासन की ओर से स्कूल के प्राचार्यों को ई मित्रों की जांच का अधिकार

मदरलैंड संवाददाता, लक्ष्मणगढ़ ।जिलाधीश अलवर ने सरकारी स्कूलों के प्रिंसीपलो को ई- मित्रों की जांच करने के आदेश दिए हैं। इन्हें एक माह में कम से कम पांच ई मित्रों की जांच करना अनिवार्य हैं। तथा इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को देनी होगी। जिला कलक्टर नन्नूमल पहाड़िया ने इस बाबत एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा है कि ई मित्रों के बेहतर संचालन और सरकारी सेवाओं को आम जन को अच्छी सुविधा देने के लिए अब एसडीएम, तहसीलदार व विकास अधिकारी एक माह में पांच ई -मित्रों की जांच करेंगे। इसी प्रकार स्कूल प्रिंसीपल, पीईईओ भी एक माह में पांच ई मित्रों की जांच कर इसकी रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिला कलक्टर नन्नू मल पहाड़िया ने कई ई मित्र केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया तो उन्हें वहां दीवार पर सरकारी काम की रेट लिस्ट नहीं मिली। इसके बाद यह नवाचार उन्होंने किया है। पहली बार सरकारी स्कूल प्रिंसीपल को इस तरह का अधिकार दिया गया है। अधिकतर ई मित्रों पर किसी भी काम की रेट लिस्ट चस्पा की हुई नहीं मिलती है। इसके चलते आम जन को परेशानी के साथ उनसे पैसे भी अधिक लिए जा रहे हैं। ई मित्रों का प्रभावी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिसके चलते अब प्रशासनिक अधिकारियों व स्कूल प्रिंसीपल को इससे जोड़ा गया है। ई मित्रों की जांच करने वाले अधिकारियों के खिलाफ पहले ही आरोप लग चुके हैं। अब स्कूल प्रिंसीपल की सिफारिश के आधार पर ई मित्रों का लाइसेंस तक निरस्त हो सकेगा। ई मित्रों की सेवाओं का दायरा अब बढ़ता जा रहा है जिसके चलते इनकी प्रभावी जांच की जानी आवश्यक है।

### श्रम मंत्री जूली होंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग (स्वतंत्र प्रभार),सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग राज्य मंत्री श्री टीकाराम जूली शनिवार को अलवर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्य मंत्री जूली सुबह 9.10 बजे सागर ऊपर स्व.युवरानी महेंद्र कुमारी जी की पावन स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं सुबह 9.40 बजे होटल स्वरूप विलास में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे। सुबह 10.30 बजे 21-मोती डूंगरी पर जनसुविधा अलवर ग्रामीण केंद्र का उद्घाटन एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम व शाम को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### परमात्मा का गुणगान करने से पापों का होता है नाश

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। नवकार महामंत्र जिस आत्मा में उतर जाता है। वह परमानंद की प्राप्ति करता है। नवकार महामंत्र का विज्ञान, ज्योतिष व प्रकृति के साथ भी गहरा संबंध है। अनिष्ट ग्रहों को शांत करने की क्षमता भी नवकार महामंत्र में है। यह विचार कोकावास झझारपुर बस स्टैंड के हनुमान मंदिर के सन्त हनुमान दास महाराज ने प्रातः कालीन बेला में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं के समक्ष विचार व्यक्त किए। उधर सन्त हनुमान दास महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि परमात्मा की भक्ति एकाग्रचित्त रख कर की जाए तो उसे परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। परमात्मा का गुणगान करने से पापों का नाश होता है तथा हमारे सारे संकट मिट जाते हैं। मन प्रसन्नता से भर जाता है। इसलिए हमेशा इंसान को शुद्ध भाव से भगवान की भक्ति करनी चाहिए। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जावलीवासी कर रहे हैं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का रसोपान

# हमारे देश के गद्दार सनातन धर्म को मिटाने में तुले हैं:पंडित राधा बल्लभ शास्त्री

» मदरलैंड, गिर्राज प्रसाद सोलंकी

लक्ष्मणगढ़। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जावली मैं लखेरा परिवार की ओर सेआज श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिवस की कथा वाचक महाराज श्री राधाबल्लभ शास्त्री का व्यासपीठ गद्दी पर सोलंकी परिवार की ओर से व्यास जी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सत्कार करते हुए वही जावली महाराज के पुत्र व पंचायत समिति लक्ष्मण के पूर्व प्रधान वर्तमान में सरपंच संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह बना के द्वारा कथा वाचक व्यास पुष्प माला पहनाकर स्वागत करते हुए मद भागवत को नमन किया इसके पश्चात बना जी ने अपने उद्बोधन में आमजन से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भागवत कथाओं का



आयोजन आज के युग में अति आवश्यक है आज के युग में युवा पीढ़ी भगवत कथा उसे दूरी बना रही है सनातन धर्म को जीवित रखने के लिए भागवत कथा का श्रवण करना और करना अति आवश्यक है। व्यास जी के श्री मुख से मां सती का चरित सुनाया गया सती भोलेनाथ से आग्रह करके जबरदस्ती अपने पिता राजा दक्ष के यहां गई। पिता ने सम्मान नहीं दिया, भोलेनाथ का अपमान के असली सती ने अपना देह त्याग दिया और भोलेनाथ ने क्रोध में आकर के अपनी जटा से ग्वाल कारों से वीरभद्र नाम का प्रश्न उत्पन्न हुआ।जिससे भोलेनाथ ने कहा जा कर के राजा दक्ष के यज्ञ को विध्वंस करें और राजा दक्ष का यज्ञ और भोलेनाथ के यहां सभी देवता पधारे सभी देवताओं ने भोलेनाथ से प्रार्थना की पुण्य की स्थापना और अपने ससुर को राजा दक्ष के यज्ञ को संपन्न कथा कथा के माध्यम से व्यास ने बताया कि भगवान प्रेम के वशीभूत होते हैं। प्रेम के वशीभूत होने के कारण ही भगवान ने भीलनी के बेर खाए।व्यास जी ने कथा के माध्यम से जीवात्मा परमात्मा पर पूरा वर्णन देते हुए कथा के माध्यम से श्रोताओं को सुनाया जिसमें श्रोताओं ने भाव विभोर होते हुए कथा को सुना भजन के माध्यम से कथा में सुनाया की तूने राम नाम ना लीनो भरी जवानी में तू डूब जा रे चुल्लू भर पानी में जिस पर महिलाओं ने कथा में नाचते गाते हुए भाव विभोर होते हुए कथा का श्रवण किया कथा में जावली धारा का बास खुडियाना टोडा गोपालपुरा लक्ष्मणगढ़ दूरदराज से अनेक भक्त गण उपस्थित रहे ।

# अभिषेक सोमरा हुए राजस्थान यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक नियुक्त

» मदरलैंड संवाददाता



जयपुर । इंडियन युथ कांग्रेस के नेशनल कन्वेनर मनु जैन और राजस्थान युथ कांग्रेस के चैयरमेन सत्यवीर अलोरिया द्वारा अभिषेक सोमरा को राजस्थान युथ कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल का प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया गया। इंडियन युथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अभिषेक सोमरा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अभिषेक ने भी नियुक्ति पर सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद प्रकट किया। गौरतलब है की अभिषेक ने राजस्थान युथ कांग्रेस में रहते हुए जमीनी स्तर पर काम किया तथा शिक्षा , रोजगार , गरीबी , चिकित्सा और विकास के मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से प्रकट की।

# पार्षद संजय मीर ने दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाकर मनाया अपना जन्मदिन

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़। नगर पालिका बहरोड़ पार्षद संजय मीर ने सरबती देवी दिव्यांग संस्थान के बच्चों को भोजन करवाकर अपना जन्म दिन मनाया। संजय मीर ने जन्म दिन पर किसी होटल या रेस्टोरेंट आदि में पार्टी करने की बजाय अपने साथियों को साथ मिलकर बहरोड़ स्थित दिव्यांग संस्थान में दिव्यांग बच्चों को अपने हाथों से भोजन खिलाया। संजय मीर ने बताया कि मेरे साथियों ने कहा था कि जन्म दिवस पर किसी होटल या रेस्टोरेंट आदि में पार्टी करने की बजाय कुछ ऐसा कार्यक्रम किया जाये जिससे समाज में अच्छा संदेश जाये। दोस्तों की प्रेरणा से मैनें मेरे और अंकित भाई के जन्म दिन पर दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाया है। पार्षद ने अपनी तरफ से आमजन से निवेदन किया है कि सभी जन्म दिन खुशी के मौके पर कुछ ऐसा ही काम करें जिससे समाज में अच्छा संदेश जाये और गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता हो जाये। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, कपिल यादव, विकास सैनी, राजू चोटीवाला, हितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम और विकास अधिकारी ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

» रामगढ़, अमित भारद्वाज



रामगढ़। उपखंड अधिकारी रामगढ़ और विकास अधिकारी ने शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। विकास अधिकारी प्रेम राज मीणा ने बताया कि संभागीय आयुक्त के निर्देश पर पंचायत समिति क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मेरे द्वारा ग्राम पंचायत पूठी,ग्राम पंचायत अलावड़ा के सरकारी कार्यालयों का एवं नरेगा कार्य का निरिक्षण किया गया। उन्होंने ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पीएफसी अलावड़ा में डॉक्टर भानु प्रताप बंसल एवं समस्त स्टाफ आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनजीत कौर एवं समस्त स्टाफ ग्राम पंचायत कार्यालय पर सरपंच जुम्मा का सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम एवं समस्त स्टाफ नरेगा कार्य स्थल पर नरेगा सचिव दीपक शर्मा के साथ सभी कार्यालयों में सभी कार्मिक उपस्थित मिले एवं कार्य भी संतोषजनक मिला।

इधर पंचायत समिति क्षेत्र में लगी निरीक्षण विभिन्न टीमों का निरीक्षण एसडीएम कैलाश शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

एसडीएम कैलाश शर्मा द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत लाला वाली ग्राम पंचायत पूठी और ग्राम पंचायत अलावड़ा मैं मेरे द्वारा निरीक्षण किया गया जहां सभी कार्मिक और कार्य संतोषजनक मिला।

ग्राम पंचायत अलावड़ा नवनिर्मिति भवन में चल रहे पीएचसी पर दवाइयों की कमी मिली। इसके लिए डॉक्टर को निर्देश दिया गया है कि आवश्यकतानुसार दवाइयों की सूची बनाकर विभाग के अधिकारियों को दें जिससे कि पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध हो सके और मरीजों को उसका लाभ मिल सके।

## किसान ही गोवंश संरक्षण सुरक्षा व्यवस्था कर सकता है

# गोवंश किसान की आर्थिक समृद्धि का आधार

» मदरलैंड संवाददाता

लक्ष्मणगढ़ । किसान गोवंश शाला टोडानागर के शिलान्यास समारोह में रामावतार चौधरी अपर लोक अभियोजक सैशन कोर्ट मुण्डावर, अखिलेश कौशिक जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी अलवर, सुरेश बिजारणियां प्रदेश प्रवक्ता किसान महापंचायत राजस्थान, मुरारी लाल शर्मा गोरक्षा हिन्दू दल अलवर जिला सचिव, अलवर जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी ने शिलान्यास समारोह में बोलते हुए कहा कि किसान गोवंश शाला किसान को राहत प्रदान करने का कार्य करेगी। किसान आज गोवंश से दूरी बनाए हुए है इसका

**● गोवंश मूत्र व गोबर खरीद शुरू हो किसान से किसान महापंचायत जिला महामंत्री अलवर केदार नाथ**

मुख्य कारण गाय से बछड़ा डाले जाना है एवं कम दूध देना है, लेकिन यह ग्रामीण गोवंश शाला अब किसान की चिंता को कम करेगी, बछड़ा या वृद्ध गाय अब किसान गोवंश शाला में आ सकेगी जिससे गोवंश शाला गोवंश मूत्र व गोबर से पावर जनरेशन कीट नाशक खाद एवं अन्य उत्पाद बना कर किसान को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में मदद करेगी साथ ही



गोवंश कत्ल खाने जाने से बचेगा। इस मौके पर सुभय राम ,रामफूल मीना, बाबूलाल दीक्षित, शिवराम गूर्जर, बाबूलाल गुर्जर, रामकरण सैन आदि मौजूद रहे, यादराम गुर्जर,मनिष दीक्षित, ध्रुव कुमार शर्मा, ललित शर्मा, दुष्यंत कुमार, मस्तराम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक ने किया क्लासरुमो का उद्धघाटन

# शिक्षा से ही देश का विकास सम्भव: विधायक साफिया खान

» मदरलैंड, अमित भारद्वाज



रामगढ़ अलवर रामगढ़ विधायक सफिया जूबेर खान ने मोराडिया बास व बगड़ राजपूत में कक्षो का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम बगड़ तिराया से युवक कोंग्रेस कार्यकर्ताओ ने युवक कोंग्रेस अध्यक्ष महेंद्र जाखड़ के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली और विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उसके बाद विधायक सफिया जूबेर ने कार्यक्रमों में कहा कि किसी भी देश का, परिवार का विकास शिक्षा से ही सम्भव है। इस दौरान पूर्व प्रधान नसरू खान, पुष्पेंद्र धाबाई,सरपंच कल्लू खान, रामखिलाड़ी, रहमु खान,सरपंच वीरसिंह, युवक कोंग्रेस विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र जाखड़,गोरधन शर्मा, बबली पंडित आदि कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी शामिल थे।

# लोकतंत्र को बचाने के लिये मिलकर आजादी जैसी नई लड़ाई लड़नी होगी: जितेंद्र सिंह

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

अलवर। केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या कर देश को बेच कर जनता को गुलाम बनाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कहना है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव एवं असम प्रभारी जितेंद्र सिंह का।पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह शुक्रवार को होटल स्वरूप विलास में आयोजित किसान संवाद सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकताओं व किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा देशहित की लड़ाई लडती आई है। लेकिन अब हमें केन्द्र की हठधर्मी सरकार के खिलाफ नई आजादी की लडाई मिलकर लडनी है। कांग्रेस के पूर्वज देश को आजादी दिलाते हुए शहीद हो गए जबकि भाजपा देश को वापिस गुलामी की जंजीरों में जकड़ने का प्रयास कर रही है। हिन्दू-मुस्लिम जाति-धर्म की बाते कर मोदी सरकार देश में अराजकता माहौल पैदा कर रही है। कोरोना की आड में रातोरात देश के अन्नदाता किसानों के अहम पर कुठाराघात करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार ने तीन काले कानून बना दिए। देश का प्रत्येक वर्ग इन काले कानूनों का विरोध कर रहा है जबकि किसान सर्दी व बरसात को मात देकर सड़कों पर अपनी व अपने आने वाली पीढी के लिए आन्दोलन कर रहा है। जुमले वाली यह सरकार देश के किसान को राष्ट्रविरोधी बता कर उनके स्वाभिमान को आहत कर रही है। किसानों पर थोपे गए इन तीन काले कानूनों के विरोध में उनके अपने सहयोगी दल भी एक-एक कर इन्हें छोड कर जा रहे है।

### देश के संसाधन बेच रही है मोदी सरकार

उन्होंने कहा कि वे अलवर जिले और राजस्थान का झंडा नार्थइस्ट और आसाम में फहरा रहे है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने जो 70 सालों ने संसाधन खडे किए केन्द्र सरकार ने एक-एक कर उन्हें बेच रही है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट को अड़ानी को बेच दिया। चाय के बागान अपने गुजरात के दोस्तों को बेचे जा रहे है। जबकि पेपर मील को बड़ी कम्पनियों को बेचने की कवायद की जा रही है। देश के मेघालय, त्रिपुरा, अरूणाचल प्रदेश, आसाम सहित सब जगह बेचने का काम चल रहा है।




### देश को तोड़ने का काम कर रही है भाजपा

भारतीय जनता पार्टी तथा सत्ता में काबिज उनके नुमाईंदे देश को जोड़ने की जगह तोड़ने का काम कर रहे है। जाति-धर्म के नाम पर जनता को लड़वाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। इस तरह का माहौल अलवर में भी चुनाव के दौरान हो जाता है। कुछ फिल्मी ट्रेलर लोकसभा चुनाव में भी इस तरह मुझे देखने को मिलते है।

### प्रत्येक ढाणी व गांव से किसान आंदोलन में जाने की अपील

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अलवर जिले की प्रत्येक पंचायत के गांव-गांव, ढाणी-ढाणी से लोगों को शाहजहांपुर बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में लेजाकर आन्दोलनरत किसानों का हौसला बढ़ाना चाहिए। इसके लिए प्रतिदिन मॉनिटेरिंग की जाए। यह हमारे लिए सौभाग्य है कि अलवर जिले के बॉर्डर पर किसान आंदोलनरत है।

### महंगाई हो रही है अनियंत्रित

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल व गैस पर बढ़ाए गए दामों से आमजन की कमर टूट चुकी है। प्रत्येक घर का बजट इस महंगाई के दौर में डगमगा गया है। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस तथा पार्टी के सभी अग्रिम संगठन जनता को इस महंगाई से राहत दिलाने के उद्देश्य से विरोध प्रदर्शन करें।

### किसानों के संघर्ष व सम्मान का प्रतीक हल किया भेंट

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किसानों के संघर्ष का प्रतीक हल का कांग्रेस के जिलाध्यक्ष टीकाराम जूली व किसान नेता धरमी चौधरी द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह को सौंपा गया। इस दौरान वहां उपस्थित किसानों ने जय जवान, जय किसान जैसे गगनभेदी नारे लगाकर आसमां को गुंजायमान कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि खेतों में हल लेकर किसान धरती का सीना चीरकर देश की जनता के लिए अन्न उगाता है। किसानों के सम्मान व संघर्ष के प्रतीक इस हल का मान रखते हुए किसान आन्दोलन को ओर मजबूत किया जाएगा।

# शिक्षकों, छात्रों के हित मे कार्य कर रहा शिक्षक संघ: बत्रा

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। उत्तराखंड प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरिद्वार जिलाध्यक्ष पवन सैनी और जिला महामंत्री कीरतपाल सिंह क्ज्ञ शुक्रवार को विधायक प्रदीप बत्रा के कैम्प कार्यालय पर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि शिक्षक संघ लगातार छात्रों, शिक्षकों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाता है, उनका समाधान कराता है। सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिक्षक संघ लगातार छात्रों, शिक्षकों के हित मे सक्रिय हैं। शिक्षा के क्षेत्र में क्या अच्छा हो सकता हैं। विधायक ने कहा कि देश को बेहतर छात्र मिल सके। इसके लिए लगातार शिक्षक पूर्ण तरीके से कार्यरत हैं। शासन और प्रशासनिक स्तर पर आवाज उठाने के लिए हर क्षेत्र में संगठन की आवश्यकता पड़ती है, उत्तराखंड प्रादेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उसी दिशा में कार्य कर रहा है। विधायक प्रदीप बत्रा ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष पवन सैनी और जिला महामंत्री कीरतपाल सिह ने कहा कि शिक्षक संघ शिक्षकों के हितों की आवाज हमेशा से बुलंद करता रहा है। आगे भी संगठन इस दिशा में मजबूत तरीके से कार्य करता रहेगा। छात्र हितों को लेकर भी शिक्षक लगातार कार्य कर रहा है। इस मौके पर अखलाक अहमद कोषाध्यक्ष मनीष कौशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण शर्मा संरक्षक, मनोज धीमान ब्लॉक अध्यक्ष, वीपी सिंह, प्रदीप कुमार नरेश कुमार सैनी रजनीश कुमार यशवीर सिंह सैनी सुधीर सैनी संजय सैनी समसुद्दीन आदि शिक्षक मौजुद रहे।

# अशोक नगर में हुआ भाजपा नेता का स्वागत

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। अशोक नगर कीर्तन मंडली महिला अध्यक्ष सरोज नेगी व कार्यकारिणी सदस्यों ने शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी का स्वागत किया। मंडली अध्यक्ष सरोज नेगी व सरोज बड़थ्वाल ने सतीश नेगी को फूल मालाएं देकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। कहा कि वह समाज के लिए अच्छा कार्य करेंगे। देश को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। भाजपा के वह समर्पित कार्यकर्ता है। उनकी ताजपोशी से जनपद में पार्टी को मजबुती मिलेगी। महिला मंडली ने इसके लिए प्रदेश, जिला नेतृतव और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार जताया। देवंती भट्ट व हीरा बिष्ट नें कहा कि सतीश नेगी पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करते हैं। समाज के लिए भी वह दिल से काम कर रहे हैं। ऐसे जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को पद मिलना पूरे क्षेत्रवासिणें के लिए सम्मान और गर्व की बात है। सतीश नेगी ने महिला कीर्तन मंडली सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा अपने कार्य को लगन मेहनत के साथ पूरा करने का विश्वास दिलाया। स्वागत कार्यक्रम में सरोज डिमरी, मधु रावत, लीला नेगी, बिना नेगी, उमा नेगी, हीरा बिष्ट, महेश्वरी नेगी, संतोषी बिष्ट, सरिता भट्ट, रेखा भट्ट, सीमा बड़थ्वाल आदि उपस्थित थे।

# साहित्य कुम्भ में राज्यपाल होंगी मुख्य अतिथि

» मदरलैंड संवाददाता



देहरादून। हिन्दी साहित्य भारती का प्रस्तावित साहित्य कुंभ हरिद्वार में मई मास में संपन्न होगा। इसके लिए हिन्दी साहित्य भारती उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, केन्द्रीय महामंत्री डॉ. अनिल शर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर मोहित सिंह प्रदेश की राज्यपाल बेबीरानी मौर्य से मिले। विचार विमर्श में यह तय किया गया कि 27 अप्रैल को अंतिम शाही स्नान तक हरिद्वार में बहुत भीड़ रहेगी। जिससे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों और बाहर के 35 देशों से आनेववाले अतिथियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, यह 3 दिवसीय वैश्विक अधिवेशन मई में सुविधानुसार किसी शनि, रवि, सोम को सम्पन्न होगा। हिन्दी साहित्य भारती के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र शुक्ल, केंद्रीय महामंत्री डॉ. अनिल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र और प्रदेश महामन्त्री डॉ. कविता भट्ट शैलपुत्री ने प्रस्तावित अधिवेशन में गहरी रुचि दिखाने के लिए महामहिम राज्यपाल महोदया के प्रति आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय महामंत्री डॉ. अनिल शर्मा ने बताया के हिन्दी साहित्य भारती के वैश्विक अधिवेशन के विभिन्न सत्रों में प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री गण के अलावा केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य प्रदेशों के राज्यपालों, मुख्य मंत्रियों सहित ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों एवं साहित्यकारों को आमंत्रित किया जाएगा। डॉ. मिश्र ने कहा कि कुम्भ में आयोजित होने वाला हिन्दी साहित्य भारती का वैश्विक अधिवेशन ऐतिहासिक होगा। प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर मोहित सिंह ने कहा की साहित्य कुम्भ के अवसर पर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री डॉ. अनिल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र एवं प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर मोहित सिंह ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दस स्थानों पर पकडे बिजली चोरी के मामले

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। बिजली चोरी के दस स्थानों पर बिजली चोरी के मामले प्रकाश में आए हैं। सभी के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है इसके अलावा निगम की टीम ने लाखों रुपए के राजस्व की भी वसूली की है। ऊर्जा निगम द्वारा बिजली चोरी रोकने तथा राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत शुक्रवार को लिब्बरहेडी गांव में ऊर्जा निगम की टीम में अवर अभियंता सौरभ सिंह भाटी के नेतृत्व में अभियान चलाया जिसके अंतर्गत लाखों रुपए का राजस्व वसूल किया गया उसी के साथ दस स्थानों पर बिजली चोरी के मामले भी प्रकाश में आए। क्षेत्रीय उपखंड अधिकारी विनीत कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की ऊर्जा भवन देहरादून से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है नगर तथा देहात क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने तथा राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है शुक्रवार को अवर अभियंता सौरभ सिंह भाटी के नेतृत्व में विभागीय टीम में शामिल इकबाल अहमद सुरेश कुमार इरशाद अहमद इरफान अहमद रामेश्वर फूल सिंह शाहनवाज खान आदि ने दस स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े वहीं लाखों रूपए का राजस्व भी वसूल किया गया। बताया कि सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

### वेतन की मांग को लेकर धरने पर बैठे नगर पंचायत कर्मचारी

मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। कलियर नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों और कार्यालय के स्टाफ ने 8 माह से वेतन नही मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया। सफाई कर्मी नगर पंचायत कार्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी कर वेतन की मांग करने लगे। सफाई कर्मचारियों शुक्रवार को वेतन दिलाने की मांग को लेकर नगर पंचायत के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी विनोद श्रेय पर वेतन नही देने का आरोप लगाया हैं। कर्मचारियों का कहना हैं कि ईओ विनोद कुमार श्रेय पिछले 5 माह से कार्यालय में नही आ रहे है जिसके कारण आठ माह का वेतन नही मिल पा रहा हैं। फोन पर सम्पर्क करने पर कोई जवाब नही देते हैं। ऐसे कर्मचारियों के सामने घर का खर्च चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईओ विनोद कुमार श्रेय ने बताया कि पारिवारिक समस्या के कारण वह बाहर है। आने पर समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी लिपिक मोहम्मद अहसान कुरैशी, गौरव निषाद, गौरव पाल, सुभान अली, हिमांषु शर्मा, अंकित सैनी, कादर खान, रजिया, अमित, वाजिद, सोनू, बिरला, दीपक, अंकित, राजू, संजय, मनोज, बबिता, संजना, माजिदा, रेखा, विकास, राशिद, शौकीन, रवि, दिनेश, शिवा, विशाल, पिंटू, रमेश, बबली, मोनी, मुनीश, उस्मान, नरेंद्र, सागर, वाजिद मजकूर मिन्नी, मोनू आदि कर्मचारी मोजूद रहे।

### नशे में होटल में मचाया हुड़दंग

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। शराब के नशे में धुत दो युवकों ने एक होटल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर उनका पुलिस एक्ट में चालान कर दिया है। रोडवेज बस अड्डे के पास स्थित एक होटल में गुरुवार की देर रात को दो युवक पहुंचे। बताया गया है कि दोनों युवक शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने होटल में पहुंचने के बाद शराब देने को कहा जिस पर कर्मचारियों ने होटल में शराब होने से इंकार कर दिया। आरोप है इसके बाद दोनों युवक आग बबूला हो गए और होटल कर्मचारियों से गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि नशे में धुत दोनों युवकों ने होटल में तोड़फोड़ की जिसमें सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, एलईडी और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। बताया गया है कि पहले तो होटल के कर्मियों ने उन्हें समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब वह नहीं माने तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि दोनों युवकों ने होटल में तोड़फोड़ की रकम की भरपाई करने की बात कही। होटल स्वामी द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने दोनों युवकों को पुलिस एक्ट में चालान कर दिया है। सिविल लाइन कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि तोड़फोड़ की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। दो युवकों को हिरासत में लिया गया था। दोनों का पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।

### फायरिंग में दूसरा आरोपी भी धरा

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने आवास विकास फायरिंग मामले में एक अन्य आरोपित को दबिश के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपित के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए है। इस मामले में पुलिस एक आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अभी भी पांच आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस फरार आरोपितों को दबोचने के लिये उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। कोतवाली इलाके के आवास विकास में 30 जनवरी की रात को घर मे घुसकर मारपीट व जान से मारने की नियत से आरोपितों द्वारा फायरिंग की गई थी। जिसमे पीड़ित विक्रांत पुंडीर की तहरीर पर पुलिस ने पीयूष, अंकुश, अर्पित, गौरव, निशांत और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपितों को गिरफ्तार करने के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने तीन फरवरी को मामले में नामजद आरोपित निशांत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए थे। पुलिस तभी से अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। एसआई अजय शाह ने बताया कि पुलिस छानबीन में अज्ञात आरोपितों के नाम भी प्रकाश में आ गये थे।

# सरकार की गलत नीतियों का विरोध करे आम आदमी: सतीश

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सतीश कुमार ने गुरूवार को विधानसभा हरिद्वार ग्रामीण में पहुंचकर एससी समाज के लोगों को कांग्रेस की विचारधारा की जानकारी दी और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आज देश में एक विचारधारा की सरकार चल रही है, जिसका मकसद किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों और युवा वर्ग को समाप्त करना है। सरकार की इन गलत नीतियों का समाज के लोगों को विरोध करना होगा। कहा कि मार्च माह से देश में कोरोना संक्रमण के नाम पर लॉक डाउन लागू कर देश की अर्थ व्यवस्था और मजदूर, छोटे कारोबारियों के रोजगार को झटका दे दिया गया। अब सरकार महंगाई से मजदूर और छोटे कारोबारियों को झटका दे रही है। सतीश कुमार ने कहा कि किसान और छोटे कारोबारी की हालत कर्ज की लिमिट से नहीं, बल्कि सरकार की मदद से सुधरेगी, लेकिन सहायता के नाम पर सरकार दोनों को ही ठेंगा दिखा रही है। मजदूर और युवा वर्ग की हालत पहले से ही खराब है। 4 साल से युवाओ के लिए किसी भी विभाग में भर्ती नहीं निकाली गई है। बेरोजगारी के कारण युवाओ के तमाम सपने धुमिल हो चले हैं। महंगी फीस और महंगे डीजल, पेट्रोल, दाल, सब्जियों, रसोई गैस ने गरीब के साथ ही मध्यमवर्गीय परिवारों के भी डॉक्टरी, इंजीनियरी और आईएएस के सपनों को ग्रहण लगा दिया है। आज युवा केवल रोजगार की सोच तक सिमित रह गया है। सतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस केंद्र और राज्य सरकार की इन नीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करती रहेगी। आम आदमी को भी अब इसके विरोध में उतरना चाहिए। इस अवसर पर प्रताप सिंह महामंत्री किसान कांग्रेस व पूर्व विधायक अमरीश कुमार छोटू, जयंत आदि भी मौजुद रहे।

# 10 से कर सकेगें परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कोविड़-19 के कारण परीक्षाओं से वंचित स्नातक प्रथम वर्ष की अंक सुधार परीक्षाओं और आधारभूत एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अंतिम सेमेस्टर के छात्र ऑनलाईन आवेदन सकेगें। 10 फरवरी से 25 फरवरी तक श्री देव सुमन विश्व विद्यालय उत्तराखण्ड की ओर से ऑनलाईन आवेदन की तिथी निर्धारित की है। 25 फरवरी तक ही ऑनलाईन शुल्क भी जमा कराया जा सकेगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डा. आरएस चैहान ने बताया कि कोरोना काल में वायरस की तेजी के कारण कुछ छात्र स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षाओं से वंचित रह गए थे। जिन्हे राहत देते हुए सरकार के निर्देश पर विश्व विद्यालय की ओर से यह निर्णय लिया गया है। उधर चमनलाल डिग्री कालेज के प्रचार्य डा. सुशील उपाध्याय, बीएसएम पीजी कालेज के प्राचार्या डा. रामवीर गौतम ने बताया कि विश्व विद्यालय के निदेर्शानुसार कालेज स्तर पर भी परीक्षाओं और शुल्क के लिए ऑनलाईन आवेदन की तैयारियां की जा रही हैं। इस बाबत परीक्षाक नियंत्रक को पत्र भेजकर प्रथम वर्ष के छात्रों की छूटी परीक्षा, कोरोना काल के समय कंटेनमेंट जोन में आए छात्रों के भी इस परीक्षा में शामिल होने की बाबत जानकारी मांगी है। डा. सुशील उपाध्याय ने बताया कि कालेज की ओर से छात्रों की असमंजस की स्थिती दूर करने को परीक्षा नियंत्रक को अनुरोध पत्र भेजा गया है, जिसमें उनसे ऐसे कुछ बिंदूओ पर जानकारी का अनुरोध किया गया है।

# संयुक्त किसान संगठन ने टाला चक्का जाम कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। आलाकमान के निर्देश पर संयुक्त किसान मोर्चा ने शनिवार को किए जाने वाले चक्काजाम कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। किसानों द्वारा चक्का जाम की घोषणा वापस लेने के फैसले से पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को मजबूती प्रदान करने को संयुक्त किसान मोर्चा ने आलाकमान के निर्देश पर यूपी, उत्तराखंड में भी हाईवे जाम कर धरना प्रदर्शन किए जाने की योजना थी। इसके लिए पिछले कई दिनों से मंथन चल रहा थौ। गुड़ मंडी में हुई महापंचायत में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेने पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने भी इसके संकेत दिए थे हालांकि उन्होंने साफ तौर पर नहीं कहा था फिर भी इस कार्यक्रम को अंजाम देने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा पूरी तरह से तैयार था। शुक्रवार को मंडी परिषद स्थित भाकियू कार्यालय पर विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने बैठक अपने विचार व्यक्त किए। कुछ नेताओं का मत था कि क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हाईवे को जाम किया जाए यहां तक कि कांवड़ पटरी पर भी अवरोध लगाकर यातायात को पाबंद किया जाए लेकिन इस पर सहमति नहीं बन पाई थी बाद में पंचायत में इस बात पर सहमति बनी थी कि गुण मंडी गेट के बाहर हाईवे पर दोपहर 12 से 3 बजे तक हाईवे संपूर्ण रूप से जाम रहेगा लेकिन साथ ही किसान नेताओं ने यह भी कहा था कि इस जाम से आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया है। बैठक में भारतीय किसान यूनियन किसान मजदूर संगठन उत्तराखंड किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों के नेताओं ने भाग लिया। शाम को भारतीय किसान यूनियन समेत सभी किसान संगठनों ने इसे को वापस लिए जाने की घोषणा कर दी। इस संबंध में उत्तराखण्ड किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने बताया कि दिल्ली में चल रहे आंदोलन को संचालित करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि शनिवार को यूपी, उत्तराखण्ड में किसी भी प्रकार से किसान चक्का जाम या धरना प्रदर्शन नहीं होगा। जिस कारण शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किए जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कार्यक्रम स्थगित किए जाने की घोषणा की गई है।

# 1971 के वीर सेनानियों, परिवारों का हुआ सम्मान

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। भारतीय सशस्त्र बलों के पाकिस्तान सेना पर शानदार और एतिहासिक विजय हासिल करने के कारण बांगलादेश का जन्म हुआ। पारंपरिक युद्ध क्षेत्र मे सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण हुआ। विजय दिवस की 50वी वर्षगांठ के उत्सवों को मनाने के लिए वर्ष 2021 को ह्यस्वर्णिम विजयह्न वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। चार स्वर्णिम विजय मशालों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध समारक नई दिल्ली में 16 दिसम्बर को जलाया। इनमें से एक फरवरी को विजय मशाल रुड़की सैन्य स्टेशन पर पहुंची। स्वर्णिम विजय वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को 1971 के वीर सेनानियों एवं परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कमांडेंट बंगाल इंजीनियर ग्रुप व रुड़की नें शहीदों को स्मृति चिन्ह भेंट कर 1971 के युद्ध के शूरवीरों एवं वीर नारियों का सम्मान किया। स्टेशन कमांडेट ने वीर नारियों और शूरवीरों के समर्पण, साहस और देशभक्ति की भावना को नमन करते हुए कहा कि देश इन वीरों का ऋणी और आभारी है। विधायक प्रदीप बत्रा ने 1971 के जाबांजो को नमन करते हुए कहा कि भारत माता के सच्चे सपूतों और वीर सैनिकों की बदौलत ही भारत युद्ध क्षेत्र में पाकिस्तान को न केवल धूल चटा सका, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा आत्म समर्पण भी करा दिया। देश के इन जाबांजो की वीरता और बहादुरी पर देश को गर्व है। देश हमेशा इन सच्चे देशभक्तों को नमन करता रहेगा। समारोह में 1971 के युद्ध के किस्से सुन वीर सैनानियां और उनके परिवार के सदस्य भावुक हो गए। इस अवसर पर स्टेशन के अधिकारी, सरदार साहिबान एवं जवान उपस्थित रहें।

# संयुक्त विकास आयुक्त ने किया ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर जनता को मिले इसके लिए सभी को प्रयास करने चाहिए ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए आम जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहिए। आवास शौचालय व अन्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिले इसके लिए पारदर्शिता के साथ काम किया जाये। संयुक्त विकास आयुक्त पौडी आरएस शर्मा नारसन विकास खंड कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पहले उपस्थिति पंजीका मंगा कर उसकी जांच की। अन्य अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। इनमें निर्माण कार्यों से संबंधित भुगतान तथा अन्य मामलों को भी देखा गया। ब्लॉक कार्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का भी उन्होने निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कार्यदाई संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि ब्लॉक स्तर से जो भी निर्माण कार्य होते हैं उनमें गुणवत्ता की किसी भी प्रकार से कमी नहीं होनी चाहिए क्योंकि ग्रामीण भारत ही वास्तविक भारत है यदि हमारे गांव बेहतर सुविधाओं से लैस होंगे तो गांव से पलायन नहीं होगा गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे इसलिए सड़क या अन्य कोई भी भवन आदि यदि ब्लॉक स्तर से निर्माण कराया जा रहा है तो उस पर गुणवत्ता की कमी नहीं होनी चाहिए तथा सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं के लिए बजट की किसी प्रकार कोई कमी नहीं आने दी जाएगी ग्रामीण यदि कार्यालय में पहुंचता है तो सर्वप्रथम उसकी बात को सुना जाए कार्यालय में एक जनसंपर्क अधिकारी की नियुक्ति की जाए ताकि कोई भी ग्रामीण यदि वहां पर अपनी शिकायत लेकर पहुंचता है तो उसकी बात को समझा जाए सुना जाए तथा संबंधित अधिकारी के पास उसकी बात पहुंचाई जाये।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त समाज तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन यदि होगा तो सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी को मिलेगा देश में खुशहाली आयेगी। इस दौरान उप खंड विकास अधिकारी मुनेश त्यागी, मनोज त्यागी, अरशद अली, सरोज, राजकुमार आदि ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# केएलपी प्रबधंक पर केस दर्ज

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केएलडीवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के कार्यवाहक प्रबंधक, कार्यवाहक प्रधानाचार्य और कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक के खिलाफ फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपए का गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाल मनोज मेनवाल ने बताया कि कनखल थाना अंतर्गत हजारीबाग निवासी धर्मवीर सैनी ने बताया कि दो साल पहले कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय कुमार अग्रवाल, कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार बत्रा और कार्यवाहक अध्यक्ष प्रबंध समिति सज्जन पाल सिंह ने यात्रा के फर्जी बिल बनाकर कार्यालय में लगाए। आरोप है कि तीनों ने मिलीभगत कर टैक्सियों के फर्जी बिल बनाएं और आरोपितों ने कई बार टैक्सी से यात्रा करने की जानकारी कार्यालय में दी। आरोप है कि कई बार फर्जी बिल जमा कराए गए। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी बिल बनाकर 99 हजार 6 सौ रुपये का गबन किया है। तहरीर में बताया गया है कि जब इसकी शिकायत हुई शिकायत कालेज प्रबंधक के सामने रखी लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। 18 मार्च 2020 को कोतवाली में भी तहरीर दी गयी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायालय ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश गंगनहर कोतवाली पुलिस को दिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मनोज मेनवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# भीम आर्मी ने किया हंगामा

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। अमर जवान चैक पर आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी भारत एकता मिशन कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम उप निरीक्षक झबरेडा को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को झबरेडा स्थित अमर जवान चैक पर आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया जिला उपाध्यक्ष सुशील पाटिल ने कहां कि केंद्र सरकार किसानों और मजदूरों पर अपने बिल जबरदस्ती लादने पर लगी हुई है सरकार ने किसानों पर तीन काले कानून लागू कर किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है यह काले कानून पूंजीपतियों को मनमानी छूट दिलाने वाले कानून हैं यह कानून किसानों की आय दोगुनी करने के लिए नहीं बल्कि किसान और मजदूर को आर्थिक रूप से कमजोर बनाने के लिए लागू किए गए हैं जिस कारण किसान लगभग 76 दिन से दिल्ली में आंदोलन करने को मजबूर हैं उन्होंने कहा कि भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी किसान के साथ हर तरह से इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद एडवोकेट एहतशाम ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए तीनों काले कानूनों को तुरंत खत्म कर एमएसपी की गारंटी का कानून बनाकर किसानों को राहत प्रदान की जाए तथा सर्दी व अन्य कारणों के कारण आंदोलन में शहीद होने वाले किसानों के परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व प्रत्येक शहीद परिवार को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए उन्होंने कहा कि आंदोलन में जाने वाले किसानों पर किसी तरह का कोई बल प्रयोग न किया जाए अन्यथा आजाद समाज पार्टी वह भीम आर्मी भारत एकता मिशन कोई बड़ा निर्णय लेने को मजबूर हो जाएगी जिसकी जिम्मेवारी प्रदेश व केंद्र सरकार की होगी किसानों और मजदूरों पर किसी तरह की शक्ति का इस्तेमाल न किया जाए प्रदर्शन के दौरान किन्ही कारणों से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के न पहुंचने पर भीम आर्मी तथा आजाद समाज पार्टी कार्यकताओं ने मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम उप निरीक्षक महेंद्र सिंह पुंडीर को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। इस अवसर पर धर्मवीर भारती, आस मोहम्मद गाडा, मेनपाल, जॉनी कुमार, ललित कुमार, अनुराग, अंकुर, गौरव कुमार, सौरभ, सुधीर, अमरीश, शुभम, कंवरसेन, सागर, जनेश्वर, नीरज, अनुराग, अनुज, निशू मौजूद थे।

# पीएचसी की हालत सुधारने की मांग की

» मदरलैंड संवाददाता

बुग्गावाला। भारतीय सेवक पार्टी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह भारत के नेतृत्व में बुग्गावाला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की गम्भीर व बेकार हुई हालात के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया। बताया कि हमारे गांव बुग्गावाला में लगभग 10-12 वर्ष पहले लगभग 2 करोड़ की अनुमानित लागत से एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया था लेकिन इस स्वास्थ्य के में लगभग आसपास के 25-30 गाँवो को केंद्र है फिर भी स्वास्थ्य सेवाएं ठप है महिला प्रसूति एवं दुर्घटना सम्बंधित किसी भी प्रकार की कोई सुविधाएं उपलब्ध नही है गरीब जनता परेशान है इसमें सभी स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध होनी चाहिए, एक एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि इस गम्भीर समस्या जा समाधान हो सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार श्री शम्भू कुमार झा ने आश्वासन दिया की जल्द समस्या के समाधान की कोशिश करेंगे। इस मौके पर अजय सिंह भारत, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ जसवंत सिंह, सुरेश सिंह अन्य मौजूद रहें।

रेखा दाबसे, ममता शर्मा, अनिता रानी, प्रेमलता, रानी, लता, पपलेश, रविता, सविता व सहायिका गीता, जानकी, गीता आदि

# भारी वेतन वाले 1.23 लाख लोगों के पीएफ खाते में जमा हैं 62,500 करोड़ रुपये: ईपीएफओ

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि खाते में जमा रकम को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ हैं। भारी वेतन वाले 1.23 लाख लोगों के पीएफ खातों में 62,500 करोड़ रुपये की राशि जमा हैं। सूत्रों के अनुसार, वहीं सर्वाधिक योगदान देने वाले एक शख्स के पीएफ खाते में 103 करोड़ रुपये जमा है। बता दें कि वित्त वर्ष 2021-22 के बजट प्रस्ताव के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि खाते में किसी व्यक्ति का सालाना इंवेस्टमेंट अगर 2.50 लाख रुपये से अधिक रहता है तो उसे अधिक राशि पर मिलने वाले ब्याज पर कर छूट नहीं मिलेगी। राजस्व विभाग के सूत्रों ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन खाते




में योगदान करने वाले 4.5 करोड़ कंट्रीब्यूटर हैं। इनमें से 1.23 लाख खाता धनाढ्य यानी मोटा वेतन पाने वालों के हैं। ये लोग ईपीएफ खाते में हर महीने बड़ी राशि जमा करते हैं। अधिक ब्याज पाने वालों को टैक्स के दायरे में लाने को वाजिब ठहराते हुए एक सूत्र ने कहा कि उच्च श्रेणी की आय वाले इन लोगों के पीएफ खाते में फिलहाल 62,500 करोड़ रुपये जमा हैं और सरकार उन्हें टैक्स छूट के साथ 8 प्रतिशत का निश्चित रिटर्न दे रही है। यह लाभ उन्हें ईमानदार निम्न और मध्यम आय, वेतनभोगी और अन्य करदाताओं की कीमत पर मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार इनमें एक शख्स के खाते में 103 करोड़ रुपये से भी अधिक जमा है। वहीं दो अन्य ऐसे लोगों के खातों में 86-86 करोड़ रुपये से अधिक जमा हैं। शीर्ष 20 उच्च आय वर्ग के लोगों के खातों में करीब 825 करोड़ रुपये जमा हैं, जबकि शीर्ष मोटी सैलरी पाने वाले 100 एचएनआई के खातों में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जमा हैं। उसने कहा कि बजट में किए गए प्रस्ताव का मकसद कंट्रीब्यूटर्स के बीच असामानता को दूर करना है और उन उच्च आय वर्ग के लोगों पर लगाम लगाना है जो निश्चित उच्च ब्याज दर के प्रावधान का लाभ लेने के लिए बड़ी राशि जमा कर रहे हैं और ईमानदार टैक्सपेयर्स के पैसे की कीमत पर गलत तरीके से कमाई कर रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि ये एचएनआई कंट्रीब्यूटर्स ईपीएफ खाताधारकों की कुल संख्या का 0.27 प्रतिशत है और उनका प्रति व्यक्ति औसत कोष 5.92 करोड़ रुपये है। अतः वे टैक्स मुक्त निश्चित रिटर्न के साथ सालाना प्रति व्यक्ति 50.3 लाख रुपये की कमाई कर रहे हैं। यह कमाई वेतनभोगी वर्ग और अन्य करदाताओं की लागत पर की जा रही है। उसने कहा कि बजट में भविष्य में 2.5 लाख रुपये और उससे अधिक के कंट्रीब्यूशन पर ब्याज छूट को हटाना समानता के सिद्धांत पर आधारित है। व्यवस्था में इस खामी को दूर करने से औसत सामान्य ईपीएफ या जीपीएफ कंट्रीब्यूटर प्रभावित नहीं होंगे।

# एलॉन मस्क के एक ट्वीट से क्रिप्टोकरेंसी की कीमतें में हुआ 50 फीसदी इजाफा

## मस्क ने इन स्टेक्स को भी ट्वीट से आसमान पर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर आदमी और इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला और स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी स्पेसएक्स के संस्थापक एलॉन मस्क का जलवा बरकरार है उनके एक ट्वीट किसी कंपनी के शेयर को फर्श से अर्श पर पहुंचाने के लिए काफी है। उनके एक ट्वीट से कंपनियों को शेयर की कीमतें कई गुना तक बढ़ जाती है। यह बात एलॉन मस्क के ट्वीट ने एक बार फिर साबित किया है। दरअसल, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलॉन मस्क ने अपने ट्वीटर अकाउंट से गुरुवार को लिखा डोगी, यानी यह ट्वीट क्रिप्टोकरेंसी डोगक्वाइन से सपोर्ट में था। मस्क के ट्वीट करने के बाद 24 घंटे के अंदर इस क्रिप्टोकरेंसी डोगक्वाइन की कीमत 50 प्रतिशत से अधिक उछल गई। एलॉन मस्क ने डोगक्वाइन से सपोर्ट में लिखा, डोगक्वाइन लोगों का क्रिप्टो है। इसके बाद एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा नो हाईज, नो लोज, ऑनली डोग, उनके इतना ट्वीट करते ही क्रिप्टोकरेंसी की कीमतें उछलकर 5 सेंट तक जा पहुंची जो पहले 3 सेंट पर ट्रेड कर रही थी। आपको बता दें कि ट्विटर पर एलॉन मस्क के 4.45 करोड़ फॉलोअर्स हैं। यह पहला मौका नहीं है जब मस्क के ट्वीट से किसी शेयर या क्रिप्टोकरेंसी में तेजी आई है। इससे पहले भी 20 दिसंबर को भी उन्होंने एक शब्द में ट्वीट किया डोग, जिसके बाद डोगक्वाइन की कीमतें 20 फीसदी उछल गई थीं और यह क्रिप्टोकरेंसी ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी थी। मस्क ने पिछले हफ्ते वीडियो गेम्स बनाने वाली कंपनी गेम्सटॉप के समर्थन में ट्वीट किया था गेम्सटॉप, जिसके बाद कंपनी के शेयर 680प्रतिशत से अधिक उछले थे और इसकी कीमत 400 डॉलर को पार कर गई थी, जो पहले केवल 41 डॉलर पर ट्रेड कर रहा थी। इतना ही नहीं, पिछले सप्ताह एलॉन मस्क अपना ट्विटर प्रोफाइल बदलकर हैशटैग बिटक्वाइन कर लिया, इसके बाद बिटक्वाइन की कीमतें 20 फीसदी बढ़ गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया बढ़त के साथ खुला

मुंबई। घरेलू बाजार में शुक्रवार को रुपया बढ़त के साथ खुला है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 72.93 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.98 पर खुला और कुछ देर में ही 72.93 तक पहुंच गया, जो एक दिन पहले की तुलना में तीन पैसे अधिक है। वहीं गुरुवार को रुपया 72.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़कर 91.59 पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मुख्य ब्याज दर को चार फीसदी पर ही बनाये रखने का फैसला किया। माना जा रहा है कि रिजर्व बैंक के ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के साथ ही बाजार में आई तेजी से भी रुपया मजबूत हुआ है।

### घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। इसमें 30-30 पैसे प्रति लीटर की बढ़त आई है। इससे पहले भी यह 35-35 पैसे प्रति लीटर ऊपर आया था। वहीं पिछले एक सप्ताह से दाम स्थिर बने हुए थे। दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल 86.95 रुपये प्रति लीटर बढ़ा है जबकि डीजल 77.13 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। यह सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में केवल 12 दिन ही पेट्रोल महंगा हुआ, लेकिन इतने दिनों में ही यह 03.24 रुपये महंगा हो गया है। इससे लगभग सभी शहरों में पेट्रोल शीर्ष पर चला गया। इससे पहले, बीते साल की दूसरी छमाही में भी पेट्रोल के दाम ऊपर आये हैं। गत 10 महीने में ही इसके दाम में करीब 17 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल के साथ साथ डीजल की कीमत भी रिकार्ड बनाने की राह पर है। कल भी डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। आज फिर यह 30 पैसे प्रति लीटर ऊपर आया। नए साल में 12 दिनों में ही डीजल 03.26 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह भी सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है। देखा जाए तो पिछले 10 महीने में ही इसके दाम में 15 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गयी है।

### रियलमी एक्स7 प्रो 35 मिनट में हो जाएगा चार्ज

नई दिल्ली। भारत में 4 फरवरी को चाइनीज कंपनी रियलमी अपने नई रियलमी एक्स7 सीरीज के अंतर्गत दो नए स्मार्टफोन्स रियलमी एक्स7 प्रो और रियलमी एक्स7 को लॉन्च करने वाली है। रियलमी के अनुसार, रियलमी एक्स7 और रियलमी एक्स7 प्रो को 4 फरवरी दोपहर 12:30 बजे भारतीय बाजार में ग्राहकों के लिए लॉन्च किया जाएगा। रियलमी ब्रांड के इस फोन में सुपर एमोलेड डिस्प्ले, 120 हट्र्ज.रिफ्रेश रेट, 1200 निट ब्राइटनेस, हाई कॉन्ट्रास्ट रेशियो का इस्तेमाल किया गया है। स्पीड और मल्टीटास्किंग के लिए इस फोन में 2.6 गीगाहट्र्ज.तक मीडियाटेक डाइमेंसिटी 1000+ 5जी चिपसेट का इस्तेमाल किया जाएगा। आधिकारिक लॉन्च से पहले रियलमी एक्स7 प्रो के स्पेसिफिकेशन कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर लिस्ट कर दिए गए हैं। लिस्टिंग के अनुसार, प्रो मॉडल के स्पेसिफिकेशन चीनी मार्केट में लॉन्च हुए वेरिएंट के समान लग रहे हैं। बता दें कि यह 7एनएम प्रोसेसर पर बेस्ड है। ग्राफिक्स के लिए इस दमदार स्मार्टफोन में माली-जी77 जीपीयू है। फोन का वजन 184 ग्राम होगा। कैमरा सेटअप की बात करें तो फोन के पिछले हिस्से में चार रियर कैमरे होंगे, 64 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा, साथ में 8 मेगापिक्सल अल्ट्रा वाइड एंगल, 2 मेगापिक्सल पोर्ट्रेट कैमरा और 2 मेगापिक्सल मैक्रो कैमरा सेंसर मिलेगा। कैमरा फीचर्स की बात करें तो फोन में सुपर नाइटस्केप 4.0 जैसे फीचर्स भी दिए जाएंगे। कंपनी की वेबसाइट पर ऐसा दावा किया गया है कि फोन केवल 35 मिनट में ही फुल चार्ज (0-100फीसदी) होने में सक्षम है। बता दें कि फोन में 65 वॉट सुपरडार्ट चार्ज सपोर्ट मिलेगा।

### शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

मुंबई। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को भारी तेजी के साथ खुला। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजारों में बढ़त दर्ज की गयी। मौद्रिक नीति पर फैसलों से पहले आज बॉम्बे स्टॉक एक्सेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 266 अंक करीब 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ ही 50,880 अंक पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर निफ्टी भी 69 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ 14,965 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार के दौरान 979 शेयरों में बढ़त देखी गयी। वहीं243 शेयरों नीचे आये जबकि 43 शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया। इसके अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी बढ़त रही। मिडकैप इंडेक्स भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स पर सबसे ज्यादा लाभ में भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, ओएनजीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन कंपनी, हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी, मारुति सुजुकी के स्टॉक्स में नजर आयी है हालांकि, इसके विपरीत पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल में गिरावट नजर आ रही है। निफ्टी बैंक 2 फीसदी की बढ़त के साथ 36,000 के पार पहुंच गया है। दिसंबर 2020 के सरकारी आंकड़े के मुताबिक खुदरा महंगाई दर घटकर 4.59 फीसदी पर आ गई है। नवंबर 2020 में खुदरा महंगाई दर 6.93 फीसदी थी इसलिए महंगाई दर में कमी आई है, ऐसे में ब्याज दर में बदलाव होने की उम्मीद कम है। अभी रिजर्व बैंक ने 5 अगस्त 2016 से 31 मार्च 2021 तक खुदरा महंगाई दर को औसत 4 फीसदी तक सीमित रखने की नीति अपना रखी है।

# रियलमी ने मीडियाटेक डायमेंसिटी 800यू के साथ भारत का पहला स्मार्टफोन लांच किया

**चंडीगढ़ ।** 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड, रियलमी ने आज अपने एक्स सीरीज परिवार में नए सदस्य, रियलमी एक्स7 5जी और रियलमी एक्स7 प्रो 5जी प्रस्तुत किए। इन नए सदस्यों में दो फीचर-पैक्ड स्मार्टफोन, रियलमी एक्स7 5जी, अपने मूल्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ डिजाईन का 5जी स्मार्टफोन तथा रियलमी एक्स7 प्रो 5जी, रियलमी की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्मार्टफोन है। ये स्मार्टफोन रियलमी को भारत में 5जी के क्षेत्र में लीडर बनने की ओर ले जाएंगे। रियलमी एक्स7 5जी एवं रियलमी एक्स7 प्रो 5जी में मीडियाटेक चिपसेट हैं, जो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ बोल्ड एवं फ्यूचरिस्टिक डिजाईन सुनिश्चित करते हैं।






लॉन्च के अवसर पर श्री माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया व यूरोप ने कहा, ह्यह्यरियलमी सदैव से लोगों को नई व उन्नत टेक्नॉलॉजी प्रदान करने पर केंद्रित रहा है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए हमने 2021 के लिए भारत में 5जी लीडर बनने का उद्देश्य निर्धारित किया है। रियलमी एक्स7 5जी सीरीज यह उद्देश्य प्राप्त करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। हमने जनता को 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई हैं। इसलिए हम बजट से लेकर फ्लैगशिप्स तक विभिन्न मूल्य वर्गों में 5जी स्मार्टफोन प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारा विश्वास है कि उपभोक्ता इतनी उन्नत टेक्नॉलॉजी अपनाने के लिए तैयार हैं। यही कारण है कि हमने आज भारत का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 800यू पॉवर्ड स्मार्टफोन प्रस्तुत किया है। मीडियाटेक के शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर न केवल 5जी फ्यूचर रेडी नेटवर्क मॉड्यूल प्रस्तुत करते हैं, बल्कि ये इस मूल्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस भी देते हैं और 4जी के तुल्य स्मार्टफोन पर बेहतर पॉवर कंजंप्शन भी प्रदान करते हैं। रियलमी एक्स7 5जी एवं रियलमी एक्स7 प्रो 5जी में टेक्नॉलॉजी एवं डिजाईन का बेहतरीन मिश्रण है और यह उपभोक्ताओं के बीच बहुत सफल होगा।

अंकु जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मीडियाटेक इंडिया ने कहा, ह्यह्यरियलमी एक्स7 भारत का पहला स्मार्टफोन है, जिसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 800यू चिपसेट लगा है। यह चिप अत्याधुनिक, नैक्स्ट जनरेशन की टेक्नॉलॉजी डायमेंसिटी एसओसी सीरीज में प्रस्तुत करती है तथा मीडियाटेक की आधुनिक 5जी, इमेजिंग एवं मल्टीमीडिया टेक्नॉलॉजी को हाई परफॉर्मेंस 5जी स्मार्टफोंस में समाविष्ट कर 5जी का अतुलनीय अनुभव प्रदान करती है।ह्लउन्होंने कहा, ह्यह्यविभिन्न कस्टमर सेगमेंट्स के लिए हाई परफॉर्मेंस डिवाईसेस को पॉवर करने के लिए हम मीडियाटेक डायमेंसिटी 1000 चिप द्वारा पॉवर्ड रियलमी एक्स7 प्रो का भी लॉन्च कर रहे हैं। 5जी भारत में मूर्त रूप ले रहा है, इसलिए हम भविष्य में सभी ग्राहक वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वश्रेष्ठ डिवाईस प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं।


# आ रहा है सेमसंग का धांसू स्मार्टफोन गैलेक्सी ए52

**नई दिल्ली।** हैंडसेट निमार्ता कंपनी सैमसंग के आगामी स्मार्टफोन गैलेक्सी ए52 को हाल ही में टीना सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर स्पॉट किया गया है। टीना लिस्टिंग से गैलेक्सी ए52 के डिस्प्ले और इस फोन की बैटरी क्षमता के बारे में जानकारी मिली है। लीक हुई रिपोर्ट में बताया गया था कि फोन के चार कलर वेरिएंट उतारे जा सकते हैं, ऑव्सम वायलेट, ऑव्सम ब्लैक, ऑव्सम ब्लू और ऑव्सम व्हाइट। टीना पर लिस्टिंग के अनुसार, आगामी सैमसंगमोबाइल फोन मॉडल नंबर एसएम-ए5260 के साथ लिस्ट किया गया है। इसके अलावा फोन में 6.46 इंच डिस्प्ले और फोन में जान फूंकने के लिए 4,500 एमएएच की बैटरी होगी। इसके अलावा फोन एंड्रायड 11 पर काम करेगा। यह 5जी स्मार्टफोन होगा, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया है कि सैमसंग अपने गैलेक्सी ए52 स्मार्टफोन के 4जी



वेरिएंट को भी लॉन्च कर सकती है। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि यूरोप में सैमसंग गैलेक्सी ए52 4जी वेरिएंट के 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 369 यूरो (लगभग 32,700 रुपये) और 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट वाले मॉडल की कीमत 429 यूरो (लगभग 38,000 रुपये) हो सकती है। 5जी वेरिएंट की बात करें तो इस फोन के 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 459 यूरो (लगभग 40,700 रुपये) और 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 509 यूरो (लगभग 45,100 रुपये) हो सकती है।

# पोको ने पोको एम3 प्रस्तुत किया



**चंडीगढ़।** भारत के तीसरे सबसे बड़े ऑनलाईन स्मार्टफोन ब्रांड, पोको ने आज अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन- पोको एम3 के लॉन्च की घोषणा की। यह ब्रांड सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मर प्रस्तुत करके एम सीरीज की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। पोको एम3 में 6जीबी रैम, 48 मेगापिक्सल का ट्रिपल कैमरा सेटअप, 6000 एमएएच की बैटरी, फुल एचडी+ डिस्प्ले, क्वालकोम स्नैपड्रैगन 662 चिपसेट है। इसका मूल्य 10,999 रु. से शुरू होता है। आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों को 1,000 रु. की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इस लॉन्च के बारे में अनुज शर्मा, कंट्री डायरेक्टर, पोको इंडिया ने कहा, अपने पहले साल पोको ने अनेक मानदंड स्थापित किए और ज्यादा कनेक्टेड, स्मार्ट ग्राहकों से जुड़ा। स्वतंत्र ब्रांड बनने के 10 महीनों में ही, हम भारत में तीसरी सबसे बड़ी ऑनलाईन स्मार्टफोन कंपनी बन गए। यह हमारे ब्रांड के सिद्धांत - एवरीथिंग यू नीड, नथिंग यू डोंट को ग्राहकों के मिले अपार समर्थन का प्रमाण है। पोको एम3 का लॉन्च ब्रांड को और ज्यादा मजबूत करने का हमारा प्रयास है और सर्वश्रेष्ठ लुक्स के साथ अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रस्तुत करता है। पोको एम3 तीन रंगों: पॉवर ब्लैक, कूल ब्लू एवं पोको यलो में मिलेगा। यह 9 फरवरी, 2021 दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट पर मिलना शुरू होगा। खरीददार 6जीबी+64जीबी और 6जीबी+128जीबी वैरिएंट क्रमशः 10,999 रु. और 11,999 रु. में खरीद सकेंगे।

# पीएनबी घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी पर ईडी ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** देश के बड़े बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को करोड़ों का चूना लगाकर विदेश भागे हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकांजा कसता जा रहा है। ईडी ने 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक के पीएमबी घोटाले में गीतांजलि ग्रुप और इसके प्रमोटर मेहुल चोकसी की 14 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने बताया कि पीएनबी बैंक घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक मेहुल चोकसी की प्रपॉपर्टी का अटैचमेंट मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट (पीएमएलए) के तहत किया गया है। आपको बता दें कि मेहुल चोकसी तीन साल से देश से फरार हैं। ईडी ने इससे पहले भी मेहुल चोकसी और इस केस के दूसरे आरोपियों की संपत्ति को जब्त किया



है। मेहुल चोकसी और गीतांजलि ग्रुप के जिन ऐसेट्स को अचैट किया गया है, उनमें मुंबई के गोरेगांव स्थित ड2 टावर में एक 1,460 वर्ग फुट आकार का फ्लैट, गोल्ड और प्लेटिनम की ज्वैलरी, हीरे, चांदी और मोतियों से बना नेकलेस, महंगी घड़ियां और एक मर्सिडीज बेंज कार शामिल है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, मेहुल चोकसी भारत से भागकर एंटीगा चला गया था। चोकसी को जनवरी 2018 में एंटीगा और बारबुडा की नागरिकता मिल गई। जबकि मेहुल चोकसी का भांजा और पीएनबी घोटाले का मुख्य आरोपी नीरव मोदी लंदन में है, जहां उसे भारत प्रत्यर्पित करने का केस चल रहा है। आपको बता दें कि पीएनबी फ्रॉड केस 2018 में सामने आया था।

यह घोटाला 13,000 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस घोटाले में हीरा व्यापारी नीरव मोदी के अलावा उसकी पत्नी ऐमी, उसका भाई निशाल और मामा मेहुल चोकसी मुख्य अभियुक्त है। आरोप है कि चोकसी और उसकी कंपनी गीतांजलि जेम्स और अन्य लोगों ने पंजाब नेशनल बैंक के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर धोखे से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) जारी करवाकर और फॉरेन लेटर फॉर क्रेडिट (एफएलसी) बढ़वा लिया और बैंक के पैसे लेकर फरार हो गया। पीएनबी फ्रॉड केस में सरकारी गवाह बनी नीरव मोदी की बहन और उनके पति अपने खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को रद्द करने के लिए गुरुवार को कोर्ट पहुंचे। नीरव की छोटी बहन पूर्वी मोदी बेल्जियम की नागरिक हैं और उनके पति मयंक मेहता के पास ब्रिटेन की नागरिकता है। इस मामले में अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 11 फरवरी तक के लिए टाल दी।

# सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी M02 स्मार्टफोन




**चंडीगढ़ ।** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने अपनी बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी ट सीरीज के तहत आज गैलेक्सी ट02 लॉन्च किया। गैलेक्सी ट02२ की सफलता के बाद सैमसंग ने गैलेक्सी ट02 के जरिए बजट सेगमेंट में ऐसे फीचर उपलब्ध करा कर 'पावरिंग डिजिटल इंडिया' के अपने विजन को और मजबूती देने का लक्ष्य रखा है, जो पहले कभी इस बजट के उपभोक्ताओं को हासिल नहीं थे। गैलेक्सी ट02 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह उपभोक्ताओं की डिजिटल जरूरतों को पूरा कर सके, चाहे वह काम से संबंधित हों या फिर खेलने या कंटेंट देखने से। मनोरंजन को केंद्र में रख कर की गई इस जबर्दस्त पेशकश में एक बड़ा डिस्प्ले है, एक विशाल बैटरी है और एक शानदार कैमरा है- और यह सब उपलब्ध हो रहा है 7000 रुपये के आकर्षक मूल्य के भीतर, जो ह्यमेरा ट, मेरा मनोरंजनह्ल की इसकी छवि के बिलकुल अनुरूप है। सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस के निदेशक आदित्य बब्बर ने बताया, 'ह्यपावरिंग डिजिटल इंडिया' के हमारे विजन को मजबूत करने के लिए सैमसंग इनोवेटिव और अफोर्डेबल टेक्नोलॉजी तैयार कर रहा है ताकि उपभोक्ताओं की लगातार विकसित होती नई जरूरतों को पूरा किया जा सके। गैलेक्सी ट02२ की लॉन्चिंग घर से सीखने, घर से काम करने और कहीं भी रहते हुए मनोरंजन में कोई समझौता न करने जैसे नए इंडिया के तेजी से अंगीकार किए जा रहे डिजिटल व्यवहार में अपना सहयोग देने और उसे और विस्तृत करने के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता का जीता-जागता प्रमाण है। गैलेक्सी ट02 को लॉन्च करने के साथ ही हमारा यह विश्वास और पक्का हुआ है कि मनोरंजन का यह बादशाह 10000 रुपये से नीचे मूल्य वाले सेगमेंट में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करेगा।

# बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी 2021 एडिशन शुरू हुआ

**चंडीगढ़ ।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने भारत में अपने अनूठे राइडिंग एक्सपीरियंस - बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी 2021 की शुरूआत कर दी है। असली विशिष्टता के सार को सामने लाते हुए, इस मोटोराड सफारी को केवल भारत में बीएमडब्ल्यू मोटरसाइकल ओनर्स के लिए तैयार किया गया है और यह दो पहियों पर जबरदस्त राइडिंग एडवेंचर की पेशकश करेगी। देश भर में 50 + विशेष रूप से तैयार




राइडिंग एक्सपीरियंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को खोज और रोमांच का पूरा-पूरा अहसास मिलेगा और हर राइड देश भर के अलग-अलग गंतव्यों को एक्सप्लोर करेगी। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि इस सीरीज की शुरूआत बीएमडब्ल्यू मोटोराड डेजर्ट सफारी के साथ हुई जिसमें भारतीय थार रेगिस्तान को एक्स्प्लोर किया जाएगा। प्रतिभागियों को उनके बेहतरीन राइडिंग स्किल और कॉन्फीडेंस के साथ इस सफारी का अधिक से अधिक आनंद उठाने का मौका मिलेगा जो इस तरह के प्रमाणित राइडर सफारी फॉर्मेट्स से आता है। सफारी में ऑफ-रोड राइडिंग की बुनियादी तकनीकों पर और राइडिंग कौशल में सुधार करने के लिए बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंटरनेशनल इंस्ट्रक्टर्स एकेडमी सर्टिफाइड ट्रेनर की ओर से ट्रेनिंग सेशन शामिल हैं।

# रूट करियर के 100वें टेस्ट में शतक जमाने वाले दुनिया के 9वें खिलाड़ी बने, इंग्लैंड 263/3

**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच चेन्नई में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 263 रन बनाए। दिन के आखिरी ओवर (90वें) में जसप्रीत बुमराह ने डॉमनिक सिबली को छइह किया। वे 87 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान जो रूट 128 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

रूट ने टेस्ट करियर की 20वीं सेंचुरी लगाई। रूट का यह 100वां टेस्ट है। वे 100वें टेस्ट में शतक जड़ने वाले दुनिया के 9वें और इंग्लैंड के तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने लगातार तीन टेस्ट में शतक लगाया है। वे 98वें, 99वें और 100वें टेस्ट में शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। चेन्नई टेस्ट से पहले रूट ने श्रीलंका के खिलाफ इसी महीने दो टेस्ट में 2 सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 228 रन और दूसरे टेस्ट में 186 रन बनाए थे।



**बर्न्स और सिबली ने इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत दी**

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम को ओपनर रोरी बर्न्स और सिबली ने अच्छी शुरूआत दी।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 63 रन की पार्टनरशिप की। इंग्लैंड को पहला झटका रोरी बर्न्स के रूप में लगा। वे 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। वहीं, डैनियल लॉरेंस शून्य पर पवेलियन लौटे। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने छइह किया।

**रूट और सिबली ने तीसरे विकेट के लिए 200 रन जोड़े**

रूट और सिबली ने तीसरे विकेट के लिए 200 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सिबली ने टेस्ट करियर की चौथी फिफ्टी लगाई। यह उनकी लगातार दूसरी फिफ्टी रही।

इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 56 रन बनाए थे। भारत की ओर से बुमराह को 2 और रविचंद्रन अश्विन को 1 विकेट मिला।

**रूट ने भारत में लगातार 7वें टेस्ट में 50+ रन बनाए**

रूट ने टीम इंडिया के खिलाफ 17 टेस्ट में 5 सेंचुरी लगाई हैं। उन्होंने भारत में 7 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने इन सभी टेस्ट में फिफ्टी या इससे ज्यादा रन बनाए हैं।

**बुमराह ने विदेश में सबसे ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद भारत में टेस्ट खेला**

जसप्रीत बुमराह पहली बार भारत में टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वे डेब्यू से लेकर अब तक 17 टेस्ट विदेश में खेल चुके हैं। भारतीय खिलाड़ियों में उन्होंने जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ा। श्रीनाथ ने 12 टेस्ट विदेश में खेलने के बाद भारत में पहला मैच खेला था। आरपी सिंह ने 11, सचिन तेंदुलकर और आशीष नेहरा ने 10-10 टेस्ट विदेश में सबसे ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद भारत में पहला मैच खेला था।

**रूट 100वां टेस्ट खेलने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी**

रूट 100 टेस्ट खेलने वाले वाले इंग्लैंड के 15वें क्रिकेटर हैं। वे यह उपलब्धि पाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। रूट फिलहाल 30 साल 37 दिन के हैं। सबसे कम उम्र में 100 टेस्ट खेलने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के नाम है। उन्होंने 28 साल 353 दिन की उम्र में 100वां टेस्ट खेला था।

## संक्षिप्त समाचार

### इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पहली बार पाक दौरे पर जाएगी

कराची। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इस साल अक्टूबर में पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि इंग्लैंड की महिला टीम 14 और 15 अक्टूबर को दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। वहीं इसी दौरान इंग्लैंड की पुरुष टीम भी पाक दौरे पर रहेगी। इसी दिन पुरुष टीम भी मेजबान टीम के खिलाफ सबसे छोटे प्रारूप के मुकाबले खेलेगी। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 18, 20 और 22 अक्टूबर को कराची के राष्ट्रीय स्टेडियम में होंगे। पुरुष टीम साल 2005 से पहली बार पाकिस्तान के दौरे पर आएगी। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने कहा, 'विश्व चैंपियन इंग्लैंड की टीम कराची में पहली बार दौरे पर आ रही है जो पाक, हमारी महिला क्रिकेटर और वैश्विक खेल के लिए काफी अहम घोषणा है।' उन्होंने कहा, 'महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले पुरुष टीम के मुकाबलों से पहले राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। मेहमान विश्व चैंपियन टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों से पाकिस्तान की टीम आईसीसी महिला विश्व कप 2022 के लिए अपनी तैयारी की समीक्षा कर पाएगी।'

### शहडोल ने जीती सिंधिया ट्रॉफी


इन्दौर। शहडोल ने माधवराव सिंधिया ट्रॉफी पर कब्जा किया। इन्दौर में खेले गये इस अंतर संभागीय क्रिकेट टुनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में कुमार कार्तिकेय (59* रन व 2 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत शहडोल ने इन्दौर संभाग को बेहद रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से हराकर यह खिताब जीता। होलकर स्टेडियम में इन्दौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभषिक भंडारी (64 रन) व अनिल मौर्य (67 रन) की उम्दा अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत 49.1 ओवर में 255 रनों का स्कोर किया। ऋषभ चौहान ने 41 व शुभम शर्मा ने 31 रनों का योगदान दिया। शहडोल के लिए अक्षय सिंह ने सर्वाधकि 4 विकेट, कुमार कार्तिकेय व अंकुश त्यागी ने 2-2 विकेट लिए, जबकि रामप्रकाश चौधरी व जगदीप बावेजा को 1-1 सफलता मिली। जवाब में कुमार कार्तिकेय की 59 रनों की नाबाद अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत शहडोल ने 50वें ओवर की अंतमि गेंद पर 256 रनों का विजयी लक्ष्य भेदकर रोमांचक जीत दर्ज की। अक्षय सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। शहडोल की जीत में हर्ष दीक्षति ने 37, हिमांशु मंत्री ने 35, संकेत श्रीवास्तव ने 32 व अंकुश त्यागी ने 29 रनों का योगदान दिया। इन्दौर के लिए महिर हिरवानी व ऋषभ चौहान ने 3-3 विकेट लिए, जबकि सुरेन्द्र मालवीय व सारांश जैन को 1-1 सफलता मिली। दोहरे प्रदर्शन के लिए कुमार कार्तिकेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर एमपीसीए के सचिव संजीव राव व कोषाध्यक्ष पवन जैन विशेष रूप से उपस्थति थे। एमपीसीए ने दोनों टीमों को इस स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### कुश्ती खिलाड़ी रमन यादव ने की खेल मंत्री से सौजन्य भेंट

भोपाल। आगरा में पिछले दिनों आयोजित 23वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश को कांस्य पदक दिलाने वाली मार्शल आर्ट कुश्ती अकादमी की खिलाड़ी रमन यादव ने खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया से सौजन्य भेंट की और उन्हें प्रतियोगिता में अर्जित उपलब्धि से अवगत कराया। खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने रमन यादव को प्रतियोगिता में कांस्य पदक अर्जित करने और उनके इंडिया कैम्प में चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने रमन यादव को इंडिया कैम्प में कड़ा परिश्रम करने और खेल विधा को निखारकर सफलता अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन एवं कुश्ती प्रशिक्षक सुमित सेहरावत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सीनियर महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में अकादमी की खिलाड़ी रमन यादव ने 57 किलोग्राम भारवर्ग और पूजा जाट ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में एक-एक कांस्य पदक मध्य प्रदेश को दिलाए। दोनों खिलाड़ियों का टोक्यो ओलम्पिक की तैयारी के लिए आयोजित इंडिया कैम्प हेतु चयन हुआ।

# स्टार्क के लिए बोली लगा सकती हैं तीन आईपीएल टीमें

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14 वें सत्र के लिए नीलामी यहां 18 फरवरी को होने वाली ह है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क पर बड़ी बोली लग सकती है। अगर स्टार्क पूरे सत्र के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करते हैं, तो इस सुपरस्टार गेंदबाज को अपने साथ करने के लिए कई टीमें बोलियां लगा सकती हैं। स्टार्क कई सालों से सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते आए हैं। स्टार्क ने अंतिम बार 2015 के आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेला था। स्टार्क ने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 मैचों में 34 विकेट लिये थे। स्टार्क को 2018



आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 9.40 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह चोट के कारण सत्र से बाहर हो गए थे। स्टार्क के पास गेंद से गति और उछाल प्राप्त करने की क्षमता है। इसके साथ ही वह बल्ले से बड़े शॉट भी खेल सकते हैं। इन सब खूबियों के कारण उन्हें इस सत्र के लिए बड़ा अनुबंध मिल सकता है। ये तीन टीमें स्टार्क को खरीद सकती हैं मुंबई इंडियंस मुम्बई इंडियंस आईपीएल के पिछले सत्र की विजेता रही थी। उसने इस सत्र के लिए लसिथ मलिंगा, जेम्स पेटिंसन, नाथन कूल्टर नाइल जैसे तेज गेंदबाजों को रिलीज कर दिया है। ऐसे में मुंबई इंडियंस को एक विदेशी तेज गेंदबाज की तलाश होगी, जो जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट का साथ दे सके। मुंबई इंडियंस स्टार्क को शामिल करके अपने पेस अटैक को और मजबूत कर सकती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस टीम के लिए स्टार्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।आरसीबी ने नए सत्र से पहले दस खिलाड़ियों को रिलीज किया है, जिसमें क्रिस मॉरिस, डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। आरसीबी एक अनुभवी विदेशी तेज गेंदबाज को शामिल करने के लिए बेताब होगी। स्टार्क विराट कोहली एंड कंपनी के लिए पूरी तरह से फिट बैठते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब किंग्स इलेवन ने इस सत्र के लिए शेल्डन कॉट्रेल समेत 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया है। कॉट्रेल के जाने के बाद इस टीम को एक विदेशी तेज गेंदबाज की तलाश है। ऐसे में स्टार्क पंजाब के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। स्टार्क और मोहम्मद शमी की जोड़ी विपक्षी टीमों के लिए खतरा बन सकती हैं।

# ट्यूनीशिया डिफेंडर का आर्सेनल से करार



**लंदन।** ट्यूनीशिया के डिफेंडर उमर रेइक ने आर्सेनल फुटबॉल टीम के साथ करार किया है। उमर ने ट्यूनीशिया और नीदरलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला है। अपने करियर के दौरान उन्होंने फेनोओर्ड, मैनचेस्टर सिटी, पीएसवी आइंधोवेन और मार्सिले क्लबों की ओर से भी खेला है। उमर ने कहा कि यहां आना बहुत अच्छा लगता है। इस फुटबॉलर ने कहा, जब आर्सेनल जैसा क्लब दिलचस्पी दिखाता है तो मुझे नहीं लगता कि किसी को भी दो बार सोचने की जरूरत होती है। यह डिफेंडर अपने तीन सत्र के कार्यकाल से खुश हैं क्योंकि इससे उन्हें अनुभव प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

# एआईएफएफ ने कोच मामले में ईस्ट बंगाल का समीक्षा अनुरोध ठुकराया

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कोच रॉबी फॉलर को लेकर ईस्ट बंगाल की समीक्षा अपील को ठुकरा दिया है। इससे पहले क्लब ने अनुशासनात्मक समिति से अपने मुख्य कोच रॉबी फॉलर के चार मैच के निलंबन और पांच लाख रुपए जुमार्ने के फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया था जिसे स्वीकार नहीं किया गया हालांकि संचालन संस्था ने माना कि भारतीय रैफरियों को लेकर उनकी 'टिप्पणियां' नस्लीय नहीं थीं। इससे पहले कोच को भारतीय रैफरियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का दोषी पाया गया था और उन्हें एआईएफएफ अनुशासनात्मक संहिता के अनुच्छेद 59.1 के अंतर्गत आरोपित किया गया था जो नस्लीय टिप्पणी करने से संबंधित है। फॉलर ने 29 जनवरी को इंडियन सुपर लीग में एफसी गोवा के खिलाफ 1-1 ड्रा के बाद भारतीय रैफरियों के खिलाफ टिप्पणी की थी। सजा के एक दिन बाद ईस्ट बंगाल के शीर्ष अधिकारी देबब्रत सरकार ने एआईएफएफ की अनुशासनात्मक समिति के चेयरमैन ऊषानाथ बनर्जी से क्लब के हितों को देखते हुए इस फैसले पर दोबारा विचार का अनुरोध किया था लेकिन बनर्जी ने इसे खारिज कर दिया और कहा, ''फॉलर द्वारा किये गये दुर्व्यवहार पर समिति ने सर्वसम्मति से सजा दी है जिस पर सहानुभूति से कोई पुनर्विचार नहीं किया जायेगा और इसमें समीक्षा की कोई गुंजाइश नहीं है।''

# क्रिकेट के साथ ही कारोबार में भी आगे बढ़ रहे रहाणे

**मुम्बई।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे क्रिकेट के साथ ही कारोबार में भी आगे बढ़ रहे हैं। रहाणे स्टार्टअप कंपनियों में निवेशक हैं।

रहाणे के अलवा कई अन्य क्रिकेटर भी स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं। रहाणे ने पिछले साल दो स्टार्टअप कंपनियों में निवेश किया था, जिसमें से पहला महिंद्रा सपोर्टेड एग्रीटेक स्टार्टअप मेरा किसान और दूसरा खेल प्रेमियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हडल है।

पुणे स्थित एग्रीटेक स्टार्टअप मेरा किसान के रहाणे ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इसकी स्थापना 2016 में महिंद्रा एग्री सॉल्युशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी के तौर पर की गयी थी। यह



महिंद्रा एंड महिंद्रा के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है। यह प्रमाणीकरण, तकनीकी सहायता और जैविक और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की मदद से जैविक किसानों के साथ मिलकर काम करती है। वहीं मेरा किसान स्टार्टअप पर आप ऑर्गेनिक घी, ताजा फल-सब्जी, ऑर्गेनिक चावल, दाल, आटा, दलिया, सूखे मेवा और मसाले भी खरीद सकते हैं। शुद्ध और ऑर्गेनिक शहद और अंडे भी यहां से खरीदे जा सकते हैं। रहाणे से जब पूछा गया कि उन्होंने निवेशक बनने का फैसला क्यों किया, तब उन्होंने बताया कि क्रिकेटर होने के नाते बचपन से ही हमारी दिनचर्या बहुत ही फोकस्ड होती है। मैंने जितना क्रिकेट खेला मुझे उतना ही घुमने का मौका भी मिला। उस दौरान नए लोग से मिलना, उन्हें जानना और उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न आकर्षक बिजनेस के बारे में भी जानने को मिला। रहाणे ने कहा कि क्रिकेट के बाद के जीवन की योजना बनाना महत्वपूर्ण है और इसीलिए शुरूआती समय में ही आकर्षक बिजनेस वैंचर के साथ साझेदारी की, जो भविष्य में अच्छा बिजनेस बन सकता है। वहीं इससे पहले क्रिकेटर से राजनेता बने गौतम गंभीर ने भी निवेश की शुरूआत की थी। गंभीर ने हेल्थटेक स्टार्टअप एफवाईआई हेल्थ में निवेश किया, जो ऑफिसों के लिए सॉल्यूशन डेवलप कर रहा है।

# जे.एस. आनंद ट्रॉफी: शहडोल व इन्दौर के बीच फायनल

**इन्दौर।** जे.एस. आनंद ट्रॉफी के लिए खेली जा रही सीनियर वुमंस इंटर डिविजनल एक दिवसीय क्रिकेट टुनार्मेंट के पहले सेमीफायनल में पूजा वस्त्राकर (144) की शतकीय पारी के दम पर भोपाल संभाग को 45 रनों से हराकर खतिाबी मुकाबले में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफायनल में इन्दौर ने ग्वालियर संभाग को 43 रनों से शिकस्त दी।

इन्दौर व शहडोल के बीच खिताबी मुकाबला शुक्रवार 05 फरवरी को होलकर स्टेडियम में खेला जायेगा। :: पूजा वस्त्राकर (144) ने फरि ठोंका शतक, 45 रनों से जीता शहडोल :: स्पर्धा में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कीर्तिमान रच रही शहडोल की स्टार खलिाड़ी पूजा वस्त्राकर का बल्ला सेमीफायनल में भी खुब चला, जिमखाना मैदान पर 131 गेंदों में 23



चौकों व 2 छक्कों से सुसज्जति उनकी 144 रनों की शतकीय पारी की बदौलत शहडोल ने निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 212 रनों का स्कोर किया। रीना यादव 21 व श्वाति वरमन 13 ही दहाई का आंकड़ा छू सकी। भोपाल की तमन्ना निगम, सौम्या तिवारी व समृद्धि सक्सेना ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में शहडोल की कसावट भरी गेंदबाजी के कारण भोपाल की टीम 49.4 ओवर में 167 रनों पर सिमट गई। तमन्ना निगम ने सर्वाधकि 51 रनों की पारी खेली, जबकि खुशी व निकिता ने 21-22 रनों का योगदान दिया। शहडोल की दीक्षा सिंह ने 3 विकेट लिए, जबकि पूनम सोनी व श्वाति वरमन ने 2-2 विकेट चटकाये। संस्कृति व प्रिया को 1-1 सफलता मिली। :: इन्दौर ने ग्वालियर को 43 रनों से हराया :: एनडीपीएस मैदान पर इन्दौर ने पहले खेलते हुए निर्धारत 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 127 रनों का स्कोर किया। प्रियंका कौशल ने सर्वाधकि 31 रनों की नाबाद पारी खेली। पूजा चौधरी ने 28 व वर्षा चौधरी ने 18 रनों का योगदान दिया। ग्वालियर के लिए रीतिका गर्ग ने 2 विकेट लिए, जबकि अपर्णा, वैष्णवी, तस्मयि, ज्योत्सना व भारती ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में चारू जोशी की घातक गेंदबाजी के दम पर इन्दौर ने ग्वालियर की पूरी टीम 42.5 ओवर में मात्र 84 रनों पर सिमेट दिया और यह मुकाबला 43 रनों से जीत कर फायनल में प्रवेश किया। ग्वालियर के लिए सलोनी ने 20 व नेहा बुडविक ने 18 रनों का योगदान दिया। चारू जोशी ने सर्वाधकि 3 विकेट लिए, अंजनी यादव व सलोनी डांगोरे ने 2-2 विकेट चटकाए।

# ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड करेंगे संयुक्त मेजबानी

**ज्यूरिख।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में साल 2023 में होने वाले फीफा महिला विश्व कप के लिए एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) को 6 स्लॉट आवंटित किए गये हैं। वहीं दो मेजबान देश ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड इस आयोजन के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे। इनके स्लॉट इनके परिसंघों से सीधे तौर पर लिए जाएंगे जो कि एएफसी और ओएफसी हैं। चीन को पांच सीधे टिकटों के लिए एशिया के अन्य देशों के साथ क्वालीफाई करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था-फीफा ने कहा है कि इस नए नियम के अनुसार 32 टीमों को इस आयोजन के लिए



सबसे अधिक 11 स्लॉट यूरोप को आवंटित हुए हैं। वहीं इसके अलावा अफ्रीका, उत्तर अमेरिका, मध्य अमेरिका एवं कैरेबियंस को चार, दक्षिण अमेरिका को तीन और ओसेनिया को तीन स्लॉट मिले हैं। वहीं फीफा ने यह भी कहा कि रद्द किये गये अंडर जूनियर विश्व कप मुकाबलों का आयोजन इंडोनेशिया और पेरू में होगा।

# परम्परा-11, डीसीसी-11, राघव-11 एवं जिंगर स्पोर्ट-11 ने अपनी दूसरे दौर के मुकाबले जीते

**भोपाल।** प्रथम मैचमें परम्परा-11 वर्सेस डीसीसी-11 के बीच खेला गया जिसमें डीसीसी-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाये जिसके जबाव में परम्परा-11ने लक्ष्य का पीछा करते हुये आखिरी ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया जिसमें दीपक को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दा मैच दिया गया। दूसरेमैच में वंशिका-11 वर्सेस अभिषेक दांगे फेन्स क्लब के बीच खेला गया जिसमें वंशिका-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 5 ओवर मे 73 रन बनाये जिसके जबाव में अभिषेक दांगे फेन्स क्लब ने 31 रन पर ही ढेर हो गई जिसमें मैन ऑफ दा मैच हरिओम को उनके बेहतरीन आलराउंडर



प्रदार्शन के चलते दिया गया ।तीसरेमैच में अरमान-11 वर्सेस राघव-11 के बीच खेला गया जिसमें राघव-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 54 रन बनाये, जिसके जबाव में अरमान-1132 रन पर ही ढेर हो गई और मैच हार गई। इसमें मैन ऑफ दा मेच शुभम को उनके बेहतरीन बल्लेबाजी के चलते दिया गया चौथामैच जिंगर स्पोर्ट-11वर्सेसआर्मी-11 के बीच खेला गया जिसमें जिंगर स्पोर्ट-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाये जिसके जवाब मेआर्मी-11ने 42 रन ही बना पायी। जिसमें मैन ऑफ दा मैच राहुल को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के चलते दिया गया। स्व. आलोक माहेश्वरी टेनिस गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता द्वितीय दिवस में स्कूल शिक्षामंत्री इन्दर सिंह परमार और भाजपा प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शर्मा, रेडक्रास उपाध्यक्ष मोहित शुक्ला, पार्षद प्रकांत तिवारी का मुख्य आतिथ्य प्राप्त हुआ।

# आदिवासी 'ए' का इन्दौर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा

## खिताबी मुकाबले में स्पोर्टिंग यूनियन को पेनल्टी शूटआउट में मात दी

इन्दौर। आदिवासी 'ए' ने बेहद रोमांचक मुकाबले में सशक्त टीम स्पोर्टिंग यूनियन को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर मोयरा सरिया इन्दौर चैंपियन ट्रॉफी इनामी जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गई इस स्पर्धा के फाइनल के पहले हॉफ में आदिवासी 'ए' के लिए आशु मावी ने गोल कर स्पोर्टिंग के खेले में हलचल मचा दी। इसके बाद स्पोर्टिंग ने भी जवाबी हमले शुरू किए और आशीष झांझरिया



ने बराबरी का गोल कर मैच में रोमांच भर दिया। खेल अपनी गति से चल ही रहा था कि आदिवासी 'ए' के उज्जवल मौर्य ने हॉफ टाइम के बाद दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। स्पोर्टिंग ने एक बार फिर हमले तेज किए और मुख्य स्ट्राइकर आशीष झांझरिया ने दो खिलाड़ियों को छकाते हुए दूसरा दर्शनीय गोल कर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। फैसले के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा, जिसमें आदिवासी 'ए' के गोलकीपर ने उम्दा प्रदर्शन कर टीम को 5-4 से जीत दिला दी। मैच के दौरान विधायक महेंद्र हार्डिया, आकाश विजयवर्गीय विधायक, गौरव रणदिवे ने टीमों से परिचय प्राप्त किया, पुरस्कार वितरित मोयरा सरिया के डायरेक्टर संदीप जैन, डॉ. तन्मय चौधरी संदीप गौड़ व गोलू कटारे ने किया। संचालन अलंकार रायकवार ने किया तथा आभार स्पर्धा सचिव अनोखी सिलावट ने माना। फाइनल मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11000 व उपविजेता टीम को 7000 रुपए एवं अनुशासित टीम डे बोर्डिंग इन्दौर टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। स्पर्धा में ललित संकत, आकाश भामोर, दीप खरे, प्रथम डांगी एवं शुभम माने को व्यक्तिगत पुरस्कार दिए गए।

# माधुरी के साथ काम करना एक सपने की तरहः रेणुका शहाणे



मुंबई। बालीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ काम करना उनके लिए एक सपने जैसा है। अभिनेत्री का निर्देशन करने को लेकर उत्साहित हूं। यह कहना है अभिनेत्री-निर्देशक रेणुका शहाणे का। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके पास एक और परियोजना है, रेणुका ने बताया, 'माधुरी के साथ काम करना एक सपने की तरह है। वह उन सर्वश्रेष्ठ सह-कलाकारों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने कभी काम किया है, और वह इतनी अच्छी इंसान हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे अभी भी लगता है कि उनकी अधिकांश प्रतिभा अभी भी टैप नहीं की गई है। मैंने हमेशा उन्हें एक दिन निर्देशित करने का सपना देखा है। मेरे दिमाग में कई विचार बन रहे हैं। लेकिन एक बार स्क्रिप्ट बनने के बाद, और मुझे लगता है कि मैं उनसे संपर्क करने के लायक हूं, तो मैं निश्चित रूप से उससे संपर्क करूंगी। बता दें कि दोनों ने बॉलीवुड की 1994 हिट फिल्म ह्यहम आपके हैं कौन और मराठी फिल्म 'बकेट लिस्ट' (2018) में साथ काम किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती की झलक भी दी है। उदाहरण के लिए, माधुरी ने रेणुका के हालिया निर्देशन 'त्रिभंगा' के लॉन्च के दौरान ट्विटर पर शुभकामनाएं दी थीं।

# फिल्म इंडस्ट्री में किसी को डेट नहीं करना चाहती तापसी



बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री में से किसी को डेट नहीं करना चाहती थीं। तापसी अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ दोनों को अलग-अलग रखना चाहती हैं। वह आजकल बैडमिंटन प्लेयर मेथियास बोये को डेट कर रही हैं। तापसी से जब पूछा गया कि उन्होंने अभी तक अपने रिलेशन को पब्लिक क्यों नहीं किया है तो तापसी का कहना था कि वह पेशेवर और निजी जिंदगी को अलग रखती हैं।

तापसी ने कहा कि जो लोग मेरे करीबी हैं, मैं हमेशा उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर उनके बर्थडे पर पोस्ट करती हूं। ऐसा ही मैंने मेथियास बोये के लिए भी किया। शादी के सवाल पर तापसी का कहना था कि जब भी मैं इस बारे में सोचूंगी तो सबसे पहले मुझे थोड़ा स्लो होना पड़ेगा। जब मैं साल में पांच-छह फिल्मों की जगह दो या तीन फि ल्में करूंगी, तभी मैं शादी के बारे में सोच सकती हूं क्योंकि तभी मेरे पास अपनी निजी जिंदगी के लिए समय निकल पाएगा। तापसी के बॉयफ्रेंड मेथियास बोये डेनमार्क से हैं और वे बैडमिंटन प्लेयर हैं। 2015 में यूरोपियन गेम्स में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। 2012 में भी मेथियास बोये ने समर ओलंपिक्स में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। खबरों की मानें तो तापसी और मैथियस काफी लम्बे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने कभी खुलकर इस बारे में बात नहीं की है। बता दें कि तापसी पन्नू बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं, जो फिल्म के कंटेंट पर खासा ध्यान देती हैं। पिछले कुछ सालों में अपने इसी चुनाव के चलते तापसी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है।



'राधे' फिल्म की एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के फैसले पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, 'राधे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है जिसको लेकर मैं काफी उत्सुक हूं। अब दर्शक इस फिल्म का आनंद बड़े पर्दे पर उठा सकते हैं।

# राधे की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं दिशा पाटनी

कोरोना और लॉकडाउन के कारण सिनेमाघरों के मालिकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए हाल ही में सलमान खान ने ये फैसला लिया कि वो अपनी अगली फिल्म 'राधेः यॉर मोस्ट वॉन्टेड भाई' को सिनेमाघरों में ही रिलीज करेंगे। उन्होंने इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला जिसमें उन्होंने सिनेमाघर के मालिकों की परेशानी को समझा और उनसे ये सुनिश्चित करने को कहा कि जो दर्शक फिल्म देखने आएं उनकी सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाए। अब फिल्म राधे सिनेमाघरों में ही ईद के वक्त रिलीज होगी।

'राधे' फिल्म की एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के फैसले पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, 'राधे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है जिसको लेकर मैं काफी उत्सुक हूं। अब दर्शक इस फिल्म का आनंद बड़े पर्दे पर उठा सकते हैं। मैं बहुत खुश हूं और फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हूं। मैं लोगों से अपील करती हूं कि वो सुरक्षित रहें और जब फिल्म सिनेमाघरों में लगे तो हर जरूरी सावधानियां बरतते हुए ही सिनेमाघरों में जाएं।' फैंस के लिए ये बेहद खुशी की बात है कि उनकी फिल्म 'राधेः यॉर मोस्ट वॉन्टेड भाई' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को प्रभुदेवा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में दिशा पाटनी सलमान खान और जैकी श्रॉफ के साथ बहुत महत्वपूर्ण किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो दिशा फिल्म में जैकी श्रॉफ की बहन का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म के अलावा दिशा पाटनी, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म विलेन-2 में जॉन अब्राहम के ऑपोजिट नजर आएंगी।

# सुशांत राजपूत केसः सेलेब्रिटी मैनेजर राहीला फर्नीचरवाला और कारोबारी करण सजनानी गिरफ्तार



नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स मामले में सेलेब्रिटी मैनेजर राहीला फर्नीचरवाला और कारोबारी करण सजनी को गिरफ्तार किया गया है। इससे ठीक पहले एनसीबी ने जगपात सिंह आनंद को गिरफ्तार किया था। ऐसा बताया जा रहा है कि जगपात सिंह करमजीत उर्फ केजे का बड़ा भाई है। करमजीत को इस मामले में पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। ऐसा बताया जा रहा है कि जगपात, केजे और अन्य के बीच कई ट्रांजैक्शन हुए हैं। जगपात ड्रग के कारोबार में शामिल था, अब एनसीबी जगपात से पूछताछ करेगी और सच बाहर लाने की कोशिश करेगी। राहीला फर्नीचरवाला और कारोबारी करण सजनी को एनसीबी के कार्यालय लाया गया। ड्रग्स मामले में वे न्यायिक हिरासत में है। इससे पहले एनसीबी ने पुष्टि की थी कि इन दोनों आरोपियों की सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में संलिप्तता हो सकती है।

बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत मामले की तफ्तीश तीन सरकारी एजेंसियां कर रही हैं, जिसमें सीबीआई, ईडी और एनसीबी शामिल है। सुशांत सिंह मामले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अपनी जांच तब शुरू की, जब प्रवर्तन निदेशालय से उसे ड्रग कंजप्शन, उसकी खरीद और चैट जैसे कुछ इनपुट मिले। 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत ने अपने बांद्रा स्थिक फ्लैट पर कथित आत्महत्या कर ली थी।

# करीना ने अपने रिश्ते को लेकर किया अहम खुलासा



बालीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर ने अपने और सैफ अली खान के रिश्ते के बारे में अहम खुलासा किया है। करीना कपूर ने अपने चैट शो व्हाट वीमेन वॉन्ट पर कुणाल खेमू को बुलाया। वहीं कुणाल ने इस बातचीत के दौरान कई दिलचस्प बातें शेयर कीं।

करीना को उन्होंने ये भी बताया कि जब सोहा से उनका झगड़ा होता है तो दोनों में से सॉरी कौन कहता है। उन्होंने कहा कि वो सबसे पहले माफी मांगते हैं। कुणाल का कहना है कि सोहा की डिक्शनरी में सॉरी तो है लेकिन वो पन्ना फट कर किसी गलत जगह लग गया है। वो कहते हैं कि- 'वो मिलता ही नहीं है, कभी मिल गया तो ऐसा लगता है कि मांइडब्लोइंग चीज हो गई है'। वहीं कुणाल की ये बातें सुनकर करीना भी बोल उठीं कि सैफ भी पहले माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा- 'मुझे लगता है कि सैफ भी सॉरी कहते हैं। वो ही हैं जो हमेशा सॉरी बोलते हैं। मुझे लगता है कि मर्द सामान्यतः ऐसा करते हैं। शायद, वो ही हैं जो हमेशा गलतियां करते हैं। इसलिए बेहतर है कि सॉरी कह दो वरना सो नहीं पाओगे'।

बता दें कि बॉलीवुड के आइडियल कपल्स में गिने जाने वाले सैफ अली खान और करीना कपूर इन दिनों अपने आने वाले नन्हे मेहमान के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं इस बीच करीना कपूर सोशल मीडिया से लेकर अपने काम तक के लिए एक्टिव बनी हुई हैं। करीना अपने चैट शो व्हाट वीमेन वॉन्ट पर कई दिलचस्प सेलेब्रिटी गेस्ट को बुलाने की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं।

# अक्षय की आने वाली फिल्में



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार कई सारी फिल्में हैं जो कि रिलीज होने की तैयारी में हैं। आइए जानते हैं खिलाड़ी कुमार के आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में।

पृथ्वीराज- ये एक एक्शन ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स बैनर के तहत होगा। फिल्म में अक्षय कुमार पृथ्वीराज चौहान का रोल प्ले करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी कर रहे हैं। फिल्म में मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर भी नजर आएंगी। इस फिल्म से वे अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं।

सूर्यवंशी- अक्षय कुमार की इस फिल्म का इंतजार फैन्स साल 2019 से ही कर रहे हैं। फिल्म ने साल 2020 की शुरूआत में जबरदस्त क्रेज बनाया था पर कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण इसमें देरी हुई और अब प्रशंसक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार खाकी वर्दी में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट कटरीना कैफ होंगी। इसके अलावा फिल्म में अजय देवगन और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे।

अतरंगी रे- अतरंगी रे फिल्म को लेकर भी अक्षय कुमार चर्चा में हैं। फिल्म में वे सारा अली खान और धनुष के साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होने की तैयारी में है। फिल्म अगले साल वैलेंटाइन के दिन यानी 14 फरवरी, 2021 में रिलीज होने की तैयारी में है। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं।

बेल बॉटम- ये फिल्म भी 2021 में रिलीज होने की तैयारी में है। फिल्म का निर्देशन रंजीत तिवारी कर रहे हैं और ये एक स्पाई थ्रिलर मूवी है। फिल्म में अक्षय के अलावा लारा दत्ता, हुमा कुरैशी और वाणी कपूर जैसी एक्ट्रेस नजर आएंगी।

## अलाया एफ ने बॉलीवुड में किया एक साल पूरा

अभिनेत्री अलाया एफ ने रविवार को अपनी पहली फिल्म 'जवानी जानेमन' में किए काम को याद किया। यह फिल्म एक साल पहले आज ही के दिन रिलीज हुई थी। अभिनेत्री ने कहा, 'मेरा मानना है कि बतौर पहली फिल्म 'जवानी जानेमन' से करियर की शुरूआत करना मेरे लिए अच्छा था। पिछले एक साल में, मुझे इस फिल्म के लिए प्रशंसा के अलावा कुछ नहीं मिला है और मैं वास्तव में खुद को धन्य महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिए पूरी शूटिंग का अनुभव ऐसे अनुभवी अभिनेता सैफ अली खान सर और तब्बू मैम के साथ करना 'अद्भुत' था। उन्होंने मेरा सही मार्गदर्शन किया और यही वजह है कि मैं प्रशंसा पा रही हूं।

# भूमि पेडनेकर ने बयां किया मुंहासों का दर्द



सोशल मीडिया पर अपने मुंहासों के बारे में बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने खुलकर बात की। भूमि ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया, जहां वह गाल पर अपने पिंपल की ओर इशारा करती हुई नजर आ रही हैं। शेयर वीडियो को उन्हें कैप्शन देते हुए लिखा, 'सुबह के 5:40 और तुम्हें फिर से देखकर खुश नहीं हूं।' इससे पहले भी भूमि ने सोशल मीडिया पर फैंस को बताया था कि वह अपने पिपल्स से काफी परेशान हैं। अभिनेत्री ने 'बधाई दो' के सेट से राजकुमार राव की एक वीडियो शेयर की, जहां वह क्रिकेट मैच खेलते हुए दिखाई दे रहे थे। उन्होंने लिखा, 'हर वक्त टाइम पास।' बता दें कि भूमि सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वह हर छोटी बडी बातें अपने फैंस से शेयर करती है।







